सूर्योदय : 6:20
सूर्यास्त : 6:12
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 19.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-258 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 11 मार्च 2025
10 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## योगी कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला, 19 प्रस्तावों पर मंजूरी

# यूपी में 17 मार्च से शुरू होगी गेहूं की खरीद, सरकार ने एमएसपी बढ़ाई


**किसानों को बड़ा तोहफा**

- 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टाम्प पेपर होंगे चलन से बाहर
- सैफई आयुर्विज्ञान में ऑब्स एंड गायनी ब्लॉक का रास्ता साफ
- राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजना को मिला दो साल का विस्तार

### बंद पड़ी कताई मिलों पर स्थापित होंगे नये उद्योग

**लखनऊ।** योगी सरकार की मंत्रिमण्डल की बैठक में 19 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। सोमवार को लोकभवन में आयोजित बैठक के उपरांत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।बैठक में बलिया में स्वतंत्रता सेनानी चित्तू पांडेय के नाम पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण, आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम और द्वितीय कॉरीडोर के लिए भूमि हस्तांतरण, स्मार्ट सिटी योजना का विस्तार और केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है।

मंत्रिमण्डल ने स्टांप को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। 10,000 से 25,000 मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में 5,630 करोड़ रुपये से अधिक के स्टाम्प को बीड आउट किया जाएगा। पुराने स्टाम्प 31 मार्च 2025 तक मान्य होंगे। उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए लिया गया है।केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी, जिसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में लगभग 6,500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 14.05 एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांतरण को मंजूरी दी गई। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गई है।



### स्मार्ट सिटी के अधूरे प्रोजेक्ट पर योगी सरकार ने समय सीमा बढ़ाई



### यूपी में बढ़ेगा जमीनों का सर्किल रेट

उत्तर प्रदेश में जमीनों के पुनरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है। 15 महीने में 37 जिलों में यह पूरा कर लिया गया है। अन्य जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। योगी सरकार इसे प्राथमिकता पर कर रही है। जिन जिलों में वर्षों से जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ, वहां प्राथमिकता पर इसे पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है। वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है। जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का किसानों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। किसानों को ध्यान में रखते हुए सर्किल रेट के पुनरीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।

### योगी सरकार के फैसले से सैफई के लोग खुश

सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 300 बेड के गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति देने पर सहमति बन गई। सैफई मेडिकल कॉलेड का बजट 1 अरब 76 करोड़ रुपये है। यहां 300 बेड और जोड़े जाएंगे।

### हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।** करीब एक महीने के अंतराल के बाद संसद के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई है। सत्र के दूसरे भाग के पहले कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस देखने को मिली है।

वहीं लोकसभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक मांग रखी कि पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। सभी विपक्षी दल वोटर लिस्ट पर सवाल उठा रहे हैं। अब पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी ने मामले में कहा, हम आपकी टिप्पणी को स्वीकार करते हैं कि सरकार मतदाता सूची नहीं बनाती है। लेकिन हम इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, देश भर में मतदाता सूची पर सवाल उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। वहीं इस मामले में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, चुनाव आयोग सरकार के हाथ में है... अगर लोकतंत्र ऐसे ही चलता रहा और चुनाव आयोग सरकार के लिए पैरवी करता रहा तो जो नतीजे आएंगे वो आपके सामने हैं अगर यही व्यवस्था चलती रही तो ये लोकतंत्र नहीं बल्कि दिखावा है... हमें कई सालों से शक है... जमीन पर क्या होता है ये सबको पता है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद और बर्दवान संसदीय क्षेत्रों और हरियाणा में एक ही ईपीआईसी (चुनावी फोटो पहचान पत्र) संख्या वाले मतदाता मौजूद हैं। टीएमसी ने कहा कि तृणमूल का एक प्रतिनिधिमंडल मतदाता सूची पर चिंताओं को उठाने के लिए नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त से मिल रहा है। उन्होंने मतदाता सूचियों में व्यापक संशोधन की भी मांग की, खास तौर पर अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले।

# देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे : राहुल



- वोटर लिस्ट और एनईपी पर विपक्ष का सवाल
- हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं
- मतदाता सूची में कुछ खामियां हैं

## ईडी की टीम पर हमला

### बघेल के घर पर ईडी ने की कार्रवाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई स्थित आवास से ईडी की टीम कार्रवाई कर जब वापस लौट रही थी, उस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा करते हुए ईडी की गाड़ी पर पथराव और तोड़फोड़ किये। कार्यकर्ताओं ने ईडी के अधिकारियों के साथ जमकर धक्का-मुक्की और झड़प की। इतना ही नहीं कई कार्यकर्ता ईडी की गाड़ी के नीचे भी लेट गए थे। पुलिस बार-बार कार्यकर्ताओं को हटा रही थी, इसके बाद भी गुस्साये कार्यकर्ता गाड़ी पर मुक्का मारते दिखे। लगभग 11 घंटे की पूछताछ के बाद जब भूपेश बघेल जब अपने आवास के बाहर आए उसे समय उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। रेड के दौरान उनके समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने ईडी की कार्रवाई की जमकर विरोध किया।


## उत्तरी सागर में बड़ा हादसा, दो जहाजों के टकराने से 23 की मौत

**लंदन।** उत्तरी इंग्लैंड के तट के नजदीक उत्तरी सागर में एक तेल टैंकर और मालवाहक जहाज के बीच सोमवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। ब्रिटेन के ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के प्रमुख ने बताया कि हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ब्रिटिश आपात सेवा के मुताबिक, हादसे के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई। बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है।

### चालक दल के कुछ सदस्य अब भी लापता

ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टिन बॉयर्स ने बताया कि 13 शवों को विंडकैट 33 जहाज से लाया गया, जबकि 10 अन्य शवों को बंदरगाह पायलट नौका से लाया गया। चालक दल के कुछ सदस्य अब भी लापता हैं। ब्रिटेन की समुद्री एवं तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि कई जीवनरक्षक नौकाएं, एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले निकटवर्ती जहाजों को उत्तरी सागर में घटनास्थल पर भेजा गया है। आरएनएलआई लाइफ बोट एजेंसी के मुताबिक, ऐसी खबरें हैं कि टक्कर के बाद कई लोग जहाज से कूदकर बचने की कोशिश करते पाए गए। इस बीच दोनों जहाजों में आग लग गई। तीन जीवनरक्षक नौकाएं तट रक्षक बल के साथ मिलकर घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य कर रही हैं।






10 रमजान, 11.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
| --- | --- |
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 57 | 06 : 14 |

| शिया हज़रात | |
| --- | --- |
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 50 | 06 : 25 |

# संभल जामा मस्जिद की बाहर से पुताई जरूरी है या नहीं: हाईकोर्ट

- एएसआई से मांगा हलफनामा
- राज्य सरकार से 1927 के करारनामे की प्रति मांगी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से पूछा है कि संभल जामा मस्जिद में बाहर से पुताई की आवश्यकता है अथवा नहीं, और यदि है तो उसे बाहर से पुताई कराने में क्या परेशानी है? कोर्ट ने इस संबंध में हलफनामा मांगा है। साथ ही राज्य सरकार को कलेक्टर व मस्जिद कमेटी के बीच वर्ष 1927 में हुए करारनामे की प्रति उपलब्ध कराने के लिए कहा है। प्रकरण में अब बुधवार 12 मार्च को फिर सुनवाई होगी। एएसआइ से कहा गया है कि वह बाहर से पुताई को लेकर अपनी रिपोर्ट देंगे। इसे लेकर मस्जिद में अंदर जाने की जरूरत नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दिया है। एएसआइ की तरफ से अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर संभल जामा मस्जिद परिसर में सफाई हो गई है। सफेदी-मरम्मत के संबंध में एएसआइ की रिपोर्ट पर संभल जामा मस्जिद की इंतेजामिया कमेटी की तरफ से आपत्ति दाखिल की गई थी। एएसआइ ने भी इस पर अपना जवाब दाखिल किया है। साथ ही कोर्ट ने पूर्व में पारित अंतरिम आदेश बढ़ा दिया है। पिछली तिथि पर इंतेजामिया कमेटी की ओर से सीनियर एडवोकेट एसएफए नकवी एवं अधिवक्ता जहीर असगर ने एएसआइ की रिपोर्ट के जवाब में आपत्तियों के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत किया था।

# युवा नौकरी की मानसिकता बदलें : द्रौपदी

### राष्ट्रपति ने 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा' प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

- देश के विकास में हर गांव तक तकनीक पहुंचना जरूरी
- चुनौती को अवसर में बदलें युवा : राष्ट्रपति



**हिसार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षा जीवन मूल्यों को विकसित करने का माध्यम है। शिक्षा से सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक होते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ तकनीक को समझाने की जरूरत है। युवा पीढ़ी को बदलती वैश्विक मांगों को लेकर तैयार रहना चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भी चुनौतीपूर्ण कार्य है।

देश के संतुलित एवं सतत विकास के लिए यह भी आवश्यक है कि शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी का लाभ गांवों तक पहुंचे। देश के विकास के लिए हर गांव तक तकनीक का पहुंचना जरूरी है। युवाओं को चुनौती को समझ कर उसे अवसर में बदलना होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजवि) के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुईं। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने की। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई। 2090 विद्यार्थियों को भी डिग्रियां प्रदान की गई। इसके बाद राष्ट्रपति ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित 'समग्र कल्याण के लिए आध्यात्मिक शिक्षा' प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। उन्होंने पौधरोपण भी किया। युवाओं से आह्वान-सभी को समझाएं शिक्षा का महत्व राष्ट्रपति ने कहा कि गुजवि ने शोध पर ध्यान दिया हुआ है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान सभी को शिक्षा का महत्व समझाएं और शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। उच्च शिक्षण संस्थानों में किए जाने वाले विश्व स्तरीय शोध भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अभिनव विचारों से युवा खोज सकते सामाजिक समस्याओं का समाधान राष्ट्रपति ने कहा कि उद्यमिता विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद कर सकती है। एक उद्यमी के रूप में युवा अपने अभिनव विचारों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूंढ़ सकते हैं और समाज की प्रगति में योगदान दे सकते हैं।



# महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन की पहचान होगा आकांक्षा स्टोर

### प्रदेश की आकांक्षा अध्यक्ष और मंडलायुक्त ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए लखीमपुर खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल के तहत ÷आकांक्षा स्टोर÷ की स्थापना की गई, जो स्वयं सहायता समूहों (SHG) के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की छह उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कार्यों से अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्थापित की है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप्र की आकांक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि लखीमपुर खीरी की महिलाएं अब अपने उत्पादों को बेहतर मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगी और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करेंगी। आकांक्षा समिति का यह प्रयास महिला उद्यमिता को नया आयाम देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। आकांक्षा स्टोर महिलाओं के लिए नए दरवाजे खोलेगा और उनके सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा मुझे यहां आकर गर्व की अनुभूति अनुभव हो रही है। उन्होंने आकांक्षा समिति लखीमपुर खीरी के महिला कल्याण, महिला सशक्तिकरण, विकास में महिलाओं की भूमिका के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। यहां की समूह की महिलाएं विकास की गति के साथ आगे बढ़े। मुझे खुशी है कि एक छत के नीचे एक साथ कई समूह को समायोजित होते हुए देखना, जहां उनके सारे सपने पूरे हो रहे हैं। उन्होंने लखनऊ में आयोजित आकांक्षा हॉट कार्यक्रम में समूह से जुड़ी महिलाओं की संस्मरण सुनाया। उन्होंने कहा कि आकांक्षा स्टोर में उपलब्ध उत्पादों की गुणवत्ता को प्रभावित होकर कई उत्पादों की खरीद की। इस आकांक्षा स्टोर में असीम संभावनाएं है। इसकी आवाज और आग़ाज़ बहुत दूर-दूर तक जाएगी कार्यक्रम में आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए आकांक्षा स्टोर एक क्रांतिकारी कदम है। यह न केवल महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि स्थानीय बाजार को भी मजबूती प्रदान करेगा।÷ उम्मीद जताई की कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा आकांक्षा समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्व-रोजगार और उद्यमिता के लिए अवसर प्रदान करना है। यह समिति न केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है, बल्कि महिला समूहों को कौशल विकास, विपणन रणनीति और आर्थिक स्थिरता की दिशा में भी मार्गदर्शन देती है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आकांक्षा समिति महिलाओं के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। इसका प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों को बाजार तक पहुंच और सही मूल्य मिले, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के लिए आकांक्षा स्टोर एक महत्वपूर्ण पहल है। अब तक जिले में कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं था, जिससे महिलाओं को अपने उत्पादों के सही दाम मिल सकें। यह स्टोर स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेगा सीएलएफ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डीएम ने बताया कि आकांक्षा स्टोर के संचालन की जिम्मेदारी विकास प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति (सीएलएफ) को सौंपी गई है।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम का सफल संचालन एसडीएम श्रद्धा सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, रेनू मिश्रा, अमिता यादव, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, आकांक्षा समिति की संयुक्त सचिव नमिता श्रीवास्तव के साथ सम्मानित सदस्य मौजूद रही।

### गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय, अफसरों की ली बैठक

# गौमाता हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग : उपाध्याय

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार गौ सेवा आयोग के मा. सदस्य रमाकांत उपाध्याय जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे, विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में गो संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा. सदस्य ने कहा कि गाय हमारी माता है और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। गाय का दूध लाभदायक होने के साथ-साथ उसके गोमूत्र एवं गोबर से भी अनेकों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। गौशाला में गाय गोबर से बायोगैस के छोटे यंत्र लगाया जाए। इस कार्य हेतु ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित की जाए, जिसमें ग्राम प्रधानों एवं समाजसेवियों को शामिल कर अपने गांव में गाय के गोबर से संचालित किए जाने वाले बायोगैस यंत्र स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाए और उनसे होने वाले लाभ के संबंध में अवगत कराया जाए। बायोगैस यंत्र से निकले गोबर से निर्मित खाद जैविक खेती के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा की सहभागिता योजना से लाभान्वित समस्त लाभार्थियों के यहां छोटे बायोगैस यंत्र स्थापित कराए जाएं बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी गौशालाओं में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गौशालाओं पर नियमित निगरानी हेतु समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और उनकी नियमित कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही।बैठक के प्रारंभ में सीवीओ डॉ दिनेश सचान ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 140 गौ आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया गया है। सभी गो आश्रय स्थलों में गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा भूसा एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जनपद में पांच वृहद गौशालाएं निर्माणाधीन है, जिसमें लगभग तीन पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने अवगत कराया की सहभागिता योजना के तहत 11178 गोवंशों को सुपुर्दगी में दिया गया है। सभी लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से योजना का लाभ प्रदान किया बैठक में डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, सभी बीडीओ, सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ, गोला नगर पालिका परिषद, अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र,गन्ना विकास समिति अर्निखाना अध्यक्ष अशोक अवस्थी, दुग्ध संघ के डायरेक्टर रमेश चंद्र मिश्र, संगठन मंत्री भूपेंद्र रविंद्र कटियार, नीरज सिंह, विनीत भदोरिया इत्यादि मौजूद रहे।

# एसपी ने तीन दरोगाओं को किया निलंबित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव कस्बा में शनिवार रात फल खरीदने के विवाद के बाद दो समुदायों के लोग भिड़ गए थे। जमकर बवाल हुआ था। इस मामले में एसपी ने तीन दरोगाओं को निलंबित किया है। पुलिस ने घायल की तहरीर पर फल विक्रेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है कस्बा निवासी अनूप शनिवार की देर शाम चौराहे पर फल खरीदने गए थे। शकील की दुकान पर खरीदारी के समय किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसको लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई। घटना में अनूप को चोटें भी आईं। फल विक्रेता ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के सामने उसकी दुकान में तोड़फोड़ होती रही, लेकिन पुलिस ने रोकने का प्रयास तक नहीं किया एएसपी नैपाल सिंह ने रविवार की सुबह मौका मुआयना किया। प्रथामिक जांच के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आने पर नीमगांव थाने में तैनात एसएसआई शशिकांत दुबे, दरोगा वेद प्रकाश और रामवीर सिंह पर कार्रवाई की है।इधर, घायल अनूप के पिता राकेश की तहरीर पर नीमगांव के प्रधान के पुत्र समेत सात लोग शरीफ, शकील अहमद, भुटानी उर्फ़ वकील, शाबान, आरिफ, उस्मान और सलमान सिद्दीकी खिलाफ मारपीट बलवा और एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने फल विक्रेता शकील, सलीम और मोहम्मद वकील का शांतिभंग की आशंका में चालान भेजा। वहीं दोनों पक्षों के 30 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है।हिंदू संगठन के लोग थाने पहुंचेहिंदू युवा वाहिनी जिला प्रभारी विपिन मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद से आचार्य संजय मिश्रा, तहसील अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी पीयूष जायसवाल और राम पांडे, सत्येंद्र शुक्ला, रचित मिश्रा, सनी गोस्वामी अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे।

### कार और बाइक में हुई टक्कर, बाइक चालक की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के सैधरी मोड़ पर सोमवार को कार और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार दो छात्र भी मामूली रूप से चोटिल हुए। मौके पर पहुंची पुलिस घायल बाइक चालक को जिला अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना फूलबेहड़ के गांव परागीपुरवा निवासी हरिशंकर (28) पुत्र रामविलास सोमवार की सुबह करीब नौ बजे बाइक से मोहम्मदी जा रहा था। सैधरी मोड़ के पास कार और उसकी बाइक में सामने से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार में सवार दो छात्रों को भी मामूली चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों के स्कूल भेजते हुए घायल बाइक चालक को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# सच की आवाज उठाने वाले सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई को पत्रकारिता की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी

### ■ सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद की ओर से मृतक पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की आस्मिक मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की गई

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार को गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद के समस्त मीडिया कर्मियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार करने, पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए की सहायता राशि देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की हैं। आपको बता दें उत्तर प्रदेश में आए दिन पत्रकारों के उत्पीड़न का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। कभी पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी जाती है तो कभी पत्रकार के परिवार को डराया व धमकाया जाता है यहां तक की पत्रकार को कभी-कभी पीड़ित की आवाज उठाना व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाना भी मुश्किल में डाल देता है और इसके बदले कभी-कभी उसे अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के साथ घटित हुआ। पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की बाइक पर चलते हुए हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी के मद्देनजर सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद के पत्रकारों ने नायब तहसीलदार नजीबाबाद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की हैं कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई व उनके परिवार वालों की मदद की जाय और आरोपियों को सजा देकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। अगर भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा अपराध पत्रकारों के साथ करता है तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाहीं होनी चाहिए जिससे इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लग सके। नजीबाबाद सिटी प्रेस क्लब के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आरोपियों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई करने एवं मृतक के परिजनों को समय से उचित मुआवजा राशि देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

# क्षेत्राधिकारी धौरहरा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग का किया गया आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग के दौरान क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्राम प्रधान व सभी धर्मों के धर्मगुरु मौजूद रहे। इस दौरान सभी से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारा, समरसता, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की अपील की गई। किसी प्रकार का विवाद न होने दे। त्योहारों पर अशान्ति व उपद्रव करने वाले अराजक तत्वो की पहचान करके तुरंत सूचना दें। कोई नई परंपरा न डालें नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाह एवं झूठी व भ्रामक खबरों को प्रचारित/प्रसारित नहीं करने तथा किसी भी प्रकार की घटना के संबंध में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से नाले में गिरे बाइक सवार युवक का शव बरामद

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में दहौरा नाला पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नाले में गिरे बाइक सवार युवक का शव सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। वह गहरे पानी में गिरने से डूब गया था। चार दिन बाद उसका शव निकाला जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के खरवहिया नंबर एक से पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार को बरात गई थी। बरात से लौटते समय दो बाइकों पर सवार चार युवकों को अज्ञात वाहन ने दहौरा नाला पुल पर टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार कौशल, आयुष्मान निवासी भौव्वापुर व लवकुश निवासी अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था मनोज (20) पुत्र तेज नरायन निवासी तेलियनपुरवा गहरे पानी में गिरने से डूब गया था। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई, लेकिन गहरा पानी होने के चलते पता नहीं चल सका। शनिवार शाम से पीएसी के गोताखोरों ने मोटरबोट से उसकी तलाश शुरू की। सोमवार सुबह नाले से शव बरामद कर लिया।

# आग लगने से 32 लोगों के जले घर, गृहस्थी, नगदी और राशन आदि जलकर खाक

**लखीमपुर-खीरी।** निघासन तहसील के जम्हौरा गौढ़ी (मंझरा पूरब) गांव में आग लगने से 32 घर जल गए। अग्निकांड में लोगों की गृहस्थी, नगदी और राशन आदि जलकर खाक हो गया। गनीमत रही आग में जनहानि और पशु हानि नहीं हुई है। तहसील और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में लगा रहा। गांव में आग सोमवार दोपहर लगी। उस समय गांव के ज्यादातर लोग खेतों में काम करने गए थे। अचानक लगी आग थोड़ी ही देर में पूरे गांव में फैल गई और 32 घरों को जलाकर राख कर दिया। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई लेकिन उसके आने से पहले ही 32 घर जल गए। आग में लाखों रुपयों की नगदी समेत घरेलू समान स्वाहा हो गया। एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार भीमचंद, नायाब तहसीलदार हरीराम मौर्य, लेखपाल सुरेंद्र वर्मा के अलावा पढ़ुआ एसओ पुष्पराज कुशवाहा मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। ग्राम प्रधान रामपाल यादव ने बताया कि अग्निकांड में चंद्रिका, प्रमोद, अखिलेश, संतोष, प्रेम चंद, मधुवन, रमाकांत, मेवालाल, हेमराज, रोहित, अंगद, केशवराम, राममोहन, मनोहर, रामकुमार, संजय, सुशील, बैजनाथ, राममूर्ति, पूरन, गुड्डू, बेंचेलाल, नीरज, इंदर, कमलेश, राजेश सहित 32 लोगों के घर जले हैं। इनमें से कई लोगों की घर में रखी हजारों की नगदी भी जल गई।

### कमिश्नर व आईजी किया पैदल रूट मार्च

**बदायूं।** आगामी होली के त्योहार पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टिगत मंडलायुक्त एवं आईजी द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं आईजी डॉ. राकेश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा होली पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस के साथ पर्वो को मनाया जाए। बैठक में जुलूस मार्ग इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सभी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से भाई चारे की भावना से मनाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने एवं गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित कर आवश्यक चर्चा करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सड़क सुरक्षा से संबंधित साइन बोर्ड न लगने पर डीएम साहिबा हुई नाराज़

### ■ संबंधित अधिकारियों को साइन बोर्ड लगाने की दिए आदेश, समय से न लगने पर होगी कड़ी कार्रवाइः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर समुचित संख्या में सड़क सुरक्षा से संबंधित साईन बोर्ड न लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए कि तत्काल आवश्यकता के अनुसार साईन बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें तथा उनके फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल/कॉलेजों में गठित सड़क सुरक्षा क्लब को गुणवत्ता पूर्वक संचालित करें तथा नियमित रूप से बैठकों का आयोजन करें तथा उक्त बैठकों में अभिभावकों को आमंत्रित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा भी PTM के अवसर पर भी अभिभावकों को अपनी बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों का शत-प्रतिशत रूप से पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों एवं कालेजों तथा आस-पास के मुख्य स्थानों पर यातायात के नियमों की जानकारी एवं उनका अनुपालन से संबंधित वाल पेंटिंग कराना सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी द्वारा कलेक्टर स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि अत्यंत चिंता जनक है, जिस पर नियंत्रण किया जाना अवश्य है ताकि जनसाधारण की जान व माल की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पैट्रोल पम्पों द्वारा बिना हैल्मेट का प्रयोग करने वाले दुपहिया वाहन चालकों को पैट्रोल उपलब्ध कराए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि उक्त निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पैट्रोल पम्पों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों पर आधारित एक टीम का गठन किया जाए, जो सड़क दुर्घटना स्थल का भ्रमण कर दुर्घटना की जांच करें तथा ऐसे स्थानों का भी निरीक्षण करें जहां ज्यादा सड़क हादसे होते हैं। उक्त टीम को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, संभावनाओं, शंकाओं का गहनता के साथ पता लगाने तथा उन पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने संबंधी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# हुलियारो ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया तथा डीजे के साथ जमकर ठुमके लगाए

### ■ हुलियारो ने एक दूसरे के रंग लगाकर रंग एकादशी की शुभकामनाएं दी



**अफजलगढ़।** नगर में एकादशी का रंग जुलूस ढोल नगाड़े के साथ बड़ी धूमधाम के साथ निकाला गया। हुरियारे ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया ओर डीजे की धुन पर जमकर थिरके रंग की मस्ती में झूमते हुए एक दूसरे के रंग लगाकर रंग एकादशी की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। सोमवार को नगर के मौहल्ला चिरंजीलाल से प्रारंभ होकर एकादशी का जुलूस शुरू हुआ। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जुलूस होली चौक,मुख्य बाजार,ढाली बाजार होता हुआ बड़ा शिव मंदिर पहुंचा वापस गौहर अली खां होता हुआ वापस मौहल्ला चिरंजीलाल में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान लोगों ने खूब गुलाल उड़ाया। होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी ने पुजारी पंडित मुकेश जगमोला ने विधिवत पूजा अर्चना कराकर होली एकादशी रंग जुलूस को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। जहां हुलियारो ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया तथा डीजे के साथ जमकर ठुमके लगाए। अनेक स्थानों पर जूलूस का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार,कांस्टेबल प्रदीप कुमार,कांस्टेबल विशाल मलिक,हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार,कांस्टेबल राहुल चौधरी तथा कांस्टेबल अभिषेक ढाका आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जुलूस में होली समिति के अध्यक्ष नीरव रस्तोगी के आलावा संदीप माहेश्वरी,संजय जोशी, मुकेश शर्मा,सुशील रस्तौगी,निर्मल चिलवाल, गौरव गुप्ता, भीम सिंह रावत,पिंटू जोशी,अमित गुप्ता, हरिश्चंद्र कर्णवाल, विपिन जोशी, मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, मुकेश काम्बोज, नितिन विश्नोई मंयक लोहिया, गगन रस्तोगी आदि शामिल रहे।

# मासूम बच्ची का अपहरण करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र से विगत दिनों हुए मासूम के अपहरण मामले में एसओजी एवं थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अपहरण में लिप्त अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को थाना उसहैत क्षेत्र से एक डेढ़ वर्षीय बालिका का अपहरण कर लिया गया था इसके बाद उसके परिजनों द्वारा थाना पर पहुंच कर इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।मामला पंजीकृत होते ही पुलिस पूरे एक्शन मोड में आ गई थी।मामले के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना पुलिस के साथ-साथ एसओजी तथा सर्विलांस टीम को लगाया गया था। पुलिस मामले के वर्कआउट के लिए गहनता से जुटी हुई थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण अपहरणकर्ता थाना उझानी क्षेत्र में अपहृत बच्ची को छोड़कर फरार हो गए थे। जिसे शनिवार को पुलिस ने ग्राम नसरूल्लापुर से सकुशल बरामद कर लिया था। पुलिस का दावा है कि रविवार को पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बच्ची को अपहरण करने वाले गिरोह के दो सदस्यों सागर कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी वार्ड नंबर 01 कस्बा सखानू थाना अलापुर तथा अमन पाल पुत्र निरंजन पाल निवासी ग्राम पड़ौलिया थाना कुंवरगाँव को थाना उसहैत क्षेत्र के अटैना पुल के पास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि इनका एक साथी यशपाल पुत्र सूरजपाल मौके से फरार हो गया था जिसे पुलिस द्वारा बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वह तीन महिलाओं गायत्री, छोटी,कुसुम के साथ मिलकर छोटे बच्चों का अपहरण कर लेते हैं।

### मालवीय आवास गृह पर भाकियू चढूनी द्वारा की गई मासिक पंचायत,सौंपा ज्ञापन

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) द्वारा मालवीय आवास गृह पर मासिक पंचायत का आयोजन कर जनहित से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा की गई।जिसके बाद संगठन द्वारा जिलाधिकारी को संबधित छह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। मासिक पंचायत में बोलते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन डालने के तुरंत बाद सड़क का मरम्मत कार्य होना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गर्मी का मौसम आने से पूर्व ही बिजली विभाग बिजली घरों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता को खपत अनुसार अभी से तैयारी कर ले। ज्ञापन में संगठन की ओर से कहा गया है कि बदायूं जिला चिकित्सालय में हृदय रोग का एक भी डॉक्टर नहीं है जो एक बड़ी समस्या है।

# खुलासाः कलयुगी पत्नी ने अवैध संबंधों के चलते आशिकों से करवा दी पति की हत्या

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र में विगत दिनों हुई ईंट भट्ठा मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्या के मामले से पर्दा हटा दिया है।पुलिस जांच में मृतक की पत्नी ही पति की हत्या की मास्टरमाइंड निकली है,उसने ही अपने आशिकों के साथ मिलकर पति की हत्या करवाई थी। गौरतलब है कि विगत दिनों आलापुर थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठा मजदूर रामवीर की लाश मिली थी,जिसके गले में अंगोछा लिपटा हुआ था। हत्या के इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।हत्या के इस मामले में पुलिस ने हरवीर पुत्र मेहरबान एवं राजपाल पुत्र डोरी लाल तथा मृतक की पत्नी शिखा उर्फ दुर्गा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में हरवीर द्वारा पुलिस को बताया गया है कि रामवीर की पत्नी शिखा से उसके तथा राजपाल के अवैध संबंध हो गए थे। जिसकी जानकारी उसके पति रामवीर को हो गई थी जिस पर मृतक की पत्नी शिखा ने हमें एट भट्टे पर बुलाकर कहा कि मेरे पति को रास्ते से हटा दो यह हमारे बीच में रोड़ा बन रहा है यह मुझे शादी से ही पसंद नहीं था।यहां हमने बैठकर शराब पी शिखा ने कहा इसके बाद मैं हरवीर से शादी कर लूंगी। हम तीनों ने भट्टे पर बैठकर ही रामवीर की हत्या की योजना बनाई।अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि शिखा ने कहा कि हमारे गांव मे लहटा कट रहा है मौका सही है वही आजा तो मै अपनी मो0सा0 से खेत पर ही पहुँचा और मै भी शिखा उर्फ दुर्गा के साथ लहटा कटवाने लगा और हमने वही लहटा कटवाते समय योजना अनुसार हत्या करने की बाते की । लहटा कटवाने के बाद मै अपने घर आ गया था कि समय करीब 05 बजे शाम को दुर्गा ने मुझे पुनः फोन किया कि तुम मुझे लेने आ जाओ तो मै अपनी मो0सा0 लेकर ग्राम चितौरा धनौरा आ रहा था कि रास्ते मे रामवीर साइकिल से व बच्चे व दुर्गा पैदल पैदल आ रहे थे । मैने दुर्गा व उसके बेटे सुमित को मो0सा0 पर बैठा लिया और उन्हे अलापुर छोड दिया थोडी देर बाद अन्य तीनो बच्चो किसी की मो0सा0 पर बैठकर अलापुर आ गये और रामवीर भी पीछे पीछे साइकिल से आ गया।

### अग्रबन्धु समन्वय समिति द्वारा मनाया गया फूलो भरा होली मिलन एवं सम्मान समारोह

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** अग्रबन्धु समन्वय समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह महा लक्ष्मी मंदिर बल्केश्वर में मनाया गया। जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश गर्ग अध्यक्ष लघु उद्योग भारती निगम लिमिटेड स्वागत अध्यक्ष प्रेम चंद्र बंसल, सौरभ बंसल घी वाले एवं उद्घघाटन कर्ता डॉ सचिन गोयल, राम प्रकाश ज्वेलर्स, पार्षद मुरारी लाल गोयल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्व्लन कर किया गया। इसके उपरांत समिति के संरक्षकों एवं महिला पुरुष सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वृन्दावन की मंडली द्वारा ब्रज की होली एवं संगीत के साथ सभी ने इस उत्सव का भरपूर आनद लिया। होली मिलन समारोह में आये सभी सदस्यों का चन्दन लगा कर स्वागत किया गया एवं सभी को ठंडाई, मंगोड़े एवं समोसे से जलपान भी कराया गया। समिति के अध्यक्ष वी के अग्रवाल ने बताया कि होली का त्यौहार चन्दन की खुशबु एवं फूलो की महक बाटने का पर्व है।

### आगरा में चैंपियंस ट्रॉफी मैच देख रहे युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र में रविवार रात भारत और न्यूजीलैंड का मैच देख रहे बीटेक छात्र सिद्धांत गोविंदम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। छात्र तीन दोस्तों के संग मैच देखने आया था तभी बाइक सवार हमलावर आए। उन्होंने मैदान में खड़े होने का कारण पूछा और रुपए मांगे। जब छात्र और उसके दोस्तों ने विरोध किया तो बाइक सवारों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने छात्र को चाकू से गोद डाला इसके बाद हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। छात्र की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई हैं। जानकारी के मुताबिक, वारदात रात करीब साढ़े 9 बजे की है। आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-7 निवासी 24 वर्षीय सिद्धांत गोविंदम रविवार रात कॉलोनी के शुभम गुप्ता, शशांक राना और सिद्धांत राना के साथ शास्त्रीपुरम स्थित जेसीबी चौराहे पर गए जहां पर मैदान में खड़े होकर चारों युवक मोबाइल पर क्रिकेट मैच देख रहे थे। शुभम गुप्ता और शशांक राना ने सिकंदरा थाना पुलिस को बताया कि हम सभी मोबाइल पर मैच दे रहे थे तभी एक बाइक पर तीन युवक आए। उन्होंने पहले ये पूछा, यहां पर क्या कर रहे हो इसके बाद तीनों युवकों ने हम चारों से रुपए मांगे।

अवधनामा



# नगर पालिका परिषद बांसी बोर्ड की बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** नगर पालिका परिषद बांसी बोर्ड की बैठक सोमवार को संपन्न हुई।बैठक मे अगले वित्तीय वर्ष का बजट भी पारित किया गया। इस प्रस्ताव मे 31 करोड़ रुपए से नगर का कायाकल्प होगा। बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि नगर के विकास के लिए वह पूरी निष्ठा के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में नगर की सभी प्रमुख सड़कों का कायलकल्प हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को जल्द ही जलनिकास की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। बैठक मे चालू वर्ष 2024 - 25 का आय 296522005 व 172379578 व्यय का बजट पेश हुआ तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2025- 26 का अनुमानित आय व व्यय 311070000 का बजट नगर के विकास के लिए पेश हुआ जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक मे ईओ मुकेश कुमार, सभासद बरकत अली राईनी,अरुण गुप्ता, प्रतिमा वर्मा, शमा आरा, मीना देवी, परमात्मा,पप्पू मौर्य,अकरम अली पप्पू,अशफाक अहमद रवि अग्रहरी, शकील खान,मोमिना खातून, बुधिराम प्रजापति,अकबर अली सत्यनारायण मौर्य, खालिद खान, साकिर अली, मैना देवी, आशा यादव श्यामबाबू, धुचन्द्र, ज्योति चौधरी, अनुराधा चौधरी, लिपिक जमील अहमद अमरेन्द्र कुमार, करीम आदि मौजूद थे।

# राघवेंद्र की हत्या के संबंध में भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**काकोरी लखनऊ।** भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी लखनऊ को ज्ञापन सौंपा। सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र बाजपाई की हत्या करने वाले दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तार करने तथा मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी एवं पारिवारिक जनों को एक करोड रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में दिलाए जाने की मांग की। सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या किए जाने से हर वर्ग में रोष व आक्रोश है।

व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की हत्या होना बहुत ही शर्मनाक एवं दुखद घटना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज ने कहा कि जब-जब पत्रकार किसी भ्रष्टाचार घूसखोरी या घोटाले की खबर छपता है तब तब उसे पर अपराधी प्रवृत्ति के लोग या तो उसकी हत्या कर देते हैं या फिर कुछ षड्यंत्र रचकर फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा देते हैं यह बहुत ही घोर अन्याय है। कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है और वह समाज के सामने सच को दर्शाता है ऐसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को दबाना एवं कुचलना घोर अन्याय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई का पूरा परिवार इस समय घनघोर दुख एवं संताप के घेरे में है और उनकी जान भी खतरे में है इसलिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी शासन प्रशासन की बनती है उन्होंने सरकार से मांग करी कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए एवं क्षतिपूर्ति के रूप में एक करोड़ रूपया अति शीघ्र उपलब्ध कराया जाए इसके अलावा पत्रकार की सुरक्षा के संबंध में जो कानून बनाए गए हैं उनको जमीनी धरातल पर उतार कर पत्रकारों की रक्षा सुरक्षा प्रदान की जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की कि पत्रकार के हत्यारे की अति शीघ्र गिरफ्तारी की जाए एवं पत्रकार द्वारा घोटाले की जो खबर प्रकाशित की गई थी उसकी गहन जांच कर कर उसमें संलिप्त दोषियों को जेल भेजा जाए एवं कड़ी सजा दी जाए। उक्त कार्यक्रम में मनीष द्विवेदी राष्ट्रीय महामंत्री यश के पांडेय उपाध्यक्ष, प्रतिपाल यादव, जिला अध्यक्ष लखनऊ, सईद अहमद प्रदेश संरक्षक अध्यक्ष दुबग्गा परिक्षेत्र इशरत अली, मंत्री दुबग्गा परिक्षेत्र मोहम्मद फैज अब्दी प्रदेश उपाध्यक्ष रेहान सिद्दकी कोषाध्यक्ष दुबग्गा परिक्षेत्र शिवसरूप गुप्ता महामंत्री सुधांशु द्विवेदी सोनू यादव, पवन वर्मा, अमीर सिद्दीकी, संदीप यादव व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जीएम0 डीआईसी द्वारा बताया गया कि योजना में जनपद का 1000 का लक्ष्य है जिसमे अभी तक कुल 1037 आवेदन प्राप्त हुये है जिनमे से 314 स्वीकृत हुये है, 333 आवेदन स्वीकृति के लिये लंबित है, 390 निरस्त हुये है। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को स्वीकृत ऋण आवेदनों का वितरण 02 दिन में करने के निर्देश दिये, लंबित आवेदनों के जल्द निस्तारण के लिये निर्देशित किया व निरस्त आवेदनों का रिव्यू कर दुबारा आवेदन कराने के निर्देश दिये। बैठक में डी0 सी0 मनरेगा,उपायुक्त उद्योग, एलडी0एम0 व संबंधित अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हमना ने रखा पहला रोज़ा परिवार वालों ने दी ढेर सारी दुआएं



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** रमजान का माहौल बेहद खुशनुमा था। मस्जिदों में रौनक देखी गई, और लोग रमजान के पहले रोज़े की शुरुआत करते हुए खुद से दुआएं कर रहे थे। लखनऊ की 11 साल की छोटी सी छात्रा, हमना, ने भी अपना पहला रोज़ा रखा। उसकी यह हिम्मत देखकर पूरा परिवार गर्व महसूस कर रहा था। हमना, ए आर माटेसरी स्कूल फैज़ुल्लह गंज में कक्षा 4 की छात्रा हैं, के इस कदम ने उनके परिवार को खुशी और गर्व से भर दिया माता-पिता ने अपनी बेटी के उज्जवल भविष्य के लिए दुआएं दीं और उसकी मेहनत में सफलता की कामना की। यह उनके लिए एक खास पल था, क्योंकि पहली बार वह रोज़ा रख रही थीं और पूरे परिवार की दुआओं से उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया था। इस पवित्र महीने के साथ, हमना ने रोज़ा रखने के महत्व को महसूस किया और खुद को सुधारने, आत्म-निर्माण और की ओर कदम बढ़ाने की ठानी। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि उनके जीवन में एक नई दिशा देने वाला कदम साबित हुआ।

# नवनिर्मित हास्पिटल का हुआ भव्य उद्घाटन

## उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रीय लोग रहे उपस्थित





अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के कस्बा क्षेत्र में सोमवार को बहु प्रतिक्षित हॉस्पिटल डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर का भव्य उद्घाटन डा0 सुशान्त कुमार जायसवाल की माता जी श्रीमती लालपुरी जायसवाल ने किया। हास्पिटल के

उदघाटन में प्रबन्धक डॉ0 सुशान्त कुमार जायसवाल ने बताया कि नवनिर्मित डॉ0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल सुपर मल्टी स्पेशलिटी एण्ड ड्रामा सेन्टर की विशेषता को बताते हुए कहा की एक ही परिसर में पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, आईसीयू/एनआईसीयू, डायलिसिस, वेंटीलेटर, एम्बुलेंस आदि की बेहतर सुविधा मरीजों को दी जायेगी। ऐसी व्यवस्था बनाई गयी है कि मशहूर डाक्टरों की उपलब्धता सहित एक ही परिसर में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिलेगा। आपको बताते चले कि हॉस्पिटल के उद्घाटन से पूर्व बीते 1 मार्च से ही हॉस्पिटल परिसर में श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, सोमवार को वहां आयें शुभचिन्तकों, परिजनों समेत सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जिला पंचायत जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह, सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, समाजसेवी श्याम जायसवाल, चेयरमैन उमा अग्रवाल, श्रवण जायसवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी, राजीव मिश्रा, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, संतोष पासवान, रमेश मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कौशल, सौरभ गुप्ता, शिवशंकर चौधरी, रामदास, जगजीवन, वीरेन्द्र जायसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# आगामी होली पर्व के मद्देनजर खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये

अवधनामा संवाददाता



**फर्रूखाबाद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद व अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), फर्रूखाबाद के आदेश के अनुपालन में आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 10.03.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)-II अजीत कुमार के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शिवदास सिंह, श्री विनोद कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत एवं श्री अरूण कुमार मिश्र द्वारा निम्न कार्यवाही सम्पादित की गयी। खानपुर रोड, पांचालघाट, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान (खाद्य कारोबारकर्ता श्री प्रशान्त पाल पुत्र श्री गयाराम पाल) से खाद्य पदार्थ बर्फी का एक नमूना संकलित किया गया। मदारबाड़ी, फर्रूखाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान (खाद्य कारोबारकर्ता श्री मोहित कुमार पुत्र श्री देवानन्द) से खाद्य पदार्थ पेड़ा का एक नमूना संकलित किया गया। मदारबाड़ी, फर्रूखाबाद, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान (खाद्य कारोबारकर्ता श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल) से खाद्य पदार्थ खोया का एक नमूना संकलित किया गया। छोटी जेल चैराहा, फतेहगढ़, जनपद-फर्रूखाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान मंसूरी प्रोविजन स्टोर (खाद्य कारोबारकर्ता-श्री असगर मंसूरी पुत्र श्री आलम शेर) से खाद्य पदार्थ बेसन का एक नमूना संकलित किया गया।

## जर्जर हो चुके बिजली के तार को बदलकर लगाया जा रहा है एबीसी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश पर बिजली चोरी व लाइन लास कम करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत जनपद में जर्जर हो चुके बिजली के तार को बदलने की कवायत शुरू हो चुकी है एलमुनियम तार की जगह ए बी केबल लगाया जा रहा है ए बी केबल लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सप्लाई मिलेगी साथ ही दुर्घटना पर लगाम भी लगेगा। विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय के अधिशासी अभियंता अतुल रघुवंशी ने खास बातचीत के दौरान बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से जनपद में जर्जर हो चुके तार को बदलकर ए बी केबल लगाया जा रहा है इसको लेकर सर्वे कराया गया है जिन क्षेत्र में बिजली के तार जर्जर हो चुके हैं उनको आरडीएसएस योजना के तहत ए बी केबल लगाने का कार्य चल रहा है 120 किलोमीटर पाजास्थापन (जर्जर तार) को बदलने का काम चल रहा है मार्च तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है हालांकि तार को बदलने में कुछ दिक्कत आ रही है इसके बावजूद भी जल्द से जल्द लक्ष्य की प्राप्त किया जाएगा। जिससे गर्मी के दिनों में तार टूटने का खतरा कम होगा और बिजली उपभोक्ताओं को अच्छी सप्लाई भी मिलेगी। इस योजना में केंद्र सरकार 70 प्रतिशत और राज्य सरकार 30 प्रतिशत खर्च कर रही है जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति मिले।


### सूचना

मेरे पासपोर्ट न0- Y3834640 में त्रुटिवश मेरा नाम जीशान (JISHAN) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मोहम्मद जीशान (MOHAMMAD JISHAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मोहम्मद जीशान (MOHAMMAD JISHAN) पुत्र इस्लाम (ISLAM)**
**निवासी-ग्राम ऊंचगांव खालिस बाहरपुर जनपद-अमेठी (उप्र)**

### सूचना

मैं मोहम्मद रजाक मोहम्मद मिनहाज (MOHAMED RAZAK MOHAMED MINHAJ) पुत्र मोहम्मद रजाक मोहम्मद मोहरम (MOHAMED RAZAK MOHAMED MOHRAM) निवासी 433/852 राम नगर बालागंज लखनऊ का निवासी हूं। मैंने अपना नाम मोहम्मद रजाक मोहम्मद मिनहाज (MOHAMED RAZAK MOHAMED MINHAJ) से बदलकर मोहम्मद मिनहाज ( MOHAMED MINHAJ) रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मोहम्मद मिनहाज ( MOHAMED MINHAJ) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

### न्यायालय सूचना

न्यायालय सिविल जज (सीडी) सहारनपुर (मूल वाद सं0 3093 सन 2024) ब्रज पाल बनाम नेम चंद आदि 1- ब्रजपाल पुत्र स्व. श्री बिशम्बर सिंह 2-रमेश चन्द पुत्र स्व0 श्री बिशम्बर सिंह ।3-राजपाल सिंह पुत्र स्व0 श्री बिशम्बर सिंह आदि सभी नि.ग्राम शमसपुर, नोगावां पश्र फैजाबाद तहसील बेहट जि.सहारनपुर (वादीगण) बनाम1 -श्रीमति शशीबाला पत्नी श्री सोमप्रकाश निवासी रामपुर कल्याणपुर, देहरादून उ.ख. 2-शुभम पुत्र सोमप्रकाश 3- हैप्पी पुत्र सोमप्रकाश 4- अर्पण पुत्र सोम प्रकाश नि. मकान नं.129 शाहपुर कल्याणपुर देहरादून तहसील व जिला देहरादूनउ.ख.5- दीपक पुत्र सतीश निवासी शाकुम्बरी रोड संजय कालौनी करबा व तहसील बेहट जिला सहारनपुर 6-सुनील उर्फ सुशील पुत्र धनीराम न 7-श्रीमति संतोष पत्नी श्री तेज सिंह उर्फ तेल्लू सभी निवासी ग्राम अबाबकरपुर पश्र फैजाबाद तह. बेहट जिश्र सहारनपुर (प्रतिवादीगण) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा प्रस्तुत किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दिनांक 19 मार्च 2025 को दस बजे दिन न्यायालय में पेश हो कर जवाब देही दावा कि करें आपको लाज़िम है कि यदि आप तारीख़ मज़कूर पर हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर**

### न्यायालय सूचना

न्यायालय अपर सिविल जज (सीडी) चतुर्थ, सहारनपुर वाद सं0 -85 सन् 2022 1-मु.शकीला पत्नि मौहम्मद इलियास निवासी मौहल्ला सराय फैज अली, पुरानी मण्डी, सहारनपुर हाल निवासी पूराना गणेश नगर तहसील राजपुरा जिला पटियाला। पंजाब। मृतक दौरान वाद।1/1-मौ0 सलीम पुत्र मौ0 इलियास मरहूम निवासी पुराना किला शाम नगर राजपुरा जिला पटियाला। पंजाब।1/2-मौ0 नसीम पुत्र मौ0 इलियास मरहूम निवासी मकान नं0 103/एफ ओल्ड गणेश नगर, राजपुरा जिला पटियाला। पंजाब। 1/3-मौ0 इमरान पुत्र मौ0 इलियास मरहूम निवासी मकान नं. 55 पुलिस कालौनी, निकट रिपब्लिक कोर्ट फिल्लौर, जालन्धर पंजाब आदि वादीगण (बनाम) 1-जामिन अली पुत्र सरीफ अहमद निवासी गली नं.-3, हाजी मकसूद एनक्लेव कृष्णा विहार निकट डिफेन्स कालोनी बेहट रोड, परगना तहसील जिला सहारनपुर 2-मौ0 अयाज पुत्र अली अब्बास 3-जावेद अली पुत्र अली असगर। निवासीगण मौहल्ला सराय फैज अली पुरानी मण्डी, डी0एस0 स्कूल वाली गली परगना तहसील जिला सहारनपुर 4-प्रवेज अली पुत्र अली असगर निवासी इमली रोड नूर मस्जिद, सोत मौहल्ला इन्द्रा पार्क कालोनी रूडकी जिला हरिद्वार 5-मौहम्मद अनवर पुत्र अली अकबर 6-शौकत अली पुत्र अली अनवर 7-मौहम्मद असलम पुत्र अली अनवर। हरएक निवासीगण मौहल्ला सराय फैज अली , डी0एस0 स्कूल वाली गली, प. तह. व जिला सहारनपुर (प्रतिवादीगण) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.1. 4. 2025 को बवक्त 10 बजे दिन स्वयं या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या कोई शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारिख जो आपके इजकारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने तमाम दस्तावेज जो आप जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें यदि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे हस्ता.एवं मुहर अदालत से दि.7/3/ 2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम अपर सिविल जज 4th स.पुर**

### सूचना

मुझ कृष्ण चन्द्र पुत्र श्री रुल्हा सिंह नि0 गोवर्धपुर दुलानी, निकट पढ़ेंड,थाना चिलकाना, ज़िला सहारनपुर का पुत्र सचिन नि.उपरोक्त मेरे कहने व सुनने में नहीं है सचिन का गलत संगत में उठना बैठना है तंग आकर मैंने उससे अपने सभी संबंध विच्छेद कर उसे अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर दिया है भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ही ज़िम्मेदार होगा।

### सूचना

मुझ जगवीर सिंह श्री राम चन्द्र नि. ग्राम घाट हेडा थाना रामपुर मनिहारान, ज़िला सहारनपुर के पुत्र सुनील कुमार और संदीप कुमार नि.पता उपरोक्त मेरे कहने व सुनने में नहीं है सुनील और संदीप का गलत संगत में उठना बैठना है तंग आकर मैंने दोनों से अपने सभी संबंध विच्छेद कर अपनी कुल चल अचल संपत्ति से भी बे दखल कर दिया है। भविष्य में अपने किसी भी कार्य हेतु दोनों खुद ही ज़िम्मेदार होगें।


## जिलाधिकारी ने किया चाकी गौशाला का निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास खंड माधौगढ़ की ग्राम पंचायत चाकी स्थित अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में गोवंश के चारे-पानी, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में रह रहे गोवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही, बीमार या कमजोर पशुओं के लिए नियमित चिकित्सा जांच और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से कहा कि सफाई की नियमित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि गोवंश को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव में 111 सदस्यों ने हिस्सा लिया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी का वार्षिक चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सम्पन्न हुआ। आमने-सामने के मुकाबले में अध्यक्ष पद पर 22 मतों के हरिकृष्ण दीक्षित ने 23 मतों अंतर से जीत दर्ज की है। जबकि त्रिकोणीय मुकाबले में विजय हुए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 10 वजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान किया। 113 मतदाताओं में 111 अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। एल्डर्स कमेटी के चैयरमैन अनिल कुमार पोरवाल, श्रीराम बघेल, गंगा प्रसाद अहिरवार, निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रत्याशियों की मौजूदगी में साढ़े तीन बजे मतगणना शुरू हुई। मतगणना के उपरांत चुनाव परिणामों की जानकारियां देते हुये निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव तथा अनिल पोरवाल ने बताया कि अधिवक्ता एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अमर सिंह निषाद को 66 मत तथा शीतला शरण को 44 मत मिलें। महामंत्री पद पर रवि नारायण शुक्ला को 34 मत, राजेश कुमार यादव 18, हरिकृष्ण दीक्षित को 57 मत मिले । त्रिकोणीय मुकाबले में दीक्षित विजयी घोषित किया। संयुक्त मंत्री के पद पर शिव सिंह को 71, तथा रिंकू कुशवाहा को 39 मत मिले,कोषाध्यक्ष पद पर अमर सिंह को 36 मत व अशोक कुमार को 74 मत हासिल हुए। संयुक्त मंत्री पद पर शिव सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार विजयी घोषित किए गए। मालूम हो के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अमर सिंह निषाद पहले भी बार एसोसिएशन कालपी अध्यक्ष रह चुके हैं। अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये कचहरी कालपी के मतगणना स्थल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मतगणना स्थल के आस-पास तीन थानों की पुलिस के अलावा तथा महिला कांस्टेबिल तैनात रहे। कदौरा,चुरखी थाना पुलिस, कालपी कोतवाली की रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, पीएससी के जवान तथा खुफिया विभाग के कर्मचारियों की तैनाती रही।

## पेट्रोल पम्प एसोसिएशन ने डीएम से मिलकर कार्यवाही की मांग की

**अम्बेडकरनगर।** पिछले दिनों टांडा रोड पर दहीरपुर के पास स्थित शिवाजी फिलिंग स्टेशन पर नो हेलमेट नो फ्यूल के आदेश का पालन करने के दौरान कुछ दबंगों ने सेल्समैन को दौड़कर पीट दिया था। मामले में अभी तक उचित कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे नाराज अंबेडकरनगर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल के लिए दबाव न बनाया जाए बल्कि इसके लिए पुलिस की व्यवस्था की जाए। संगठन के जिलाध्यक्ष शेष कुमार वर्मा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी से मुलाकात की और उनको शिवाजी फिलिंग स्टेशन पर हुई घटना के बारे में जानकारी दी। पदाधिकारियों ने कहा कि बिना हेलमेट के पेट्रोल न देने पर दबंगों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन को पीट दिया था। इस मामले में अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन पुलिस ने केवल शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था।

# भारती कृषक एसोसिएशन के कानपुर मंडल महासचिव को भू-माफियों ने दी जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** भाकियू के कानपुर मंडल महासचिव रामवीर जाटव को भू-माफियाओं ने दी जानमाल की धमकी और कहा जैसे तेरी बेटी को मारकर लटका दिया गया था वैसे ही तुझे भी मार देंगे। गौरतलब है कि 26/27 अगस्त 2024 की रात को ग्राम भगौतीपुर में एक ही पेड़ पर दो लड़कियां की हत्या कर बाग में एक ही दुपट्टे से पेड़ पर लटका दिया गया था।उनमें से एक बेटी भाकियू के मंडल महासचिव रामवीर जाटव की थी।उक्त मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है और अब गांव के ही कुछ दबंग भूमाफिया रामवीर जाटव को जान-माल की धमकी दे रहे हैं।घटना को लेकर भाकियू के मंडल महासचिव रामवीर ने पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद को एक प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रार्थी रामवीर जाटव जो भारती कृषक एसोसिएशन का कानपुर मंडल महासचिव है के द्वारा गाटा संख्या 114 और 96 के संबंध में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के द्वारा दिनांक 9/1/2025 को जांच की गई तो उक्त भूमि नॉन जेड ए की है जिसपर अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध बेदखली कार्यवाही राजस्व विभाग द्वारा न्यायालय में प्रेषित कर दी गई अभिलेखों में प्रश्नगत नान जेड ए श्रेणी 15(2) राजकीय संपत्ति के रूप में दर्ज है।जिसकी बेदखली न्यायिक प्रक्रिया से की जा रही है उपजिलाधिकारी महोदय के न्यायालय में राजस्व टीम द्वारा प्रेषित कर दी गई है जिसकी बेदखली की नोटिस जारी होने है जिसकी शिकायत भाकृए के कानपुर मंडल महासचिव रामवीर द्वारा की गई थी।उपरोक्त बर्णित प्रकरण को लेकर नोटिस जारी होंगे जिसके विरोध में भूमाफिया श्रीकृष्ण गौतम व राजीव गौतम पुत्र बनवारी लाल सचिन कुमार गौतम पुत्र श्रीकृष्ण गौतम, सतीश चन्द्र पुत्र गेंदनलाल , रक्षपाल पुत्र रामलाल आदि निवासीगण भगौतीपुर रंजिश मानते हैं।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में आरओ वाटर प्लांट का किया लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सोमवार को कलैक्ट्रेट परिसर में हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर के सौजन्य से लगभग 8 लाख रूपये धनराशि के सीएसआर फण्ड से स्थापित आरओ वाटर प्लांट का लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्लांट का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आरओ वाटर प्लांट से सम्पूर्ण कलैक्ट्रेट परिसर में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।उन्होंने कासिमपुर पावर प्लांट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शुद्ध जल स्वस्थ जीवन का आधार है, यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जनमानस को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित कराने की दिशा में यह अनुकरणीय पहल स्वागत योग्य है। हरदुआगंज तापीय विद्युत परियोजना कासिमपुर के मुख्य महाप्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि आरओ वाटर प्लांट उन्नत रिवर्स ऑस्मोसिस तकनीक से युक्त है, जो जल को हानिकारक तत्वों से मुक्त कर उच्च गुणवत्ता वाला स्वच्छ पानी प्रदान करेगा। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था सीबीएस इंजीनियरिंग वर्क्स से कराया गया है। प्लांट की क्षमता 2000 लीटर प्रति घंटा है, निरन्तर जलापूर्ति के लिए 5000 एवं 2000 लीटर के दो ओवरहैड टैंक रखे गए हैं।

## महिलाओं को अपने हक़ के लिए आगे आना होगाः संजू



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हमारी महिला बहनों को सशक्त होने की आवश्यकता है। हम महिलाओं को अपने हक के लिए आगे आना होगा। उक्त बाते नगर पंचायत अध्यक्ष सहजनवा संजू सिंह ने सहजनवा ब्लाक परिसर में डिजिटल सखी और उद्यमी महिलाओं को संबोधित करते हुए परियोजना के उद्देश्यों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। सभी 20 डिजिटल सखियों के द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई और सभी ने अपनी-अपने ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त किए और एक अलग आत्मविश्वास के साथ महिलाओं को सशक्त करने की अलख जगाई गयी। महिला उद्यमियों के साथ निम्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। सभी डिजिटल सखियों और महिला उद्यमियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और डिजिटल सखी एवम महिला उधमियो को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी दिये गए। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट कलस्टर कोऑर्डिनेटर पूर्णिमा ने अपनी संस्था बायफ लाइवलीहुड के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## ट्रक चालक 12 टन सरिया और नकदी लेकर फरार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा स्थित गैलेंट फैक्ट्री से ट्रक चालक सरिया लादकर और नकद लेकर फरार हो गया है। ट्रांसपोर्टर की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से धर्मेंद्र कुमार मिश्र। पुत्र राम दयाल मिश्र निवासी एकड़ंगा थाना गीडा जो गीडा सेक्टर 13 में पंजाब ट्रांसपोर्टर में एजेंट के रूप में काम करते हैं। 5 मार्च को एक ट्रक चालक टांसपोर्ट पर आया और माल लादने को कहा। और 12 टन सरिया गैलेंट फैक्ट्री से लादा और 9 हजार रुपया लेकर माल गिराने के लिए लखनऊ निकला।

# उलेमाओं ने बढ़ाया जुमे की नमाज़ का समय

अवधनामा संवाददाता

- होली के दिन दोपहर 2 बजे से अदा की जायेगी जुमे की नमाज़
- शिया जामा मस्जिद पर दोपहर 2:30 बजे अदा की जाएगी नमाज़

**गोरखपुर।** सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसके ये गुलसिताँ हमारा। अल्लामा एक़बाल का यह शेर एक बार फिर खुद को दोहरा रहा है। कहा जाता है कि दुनिया के हर मज़हब की बुनियाद इंसानियत है और इंसानियत की बुनियाद अमन भाईचारा और मोहब्बत पर क़ायम है। इसी मोहब्बत का एक पैगाम तहज़ीब के मरकज़ सरजमीन ए अवध यानी नवाबों के शहर लखनऊ से आया, जिसमें होलिका समितियों ने होली के जुलूस के समय को जुमा की नमाज़ को देखते हुए डेढ़ घण्टा कम कर लिया तो बाबा रौशन अली शाह, महात्मा बुद्ध और कबीर व फ़िराक़ की ज़मी गंगा जमुनी तहज़ीब के संगम, सीएम योगी के शहर गोरखपुर के उलेमाओ ने भी एक कदम आगे बढाते हुए शुक्रवार को होली का जुलूस सम्पन्न हो जाने के बाद शहर और आसपास की मस्जिदों में जुमा की नमाज़ अदा करने का फैसला किया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उलेमा ए अहले सुन्नत की एक अहम बैठक दरगाह मुबारक खां शहीद पर हुई, जिसमें यह तय हुआ कि जुमा की नमाज़ के समय में बदलाव करते हुए दोपहर 2 बजे से कर दिया जाए ताकि इंसानियत को किसी भी तरह के नुकसान से बचाया जा सके। वहीं गोरखपुर शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमशाद अब्बास ने बताया कि होली के दिन पड़ने वाले जुमा की नमाज़ का समय परिवर्तित करते हुए उसे 2:30 बजे कर दिया गया है। बहरहाल उलेमाओ के इस फैसले ने एक बार फिर पैगाम ए मोहब्बत और वतन में अमन चैन के लिए मिसाल कायम कर दिया।

## अयोध्या में साधु संतों ने रंगभरी एकादशी पर खेली होली

# योगी सरकार बनने के बाद अपनी धरोहर व आस्था को मिल रहा सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार बनने के बाद अयोध्या में आस्था को पुनः सम्मान मिल रहा है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरी बार श्रीराम की नगरी में ब्रह्ममुहूर्त से ही संत-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी का उत्साह देखने को मिला। हनुमानगढ़ी में रंगोत्सव की शुरुआत होने के बाद अयोध्या के 10 हजार से भी अधिक मंदिरों में भगवान को अबीर गुलाल लगाया गया। बसंत पंचमी पर्व से रामनगरी में औपचारिक रूप से 40 दिन की मंदिरों में होली का शुभारंभ हो जाता है। प्रतिदिन भगवान को अबीर-गुलाल भी चढ़ाया जाता है। लेकिन फाल्गुन शुक्ल एकादशी यानि कि रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत श्रीगणेश हो जाता है। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी की श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी से साधु संतों का जुलूस अयोध्या के सड़कों पर निकला। संतों ने ढोल की धुन पर जमकर नृत्य किया। अखाड़े के पहलवान अपनी शस्त्र कला का भी प्रदर्शन किया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। अबीर से सराबोर हुई रामनगरी की संस्कृति का उल्लास और भी चटख हो चला।



**अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं अयोध्या की सड़कें**

फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संत-महंतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। इस मौके पर धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला। इसी क्रम में अयोध्या नगर में सिद्धपीठ नाका हनुमानगढ़ी,सहादतगंज हनुमानगढ़ी, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मे भी रंगभरी एकादशी की धूम रही।

**रंगोत्सव में सराबोर दिखे नागा साधु**

जुलूस में नागा साधुओं की टोली बैंड बाजे के साथ अखाड़ों के पहलवानों के करतब दिखाते हुए अयोध्या की सड़क पर निकले। होली की मस्ती में सराबोर संतो ने हर आने-जाने वाले लोगों को अबीर गुलाल से सराबोर कर दिया। अयोध्या में होली से चार दिन पूर्व ही होली का अहसास हो गया। नागा साधुओं का यह जुलूस अयोध्या के प्रमुख मार्गो से होता हुआ जुलूस के मार्ग में पड़ने वाले हर मंदिर तक पहुंचा, जहां पर नागा साधुओं ने भगवान् के विग्रह के साथ होली खेली। इसी क्रम में संतों ने परिक्रमा कर सरयू स्नान किया।

**इकबाल अंसारी ने की योगी सरकार की सराहना**

बाबरी मस्जिद मामले के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने कहा कि संतों ने एकादशी से होली की शुरुआत कर दी। हमने भी उनके साथ मिलकर होली खेली। यह भाईचारे, सौहार्द का पर्व है। सभी मिलकर मनाएं। इकबाल अंसारी ने योगी सरकार की सराहना की।

### महिला दिवस पर हुआ नारी शक्ति सम्मान समारोह

**अयोध्या।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अयोध्या जनपद के कुचेरा बाजार स्थित सृष्टि सेवा संस्थान के नेतृत्व में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली व साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। संस्था की अध्यक्ष नीलम शुक्ला ने बताया कि उनके संस्थान के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई जैसे रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है, साथ ही बच्चियों को निःशुल्क सिलाई सिखाया जाता है और उन्हें सिलाई मशीन देकर सम्मानित किया जाता है। इसके अलावा, महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एक नृत्य प्रस्तुति भी की गई, जिसमें योग के महत्व को दर्शाया गया। इस आयोजन ने महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए समाज में उनके महत्व को और अधिक उजागर किया।

# अयोध्या विवादः महिला, बेटे और रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बीच झगड़े में नया मोड़, धरना जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या के आदित्य नगर कॉलोनी में दो दिन पूर्व महिला, उसके बेटे और एक सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर बीएन सिंह के बीच हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बीएन सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की सगाई के दिन घर के पास किसी ने ट्रक से मोरंग गिरवा दिया था, जिससे रास्ता बाधित हो गया। जब उन्होंने इसे हटाने को कहा, तो किसी तरह आधा रास्ता साफ किया गया। उसी दौरान एक युवक अपनी मोपेड लेकर वहीं खड़ा था। जब बीएन सिंह ने उसे रास्ता देने को कहा, तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन करके अपनी मां और बहन को बुला लिया। आरोप है कि महिला और उसके परिवार ने बीएन सिंह व उनकी घर की महिलाओं से अभद्रता व मारपीट की। जब सिंह परिवार ने बचाव की कोशिश की, तो उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया और उन्हें फर्जी केस में फंसाने की साजिश की गई। इस विवाद के बाद पुलिस ने शांति भंग की आशंका में बीएन सिंह का चालान कर दिया, लेकिन उनकी पत्नी द्वारा दी गई तहरीर पर 72 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।



दूसरी ओर, उक्त महिला व उसके सहयोगी रायगंज चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पाल के स्थानांतरण की मांग को लेकर रविवार सुबह 11 बजे से गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तेज धूप के कारण महिला की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर धरना स्थल पर वापस लाया गया। पत्रकार सुरक्षा कवच संगठन के अध्यक्ष अंतरिक्ष तिवारी ने कहा कि चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पाल संवेदना जताने जिला अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन गिरफ्तारी से इनकार कर दिया। चौकी इंचार्ज पर पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है। तिवारी ने चेतावनी दी कि जब तक वीरेंद्र पाल को हटाया नहीं जाता और अराजक तत्वों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वे सख्त हैं, तो पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज करें या जेल भेज दें।

# श्रद्धा और विश्वास के बिना भक्ति संभव नही-राघव चरण अनुरागी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हमारे धर्मग्रंथ आस्था एवं श्रद्धा के प्रतीक हैं।धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता।प्रभु के प्रति समर्पण के बिना भक्ति संभव नहीं है। श्रद्धा और विश्वास के बिना की गई भक्ति सार्थक नहीं होगी।ये बात मां कामाख्या धाम महोत्सव के पंचम दिवस आयोजित रामकथा के दौरान कथा व्यास राघव चरण अनुरागी हरिओम तिवारी ने श्रोताओं को बताई।इन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस के अरण्यकाण्ड में रचित शबरी का प्रसंग को बताते हुए कहा शबरी भगवान राम के प्रति अनन्य भक्ति तथा भक्ति के ऊंचे सोपान का प्रतीक हैं। जीवात्मा, परमात्मा के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कैसे करे, ये हमें शबरी से सीखने को मिलता है। माता शबरी का निश्छल, निर्दोष, सरलचित्त और निष्कपट व्यवहार साक्षात प्रभु को भी अपने पास बुलाने की क्षमता रखता है।इसी तरह इन्होंने हनुमत प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा अंजनी पुत्र महाबली हनुमान अपने आराध्य भगवान राम के प्रति अटूट प्रेम व विश्वास था। भगवान राम और हनुमान जी का मिलन पवित्रता और भक्ति का प्रतीक है, जो उनके बीच के अनन्य प्रेम और विश्वास को दर्शाता है।भगवान राम के प्रति हनुमान जी के प्रेम और भक्ति से जुड़े कई प्रसंद बेहद लोकप्रिय हैं,जिसमें हनुमानजी के अद्भुत निष्ठा की झलक मिलती है जिससे संसार आज भी प्रेरणा लेता है। उसी में से एक प्रसंग ऐसा भी मिलता है, जिसमें हनुमानजी ने अपना सीना चीर लिया था,और साबित किया था कि वो कितने राममय है।कथा के मध्य पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार पहुंचे,कटियार व विधायक रामचंद्र यादव ने व्यास पीठ का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

# आरटीओ अयोध्या ने की डीलर्स एवं चालकों के साथ बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋतु सिंह ने होली, ईद एवं आगामी त्योहारों में सुलभ एवं सुरक्षित आवागमन संचार व्यवस्था हेतु माननीय मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और मुख्यालय ?द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में लगातार सुरक्षित त्यौहार एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुक किया गया।

आरटीओ प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने आज डीटीटीआई अयोध्या में वाहन डीलरों, ट्रांसपोर्टर एवं डीएल आवेदकों के साथ बैठक करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए होली, ईद एवं अन्य त्यौहारों के माहौल में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है ताकि उत्सव और उल्लास के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना-दुर्घटना से खलल न पड़े। निर्देश दिये किः बसों एवं अन्य वाहन के चालक एवं परिचालक किसी भी दशा में नशे की हालत में वाहन न चलायें। चालक एवं परिचालक यात्रियों के साथ संयमित व्यवहार रखें। किसी भी दशा में बदसलूकी एवं दुर्व्यवहार न किया जाए। यात्रीगण वाहनों में यात्रा करते समय खिड़की से हाथ व सर बाहर न निकालें एवं सह यात्रियों विशेष कर महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार करें।परमिट शर्तों के उल्लंघन न किया जाए और न ही वाहनों में ओवरलोडिंग न की जाए। चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। वाहनों के प्रपत्र वैध रखें।



ई-व्हीकल खरीदने वाले आवेदक शीघ्र सब्सिडी हेतु आवेदन करें। ट्रांसपोटर्स अपने वाहन में कोई अल्ट्रेशन/ परिवर्तन न करे जैसे लोहे के एंगल इत्यादि न लगाये एवं सिर्फ फिटनेस के समय ही नहीं वरन वर्ष भर वाहन फिट रखें। माल वाहन में यात्री न बैठायें।

परिवहन आयुक्त के पहल पर प्रदेश भर में नो हेल्मेट नो फ्यूल की व्यवस्था सभी जिलों में लागू की गयी है जिसका सभी संबंधित अनिवार्य रूप से पालन करें।

वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।

दो पहिया वाहन पर ट्रिपलिंग न करें, व स्टंट न करें

दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। हेडफोन का प्रयोग न करें। प्रेशर हार्न का प्रयोग न करें। अत्यधिक तेज गति से वाहन न चलायें।त्यौहारों के उमंग में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को नजर अंदाज न करें। पानी व रंगों का गुब्बारा वाहन चालकों के ऊपर न फेंके।

इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।वाहन में संगीत या तेज ध्वनि न चलायें।ई-रिक्शा व टेम्पों चालक वैध लाइसेंस होल्डर से ही चलवायें। अव्यस्क चालक से वाहन न चलवायें।

इसके अतिरिक्त वाहन डीलर्स को मार्च में वितीय वर्ष के अंत नजदीक होने के दृष्टिगत सभी विक्रीत वाहनों के पेपर शपथ पत्र आदि सहित प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने लम्बित आवेदनों का निस्तारण कराने और सड़क सुरक्षा संबंधी होर्डिंग बैनर शोरूम पर लगवाने, आडियो-विजुअल माध्यम से नियमो का प्रचार करने, सही पते पर ही वाहन पंजीकृत कराने के निर्देश दिये गये।

## सिसवा बाजार में निकली निशान शोभा यात्रा



**सिसवा बाजार(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** श्याम मंदिर के तत्वावधान में सिसवा बाजार में बुधवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नगर में भव्य निशान शोभायात्रा निकाली। नगर परिक्रमा के पश्चात श्रद्धालुओं ने श्याम मंदिर में निशान चढ़ाया। शोभायात्रा में श्रीश्याम के भजनों व जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। सोमवार की सुबह कस्बे में सिसवा, खड्डा, निचलौल, महराजगंज के सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु एकत्र हुए। यहां से श्रद्धालुओं ने निशान उठाकर श्याम प्रभु की भव्य झांकी के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा फलमंडी, प्रेम चित्र मंदिर रोड, श्रीरामजानकी मंदिर रोड, अमरपुरवा, गोपाल नगर, पुरानी पुलिस चौकी, रेलवे स्टेशन रोड आदि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीश्याम मंदिर पहुँचा। जहाँ भक्तों ने श्याम प्रभु के चरणों मे निशान पताका चढ़ाया।इस दौरान भक्तो ने श्री श्याम भगवान की झांकी के साथ ढोल, नगाड़ों, भजन,कीर्तन के साथ प्रभु के जयकारों के साथ पूरे नागर क्षेत्र का भ्रमण किया। निशान शोभा यात्रा में संत कुमार जालान,अश्वनी, प्रह्लाद केडिया, दिनेश अग्रवाल, विकास सिंहानिया, पुरुषोत्तम लाट, सौरभ खेतान, आशुतोष गाडियां, उमा जालान, प्रेम लता सिंहानिया , राधा सरावगी, प्रिया सिंहनिया, पुष्पा शर्मा, ज्योति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नम्रता पाठक को हिंदी में पीएचडी की उपाधि



**महाराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज महाराजगंज के हिंदी विभाग की शोध छात्रा नम्रता पाठक को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। महाविद्यालय में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ राणा प्रताप तिवारी के कुशल निर्देशन में नम्रता पाठक को हिंदी दलित कथा साहित्य में चित्रित स्त्री एक अध्ययन विषय पर अपने महत्वपूर्ण शोध के जरिए नए प्रतिमान दिए हैं। डॉ राणा प्रताप तिवारी ने बताया कि नम्रता पाठक ने अपने शोध में अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं जिसकी सराहना विश्वविद्यालय द्वारा की गई है। नम्रता पाठक को पी एचडी की उपाधि मिलने पर प्रबंधक डॉक्टर बलराम भट्ट प्राचार्य डॉ अजय कुमार मिश्र मुख्य नियंता डॉ बिपिन यादव डा विजय आनंद मिश्र डॉ राहुल सिंह दिवाकर सिंह गोपाल सिंह डॉ शैलेंद्र कुमार उपाध्याय पीयूष कुमार जायसवाल गुलाबचंद डॉ नंदिता मिश्रा डा ज्योत्सना पांडेय श्रीमती प्राची कुशवाहा डा सिद्धार्थ नाथ शुक्ला डॉ शांतिशरण मिश्र श्रवण कुमार पटेल राम नारायण नायक संतोष श्रीवास्तव संतोष राव प्रणय कुमार गौतम संतोष पटेल आदि ने बधाई दी है।

# पत्रकार के हत्यारे पर होगी कार्यवाही, चलेगा बाबा जी का बुल्डोजरः रामबाबू



*अवधनामा संवाददाता*

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बार एसोसिएशन सभागार सिरौलीगौसपुर में अध्यक्ष शिव वरदान सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं का सम्मान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता ने अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए उन्हें होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी भाई चारे और प्रेम का त्योहार है। पीड़ितों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य अधिवक्ताओं के द्वारा किया जाता हैं बुराई पर अच्छाई के लिए होलिका का त्यौहार मनाया जाता है अधिवक्ताओं का भी कर्तव्य है कि बुरे लोगों को सजा दिलाना और अच्छे लोगों को न्याय दिलाना उन्होंने पत्रकार की हत्या पर कहा कि दोषी पर शीघ्र गरजे का बुलडोजर सात पीडिया होंगी दोषी की प्रभावित भाजपा सरकार में न्याय अवश्य मिलेगा। इस पर्व पर गिले शिकवे भूलकर गले मिलकर त्योहार मनाएं। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिववरदान सिंह महामंत्री दीपक दास एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एलडार्स कमेंटी चैयरमेन बहोरी प्रसाद शुक्ला मनोज कुमार तिवारी अखिलेश कुमार वर्मा पंवन सिंह पुर्व महामंत्री राना प्रताप सिंह पुरेन्द्र प्रातप सिंह ज्ञान प्रकाश सिंह अवधेश कुमार यादव शेष नारायण वर्मा सुनेद्र चन्द्र श्रीवास्तव जगदेव प्रसाद रावत कालीप्रसाद यादव रामप्रसाद वर्मा बालचंद्र वासिफ अंसारी सुनील द्विवेदी धनलाल रावत लवकेश रावत रमाकांत वर्मा मुरारी शरण दीक्षित, अरुण कुमार, काशी प्रसाद द्विवेदी राजेश बक्स दास श्रवण सिंह देवेंद्र सिंह राजा रमनाग प्रमोद कुमार सिंह अवनीश दास सौरभ सिंह ,आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कवि रामकिशोर शुक्ला अज्ञात प्रमोद पंकज शिवेश राजा ने होलिका पर काव्य पाठ किया नागेन्द्र प्रताप सिंह प्रहलाद वर्मा वैभव मिश्रा मोनू भास्कर आलोक कन्नौजिया दीपू बाजपेई राजेश पांडेय राजेश द्विवेदी सतनाम दास संचालन काशी प्रसाद द्विवेदी जी ने किया।

## पढ़ाई पूरी करके वापस लौटे एहसान का हुआ स्वागत

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे का नाम रोशन करने के साथ मां बाप के सपने को पूरा करने वाले एक यूवक को दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि हाल ही में गर्जिया में एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे जैदपुर के मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा निवासी एहसान अहमद ने यूपी में एग्जाम देकर 208 रैंक लाकर उन्होंने जैदपुर का नाम रोशन किया वही आज एहसान अहमद को दिल्ली बुलाकर ले मेरिडियन होटल में अवार्ड देकर उन्हें सम्मानित किया गया। ज्ञात होकि बहुत कम उम्र में एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे फिर उन्हें दिल्ली में बुलाकर अवार्ड से नवाजा गया। वार्ता में पत्रकार शहाबुद्दीन सिद्दीकी से अहसान अहमद ने कहा कि मेरे दादा हाजी अब्दुल वहीद का यह सपना था और वही सपना मैंने पूरा कर दिखाया पोते को दिल्ली बुलाकर अवार्ड मिलने की खुशी में एहसान अहमद के दादा हाजी अब्दुल वहीं एहसान अहमद के पिता हाजी रईस अहमद की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दिल्ली में मौजूद एहसान अहमद को नदीम खान ने बधाई दी व मदनी खान ने फोन करके बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना भी की

# भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष हैदर को होम अरेस्ट किया



**बाराबंकी।** दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर बढ़ती अत्याचार की घटनाओं के विरोध में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर रावण केआह्वान पर कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन देने का कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में पार्टी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के ज्यादातर कार्यकर्ताओं के घरों और दफ्तर पर पुलिस की तैनाती है और उन्हें कहीं जाने नहीं दिया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वसीह हैदर एडवोकेट, दिनेश प्रताप पूर्व जिला उपाध्यक्ष, शिव बरन सिंह गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, जितेंद्र चौधरी पूर्व जिला सहसंयोजक भीम आर्मी,मेराज अहमद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जैदपुर, सुबोध गौतम सहित दर्जनों नेताओं को नजरबंद कर दिया। इस मौके पर वसी हैदर एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ने कहा कि ये सरकार का जो कार्य है वो लोकतंत्र के खिलाफ है और संविधान के अनुसार हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का अधिकार है और पार्टी और संगठन हर गलत के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। प्रदेश की सरकार के इस दमनकारी नीति से पार्टी और संगठन के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोष व्याप्त है।

## कूड़ा कलेक्शन रिक्शा को हरी झंडी दिखा किया रवाना



**सिसवा बाजार(महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा नगर पालिका परिषद कार्यालय पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल व प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल ने नगर को स्वच्छ बनाने हेतु डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले ई-रिक्सा को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया, यह ई-रिक्सा नगर पालिका में पड़ने वाले हर घरों तक पहुंचेंगे और कुड़ा एकत्र करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल व प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में पहले कुड़ा उठाने वाले अन्य वाहनों के साथ आठ ई-रिक्सा घरों तक पहुंच कर हर घर से कुड़ा उठाते थे लेकिन आज बीस और ई-रिक्सा कुड़ा उठाने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में रवाना किया गया। नगर पालिका क्षेत्र के हर घरों तक यह ई-रिक्सा पहुंचेगी और कुड़ा एकत्र करेगी, इस मे जनता का सहयोग जरूरी है, बाहर सड़कों पर गंदगी न फैलाएं, गाड़ी हर घर के दरवाजे पर पहुंचेगी आप अपना गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग अलग करके ही गाड़ी में ही डाले, इससे नगर पालिका क्षेत्र स्वच्छ व साफ रहेगा। इस दौरान लिपिक कपिल देव भारती, शकील अहमद, अरुण सिंह, दिलिप सिंह, जयमंगल, मंगलेश राना, विनोद जायसवाल, सत्येन्द्र कुमार एवम अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिले के दो और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला एनक्यूएएस

### अब और बेहतर होंगी स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाएं

**सीएमओ ने दी बधाई**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने एसीएमओ (प्रशासन) डॉ.राकेश कुमार, एसीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डिप्टी सीएमओ डॉ.केपी सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश यादव, डिस्ट्रिक्ट क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम के जिला सलाहकार डॉ. संतोष कुमार ओझा, प्रोग्राम सहायक बृजेश विश्वकर्मा सहित निचलौल वह परतावल सीएचसी से जुड़े स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वास्थ्य को बधाई दी है।

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य मानकों पर खरा उतरने वाले जिले के दो और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (एनक्यूएएस) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। एसेसमेंट में निचलौल ब्लॉक के आरोग्य मंदिर जयश्री नें आल ओवर 86.99 प्रतिशत तथा परतावल ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर छपिया ने आल ओवर 84.77 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि दोनों आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और संबंधित सीएचसी के अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों तथा जिले में तैनात क्वालिटी एश्योरेंस के कर्मचारियों की बदौलत ही एनक्वास प्रमाण पत्र प्राप्त हो सका है। एसेसमेंट से पहले इस सेंटर पर पहले की अपेक्षा स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में काफी बदलाव किया गया था। अब इन दोनों आयुष्मान आरोग्य मंदिरों स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं और बेहतर होंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ .राकेश कुमार ने बताया कि क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के तहत एनक्वास सर्टिफिकेशन के सम्बंध में किए गए असेसमेंट में दोनों आरोग्य मंदिरों ने उपरोक्त स्कोर प्राप्त कर एनक्वास प्रमाण पत्र हासिल किया है। यह उपलब्धि अधिकारियों और कर्मचारियों के आपसी तालमेल से ही मिल सकी है।


# समाज के गौरव का कार्यक्रम है नव संवत्सर महोत्सवः अमरजीत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आरएसएस के सह विभाग प्रचारक अमरजीत ने कहा कि नव संवत्सर महोत्सव भारतीय समाज के गौरव का कार्यक्रम है।भारतीय नव वर्ष ऐतिहासिक घटनाओं के आनंद का उत्सव है। सह विभाग प्रचारक सोमवार को कोऑपरेटिव सभागार में नव संवत्सर महोत्सव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित समन्वय बैठक में बोल रहे थे। कहा दो दिवसीय महोत्सव में विविध कार्यक्रमों के जरिए सनातन संस्कृति व संस्कार को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया जाएगा। बताया कि 28 व 29 मार्च आयोजित होने वाले महोत्सव में समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। महोत्सव की शुरुआत 28 मार्च को जीआईसी ऑडिटोरियम से उत्सव यात्रा के रूप में होगी जिसमें हजारों युवाओं की टोली बाइक रैली के जरिए राष्ट्रवाद की अलख जगाएंगे। 29 मार्च को नागेश्वर नाथ मंदिर से मातृ शक्ति की भव्य पद यात्रा धनोखर चौराहा पहुंचेगी जहां पौराणिक धनोखर सरोवर को हजारों दीपक व एलईडी प्रकाश से सजाया जाएगा।उसी शाम भजन संध्या भी आयोजित होगी।इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य प्रवेश द्वारों के साथ सभी चौराहों को भव्य स्वरूप दिया जायेगा।संचालन जिला कार्यवाह सुधीर ने किया।महोत्सव समिति के संयोजक डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर जिला संघ चालक डॉक्टर आरएस गुप्ता, ललराम चौधरी, श्रीओम, अमन, इंद्रेश, प्रभात, एससी एसटी अयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, रामनाथ मौर्य, संतोष सिंह, मनीष परिहार, परितोष, आशुतोष सिंह,पंकज गुप्ता,आशीष सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी, बृजेश वैश्य, श्रवण सिंह, शैलेन्द्र, विजय मौजूद रहे।



## गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध पोस्ता छिलका पकड़ा ट्रक, बरामद, ड्राइवर फरार



**जैदपुर बाराबंकी।** दूसरे प्रान्त जा रही अवैध पोस्ता का छिलके से लदी ट्रक को जैदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। इस दौरान ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को थाने में लाकर खड़ा कर दिया और जाँच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सौम्य कुमार जायसवाल अपने हमराह हेड कॉन्सटेबल विक्रमाजीत यादव का तरुण कुमार चौकी अहमदपुर से प्रस्थान कर देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन रात्रि गश्त में मामूर होकर अहमदपुर मोड़ पर मौजूद थे। मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक नं0 आरजे 19 जीई 9082 अयोध्या की तरफ से आ रहा है। जिसमें कुछ बोरियों में छिपाकर अवैध पोस्ता छिलका/डोडा रखकर उनपर से गाजर डालकर बंद बोरियों में लेकर आ रहा है। जिसकी टोल प्लाजा के चंद कदम आगे जैदपुर पुलिस ने की तलाशी लेने पर बोरियों में कुल 28 किलो 500 ग्राम अवैध पोस्ते का छिलका बरामद किया गया। परंतु चालक बड़ी चालाकी है अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस द्वारा ट्रक को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# सड़क हादसे में निधन से अधिवक्ताओं में फैली शोक की लहर

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के दीवानी न्यायालय महाराजगंज और सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष तारकेश्वर त्रिपाठी के पुत्र अशोक त्रिपाठी का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है।अशोक कुमार त्रिपाठी चीफ डिफेंस काउंसिल के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले अशोक कुमार त्रिपाठी एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे उनका इलाज गोरखपुर के एक अस्पताल में चल रहा था। जहां सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष करुणाकर पति त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बाइक से हुआ था। मृतक के पिता तारकेश्वर त्रिपाठी की तहरीर पर बाइक के रजिस्ट्रेशन के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अशोक त्रिपाठी के निधन से अधिवक्ता समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व महामंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र त्रिपाठी ,विनय पांडेय, विजय पांडेय,आशुतोष पांडेय,अवनीश पांडेय, मानवेंद्र शुक्ला, सुशील श्रीवास्तव, सुधांशु पांडे, मनोज सिंह समेत कई अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

अवधनामा



# आपस में मिल-जुलकर मनाएं सभी पर्व : चन्द्र प्रकाश चौधरी

## त्योहारों को ध्यान में रखकर करें साफ सफाई : राजन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत भारत भारी कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा के अध्यक्षता में आगामी त्यौहार होली, रमजान और ईद के दृष्टिगत समस्त सभासद गण के साथ बोर्ड की बैठक की गई। जिसमें साफ सफाई, फॉगिंग एवं अन्य विकास कार्यों पर विचार किया गया।

सभासद नियाज़ अहमद ने अपने वार्ड में पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर चर्चा किया जिसका सर्वसम्मत से पारित किया गया। सभासद आकाश कुमार पाण्डेय ने सागर के पास नाला बनवाने के लिए प्रस्ताव दिया। ऐसे ही समस्त सभासद ने अपने अपने वार्डो के विकास कार्यों हेतु प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता, सभासदगण संगीता देवी, बिना, अरविंद मिश्र, सफ़तुल्लाह, सरबजीत शर्मा, गंगोत्री देवी, आकाश कुमार पाण्डेय, बालकेश चौधरी, नियाज़ अहमद, अब्दुल सबूर, रेहाना, आसमा खातून, सुनीता देवी, अदरुनिशा सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हाईमास्ट लाइटो की गाड़ियों को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़।** शोहरतगढ विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति को तेज रफ्तार देने के लिए शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील से विधान सभा क्षेत्र में लगनें वाली मिनी हाईमास्ट लाइटो की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये।



विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ तहसील अन्तर्गत शोहरतगढ विधान सभा क्षेत्र में विधायक विकास निधी वर्ष 2024-25 से कुल 103 मिनी हाईमास्ट लाइटें की कुल लागत 340.93 लाख रुपये से लगनी है। जिसके लिए जगह कों पहले से चयनित किया गया है। जिसमे शोहरतगढ विकास क्षेत्र में 31 जगहों पर और नगर पंचायत शोहरतगढ में 2 जगहों पर मिनी हाईमास्ट लाइटें लगेगा। इसी तरह से बढ़नी में 34 ,इटवा में 14,जोगिया में 8, नौगढ़ में 10, और बर्डपुर में 4 जगहों पर मिनी हाईमास्ट लाइटें लगनी है। जिससे विधान सभा क्षेत्र का मुख्य चौराहा, तिराहा व गांव-कस्बा मिनी हाईमास्ट लाइटो के दूधियां रोशनी से जगमगायेंगी। क्षेत्र का मेन रास्ता गांव व नगर के लोगों को बिजली तो बराबर मिलती ही है लेकिन जहां के रास्ते, गांव, कस्बे, गलियां रात के अंधेरे में सन्नाटा पसर जाता था अब वहां पर लाइटें लगनें से लोगों को सुगमता मिलेगी। शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी जी के डबल इंजन सरकार में विकास के गति की रफ्तार तेज हो रही है जो निरंतर इसी रफ्तार में चलती रहेगी और विकसित भारत संकल्प की सपना साकार होगी। गांव के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की महत्वपूर्ण योजना पहुंच रही है।

विधान सभा क्षेत्र के कस्बा, गांव व नगरों में लोगों के मूलभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान उपजिलाधिकारी राहुल सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, दुर्गा तिवारी, रामदास मौर्या, राजकुमार मोदनवाल, संजय कसौधन, हरीश वर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सात संविदा चिकित्सक को दिया गया नियुक्ति पत्र

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में कुल 7 संविदा चिकित्सकों डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ रंजीत कुमार, डॉक्टर मनीष कुमार तिवारी, डॉक्टर नीलम, डॉक्टर चंद्रेश कुमार, डॉक्टर सीमा व डॉक्टर रजनीश सिंह को जिलाधिकारी कार्यालय में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संविदा चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि आम जनता की सेवा पूरे मनोयोग से करें। आपके कार्यालय से जो भी कार्य सौंपा जाए उसे पूर्ण योग से करें। चिकित्सक वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से संविदा चिकित्सकों का चयन 15 वाँ वित्त आयोग कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित मानदेय पर किया गया है।

# डीएम ने एडीएम के साथ किया कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव कुमार श्रीवास्तव के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलो को देखा गया। जिलाधिकारी ने वाद लिपिक से राजस्व वादों एवं हाईकोर्ट में विचाराधीन वादों के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जन सूचना लिपिक से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा आरटीआई रजिस्टर को देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिस विभाग का प्रकरण हो उस विभाग को पत्र भेजकर समय से सूचना उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, जूडीशियल अभिलेखागार, आपदा कार्यालय, एलआरसी कक्ष, उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, प्रोबेशन कार्यालय आदि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने एलआरसी को निर्देश दिया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न विभागो के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देश देते हुए अपने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करा लें तथा पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें।

राजस्व अभिलेखागार में साफ-सफाई व्यवस्था तथा एलईडी ट्यूबलाइट एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट की रंगाई-पुताई कराने के लिए स्टीमेट तैयार कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट रवेन्द्र श्रीवास्तव, नाजिर कलेक्ट्रट पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव, तथा समस्त पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

## एनएसएस के स्वयंसेवक/सेविकाओं सिद्धेश्वर समाज का उत्थान होता है : पूर्व विधायक

**आनंदनगर महाराजगंज अवधनामा संवाददाता।** परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज मथुरा नगर आनंदनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन शिविर स्थल प्राथमिक पाठशाला



परशुरामपुर आनंद नगर में पीएसएम पीजी कॉलेज आनंदनगर के प्रबंधक पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि स्वयंसेवक/स्वीकारो को संबोधित करते हुए कहा की एन एस एस के स्वयंसेवक/सेविकाओं से देश व समाज का उत्थान होता है। उन्होंने तीनों इकाई के स्वयंसेवक/ सेविकाओं के सात दूसरी शिविर के सफलता पर बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अभिमन्यू शर्मा ने बताया कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेनी चाहिए। दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजय कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को आत्मसात करने को कहा। डॉक्टर मुरलीधर जायसवाल ने कहा कि जागरूक युवा ही देश को सकारात्मक दिशा दे सकता है। अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक भारतीय ने कहां की स्वयंसेवक/ सेविकाएं शिविर में सीखी हुई बात को आत्मसात कर समाज के बीच में प्रस्तुत करें। शिविर में स्वयंसेवक/ सेविकाओ ने प्रतिभाग किया है उनमें कात्यानी उपाध्याय, जसवीर राज, सलोनी, रंजन चौहान, प्रिया चौधरी उजाला गुप्ता, अर्चना गौड़ द्वारा विभिन्न संस्कृति एकांकी प्रेरणा स्रोत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया गया। कार्यक्रम को कार्यक्रम अधिकारी श्री दयाल वर्मा ने संबोधित कर साथ दिवसीय शिविर के विभिन्न पहलुओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश पटेल ने किया।

# लक्ष्य निर्धारित कर करें कार्य: राम प्रकाश

अवधनामा संवाददाता

**आनंदनगर महाराजगंज।** क्षेत्र पंचायत फरेंदा की बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मनीषा देवी ने किया।संचालन खंड विकास अधिकारी फरेन्दा के के शुक्ला ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह रहे। बैठक में क्षेत्र पंचायत फरेंदा के सभी ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।



बैठक में आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य विभाग, विकास कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन सफाई व्यवस्था पर ग्राम प्रधान रघुनाथ सिंह द्वारा तमाम प्रश्न पूछे गए जिसका निस्तारण ब्लॉक प्रमुख व वीडियो फरेंदा ने किया। ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों पर विस्तार पूर्वक ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रमुख व वीडियो से प्रश्न किया गया जिसका उत्तर ब्लॉक प्रमुख व बीडिओ द्वारा दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम प्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत फरेंदा में विकास की एक लंबी रेखा विगत 20 वर्षो से खींची गई है।उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें और शासन द्वारा जनहित की योजनाओं को अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सक्रिय भूमिका निभाये। बैठक की अध्यक्षता कर रही ब्लॉक प्रमुख मनीषा देवी ने कहा कि क्षेत्र पंचायत फरेंदा में सभी जनप्रतिनिधि आपसी सौहार्द के साथ विकास को गति देते हुए एक कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित सभी कर्मचारियों के प्रति आभार जताते हुए कृतज्ञता व्यक्त किया। बैठक का संचालन कर रहे वीडियो के के शुक्ला ने कहा कि बैठक में जो प्रस्ताव ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा लाया गया है उस पर त्वरित गति से कार्य किया जाएगा। बैठक के अंत में सेवानिवृत्ति वरिष्ठ लेखाकार हरेंद्र दूबे को विदाई दिया गया इस दौरान उनका माल्यार्पण कर उन्हें जीवन उपयोगी उपहार भेंट किया गया। अंत में पवित्र होली पर्व को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख एवं मुख्य अतिथि राम प्रकाश सिंह द्वारा सभी ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व का बधाई दिया गया।

## श्री श्याम फाल्गुनोत्सव भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गयी



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नी में विगत 31 वर्षों से लगातार श्री श्याम फाल्गुनोत्सव भव्य निशान शोभा यात्रा श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वाधान में निकली जा रही है इस शोभा यात्रा में भारत और नेपाल के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर दोनों देशों के संबंधों को मधुर बनाते है। सोमवार को निकली शोभा यात्रा भारत नेपाल के सीमाई क्षेत्र बढनी कस्बे में स्थित राणी सती दादी मंदिर में निशान की पूजा अर्चना के बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों का हुजूम हाथों में निशान लिये रंगों के फुहार और फूलों की बरसात के बीच कतारबद्ध होकर नंगे पाँव नगर भ्रमण करते हुए श्री श्याम के भक्ति गीतों पर झूमते हुए कृष्णनगर नेपाल स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री खाटू श्याम प्रभु के चरणों में निशान को समर्पित कर दिया । श्री श्याम निशान शोभा यात्रा की निकली भव्य झाँकी में शामिल सैकड़ों महिलाएं और पुरुष नंगे पांव हाथों में निशान लिए खाटू नरेश श्याम प्रभू की झाँकी कस्बे के राणी सती दादी मंदिर से निकलकर गोला बाजार से होते हुए माल गोदाम से होकर नगर भ्रमण करते शोभा यात्रा स्टेशन रोड से होकर फिर कस्टम रोड होते हुए सीमा पार करते हुए कृष्णनगर( नेपाल) स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुँच कर श्याम भक्तो ने निशान को प्रभु श्री श्याम के चरणों में समर्पित कर दिया। इस दौरान डीजे साउण्ड पर बज रहे भक्ति गीत ये निशान खाटू वाले का इसे हाथो में उठा लेनाआज श्याम सपने में आये दहिया पीके आदि भक्ति गीतों की धुन पर झूमते अबीर गुलाल उडाते हुए भव्य झाँकी का समापन हुआ। यह शोभा यात्रा दोनो देशों के रिश्तो को मजबूत करने में अहम कड़ी मानी जाती है। कस्बे के माल गोदाम तिराहे पर निशान यात्रा में शामिल श्याम बाबा के भक्तों ने केसरिया गमछा भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, मुकेश गोयल, गुलाब चन्द अग्रवाल, मनोज गोयल, बृजेश अग्रहरि, गोलू अग्रहरि, अभिषेक यादव, ध्रुव चतुर्वेदी, बृजेश अग्रहरि, अखिलेश मद्धेशिया, कन्हैया लाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भूमि पूजन कर सत्संग भवन की रखी आधारशिला



**शोहरतगढ़ अवधनामा संवाददाता।** श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शोहरतगढ़ में सत्संग भवन निर्माण के लिए विधायक विनय वर्मा ने सोमवार को भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। यह भवन विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना अंतर्गत 25 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा। इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान विधायक विनय वर्मा, राम मिलन त्रिपाठी, किशोरी लाल, सतीश मित्तल, प्राचार्य डा. अरविंद कुमार सिंह चेयरमैन पति रवि अग्रवाल ने भूमि पूजन कर सत्संग भवन की आधारशिला रखी। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि सत्संग भवन का निर्माण एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सत्संग भवन में सामूहिक विवाह का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे गरीब तबके के लोगों को विवाह आदि की सहूलियत मिल सकेगी। उन्होंने कहाकि भवन में कथा प्रवचन संयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राम जानकी मंदिर में समय-समय पर विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भवन बनने से लोगो कार्यक्रम करने में सहूलियत मिलेगी। इस दौरान राम सेवक, चिन्नी लाल, मनोज पोद्दार, अभय सिंह, राम पाल सिंह, संजय, सन्तोष पोद्दार, मनोज सिंह, मनोज गुप्ता सहित आदि लोग रहे।

# होली के दूसरे और जुमाएतुलविदा के दिन अवकाश की मांग



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र एवं महामंत्री कलीमुल्लाह ने प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिला अधिकारी को पत्र देकर होली के दूसरे दिन तथा जुमाएतुलविदा के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि होली, हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। लोग अपने गांव, घर एवं परिवार के सदस्यों के साथ होली मनाते हैं। जिले के परिषदीय विद्यालयों में 200 से 600 किमी0 दूर के ज्यादातर शिक्षक इस जिले में कार्यरत हैं। सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, द्वारा जारी अवकाश तालिका में 13 को होलिका दहन व 14 मार्च को होली का अवकाश है। 15 मार्च को अवकाश न होने के कारण जब 14 मार्च को मध्य रात्रि तक होली का पर्व लोग मनाएंगे तो 15 मार्च को सुबह 9 बजे बाहरी जनपदों के शिक्षक विद्यालय नहीं पहुंच पाएंगे। जबकि जिला अधिकारी द्वारा जारी अवकाश तालिका में 15 मार्च को जिले में स्थानीय अवकाश है। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि इस्लाम धर्म के मानने वालों का पवित्र माह रमजान के अन्तिम शुक्रवार यानी 28 मार्च को जुमाअतुलविदा है। जिसका इस्लाम धर्म में विशेष महत्व है। अतः जनपद बांदा की भांति होली के दूसरे दिन 15 मार्च को और जुमाअतुलविदा के दिन यानी 28 मार्च को परिषदीय विद्यालयों में भी स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। तथा वेतन लॉक न करने वाले अध्यापकों को भी होली को देखते हुए शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने अवकाश हेतु आवश्यक कार्यवाही का पूर्ण आश्वासन दिया है, तथा वेतन लॉक न करने वाले संबंधित शिक्षको से कार्यालय में प्रत्यावेदन देने का निर्देश दिया है, प्रत्यावेदन प्राप्त होते ही वेतन भुगतान का आदेश करने का पूर्ण आश्वासन दिया है।

# राजतंत्र की बहाली का सपना या लोकतंत्र को चुनौती

यशोदा श्रीवस्तव

**काठमांडू।** नेपाल में राजावादी और हिंदूवादी ताकतें एक नए संकल्प के साथ एकजुट हो रही हैं, जिससे देश में एक नई राजनीतिक हलचल पैदा हो रही है। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के वीडियो संदेश ने पूरे देश में एक नया जोश और उत्साह भर दिया है। इन शक्तियों ने अपने मतभेदों को भुलाकर राजतंत्र की बहाली और हिंदुत्व की रक्षा के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया है। 18 फरवरी लोकतंत्र दिवस के अवसर पर पोखरा से जारी किए गए एक संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली वीडियो संदेश ने हजारों नेपाली नागरिकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है।

ज्ञानेंद्र शाह ने सवाल उठाया कि प्रणाली बदल गई, लेकिन जनता की हालत और भी बदतर हो गई। अब समय आ गया है कि देश को बचाया जाए, राष्ट्रीय एकता को बनाए रखा जाए और नेपाल की उन्नति और समृद्धि के लिए हम सभी एकजुट हों। इस बयान ने नेपाल में छिपी असंतोष की भावना को आवाज दे दी। जनता की प्रतिक्रिया इतनी जबरदस्त थी कि कुछ ही दिनों में राजावादी और हिंदूवादी आंदोलनों ने अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया। रविवार नौ मार्च को जब पूर्व राजा ज्ञानेंद्र पोखरा से काठमांडू लौटे, तो उनके स्वागत में उमड़ा जनसैलाब महज एक राजनीतिक सभा नहीं थी, बल्कि यह नेपाल के इतिहास में एक नए आंदोलन की गूंज थी। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जो दृश्य देखा गया, वह चौंकाने वाला था। राजावादी और हिंदूवादी समूह,



जो पहले एक-दूसरे से मतभेद रखते थे, पहली बार एक ही मंच पर खड़े नजर आए।राजेंद्र लिंगदेन के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (राप्रपा) कमल थापा की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल,अनिल बसंते की शिव सेना नेपाल, दुर्गा प्रसादई के नेतृत्व में ÷राष्ट्र, राष्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिक सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। ये सभी समूह राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत के लिए एकजुट हुए। राप्रपा ने तो अपने निर्धारित कार्यक्रम तक को रद्द कर अपने सभी कार्यकर्ताओं को हवाई अड्डे पर पहुंचने का निर्देश दिया, ताकि वे इस आंदोलन में पूरी तरह भाग ले सकें।

**गणतांत्रिक सरकार के लिए खतरे की घंटी?**

यह पहली बार था जब राजावादी और हिंदूवादी आंदोलन न केवल एकजुट हुए, बल्कि अपने प्रदर्शनों के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को एक गंभीर चुनौती भी दी। नेपाली जनता के दिलों में राजावादी भावनाओं के पुनर्जीवित होने से, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को भी प्रतिक्रिया देनी पड़ी। नेपाल संवत 2080, फागुन 22 को महोत्तरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, केपी ओली ने ज्ञानेंद्र शाह को चुनौती दी। अगर आप इतने ही लोकप्रिय हैं तो आइए, चुनाव लड़िए और जीतकर दिखाइए। ओली का कहना था कि नेपाल में लोकतंत्र है और राजा को भी आम राजनेताओं की तरह चुनावी मैदान में उतरकर खुद को साबित करना होगा। इसी बीच, नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने भी झापा में बयान दिया कि ÷राजतंत्र की बहाली की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। लेकिन सच्चाई यह है कि जनता के स्तर पर बढ़ते राजावादी आंदोलन ने लोकतांत्रिक शक्तियों के भीतर हलचल मचा दी है। माओवादी केंद्र, जो अब तक सरकार में मजबूत स्थिति में था, ने अपनी जागरण अभियान (जन जागरूकता अभियान) रोक दी और अपने नेताओं को तत्काल काठमांडू वापस बुला लिया।

**मौलाना मशहूद खान नेपाली का बयान** –नेपाल में किसी भी कट्टरपंथी विचारधारा की जगह नहीं। नेपाल में राजावादी और हिंदूवादी ताकतों की बढ़ती सक्रियता पर मदरसा संघ नेपाल के महासचिव और माओवादी केंद्र लुंबिनी प्रदेश के मौलाना मशहूद खान नेपाली ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा नेपाल एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश है। यहां हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हैं। हमें किसी भी ऐसी विचारधारा का विरोध करना चाहिए जो नेपाल की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक पहचान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे। राजतंत्र का अंत जनता की इच्छा से हुआ था, और किसी भी प्रकार के कट्टरपंथी आंदोलन को देश में नफरत फैलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा नेपाल में सभी धर्मो के लोग सदियों से मिलजुल कर रहते आए हैं। यदि कोई शक्ति देश को हिंदू राष्ट्र बनाने या किसी विशेष धर्म को थोपने की कोशिश करती है, तो यह नेपाल की सामाजिक समरसता और शांति के लिए खतरा बन सकता है। सभी नेपाली नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय और शांति-प्रेमी लोगों को चाहिए कि वे किसी भी ऐसी ताकत के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं, जो देश की लोकतांत्रिक संरचना को नुकसान पहुंचाने का इरादा रखती हो। क्या नेपाल में नया राजनीतिक संतुलन बन रहा है? यहाँ एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है- क्या नेपाल में राजतंत्र समर्थकों को फिर से जनता का समर्थन मिल रहा है? इसमें कोई संदेह नहीं कि नेपाल की वर्तमान लोकतांत्रिक सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। नेपाली जनता की बढ़ती नाराजगी, आर्थिक मंदी, भ्रष्टाचार और अस्थिर राजनीति ने लोगों को निराश कर दिया है। ऐसे में, यदि कोई ऐसा आंदोलन खड़ा होता है जो राजावादी भावनाओं को मजबूत करता है, तो यह नेपाल के राजनीतिक भविष्य को पूरी तरह बदल सकता है। नेपाल की जनता एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी है। क्या वे लोकतांत्रिक प्रणाली में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे? या फिर वे राजतंत्र की ओर वापसी के लिए कदम बढ़ाएंगे? आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन एक बात तय है–नेपाल में एक बड़े राजनीतिक परिवर्तन की शुरुआत हो चुकी है।

# ग्राम पंचायत महादेव खुर्द में अवैध कब्जा बरकरार

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महादेवा खुर्द में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर शोहरतगढ़ तहसील प्रशासन ने शनिवार को बुलडोजर चलवाकर खाली करा दिया था। लेकिन कब्जा धारक उस जगह को खाली करने को तैयार नहीं है।




प्रशासन के जाने के बाद उक्त जगह पर कब्जा धारकों द्वारा फिर से छप्पर,बांस बल्ली लगाकर कब्जा करना शुरू कर दिया गया हैं। उनका कहना है कि उनके पास रहने के लिए कोई घर मकान नहीं है।वह लोग काफी दिनों से उस जगह पर काबिज हैं। जबकि ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्ताव तैयार कर उक्त स्थान पर अन्नपूर्णा भवन बनाने के लिए लेखपाल द्वारा नापी कराकर भवन बनाने की समाग्री गिरवाकर कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महादेव खुर्द में एक गाटा पर राजस्व अभिलेख में नवीन परती अंकित है। उस पर अन्नपूर्णा भवन निर्माण का प्रस्ताव बना है। प्रस्ताव के बाद कब्जा करने वालों ने झोपड़ी बना ली है। जिसे नायब तहसीलदार महबूब अंसारी के नेतृत्व में राजस्व टीम के साथ पुलिस कर्मियों के सहयोग से ध्वस्त कर हटवा दिया गया था। ग्राम पंचायत महादेव खुर्द गांव में राजस्व अभिलेख मे नवीन परती को अन्नपूर्णा भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव के उपरांत अबैध कब्ज़ा

**कब्जा धारक हटने को तैयार नही**

करने के नियत से कुछ ग्रामवासियों की ओर से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे राजस्व टीम व पुलिस बल के सहयोग हटवाने के बाद फिर से कब्जा करना शुरू कर दिया गया है। जो प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण है। उक्त संबंध में नायब तहसीलदार का कहना है कि शिकायत के आधार पर अवैध कब्जा हटवाया गया था।

अगर उक्त स्थान पर फिर से कब्जा किया जा रहा है तो फिर से कार्रवाई की जायेगी। वहीं थाना प्रभारी ढ़ेबरुआ का कहना है कि शिकायत मिली है। दोबारा कब्जा करने पर राजस्व विभाग की टीम के साथ जाकर अवैध कब्जा हटवाया जायेगा।

## भगवान परशुराम जी के मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर के राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम जी के मंदिर का शिलान्यास हुआ, जिसमें भारी संख्या में विप्र समाज के लोग मौजूद रहे। सोमवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्वान पुरोहितों से विधिविधान से पूजन करवाकर भगवान परशुराम जी के मंदिर का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भगवान परशुराम न केवल हमारे आराध्य हैं बल्कि वे भारत की सांस्कृतिक एकता के आधार भी हैं। उन्होंने बताया कि परशुराम वाटिका को तीर्थ के रूप में विकसित करने का प्रयास हैं, जो आप सभी के सहयोग से संभव हैं। राप्ती नदी तट की इस भूमि से धर्म और अध्यात्म का भाव पैदा होगा है। जिससे आने वाले पीढ़ियों में देशभक्ति का संचार होगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा व चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी ने बताया कि डुमरियागंज में आज भगवान परशुराम जी के मंदिर का भूमिपूजन हुआ है, यह हम सभी के लिए बड़े ही गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम जी के मंदिर का भूमिपूजन पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह जी के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है। इस दौरान विप्र समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने पूर्व विधायक को मन्दिर के भूमि पूजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन युवराज त्रिपाठी ने किया।

## सुप्रीम का सुप्रीम फैसला

लोकतान्त्रिक और सवैधानिक मुल्यों से जुड़े अभिव्यक्ति की आजादी के सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट की नसीहत सुप्रीम है। अदालत ने कहा 75 साल हो गये आजादी के अब पुलिस को स्वतन्त्र अभिव्यक्ति की गहराई को समझना चाहिये। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की एक कविता पर गुजरात पुलिस ने एक एफ़आईआर दर्ज कर दी थी। इसे सुनकर पाकिस्तानी शासक की घटना याद आती है जब जोश मलीहाबादी ने एक मुशयरे में अपनी शायरी पढ़ते हुये कहा था बदनाम गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी हरशाख पैय उल्लू बैठा है अन्जाम गुलिस्तां क्या होगा। उनको इस शायरी को लेकर पाकिस्तानी शासकों ने उनकी बहुत दुर्गति की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने इस मामले में जांच की कारवाई की पुष्टी की थी। पुलिस की कारवाई को सही बताया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के सन्दर्भ में कहा एफ़आईआर दर्ज करने से पहले एफ़आईआर दर्ज कराने वाले अधिकारियों और दर्ज करने वाले अधिकारियों को यह कविता पढ़नी चाहिये थी। कविता में इश्क और इन्साफ की बाते है न कि नफ़रत हिंसा और हिंसा की बातें है। पुलिस के मामले में आम धारणा हृदयहीन होने की है। हालाकि लखनऊ के एक पुलिस अधिकारी बहुत अच्छे कवि थे नाम नहीं याद आ रहा है। उनका व्योहार पुलिस अवधारणा के विप्रीत काफी मानवीय और न्यायहपूर्ण होता था। अपनी टिप्पणी में सुप्रम कोर्ट ने स्पटता से कहा है न तो अश्लीलता के लिये जगह छोड़नी चाहिये और न तो इसे आजादी की राह में आना चाहिये। इलाबादियों को पाउकस्ट की आजादी देते हुये भी चेताया कि नैतिकता और अश्लीलता की को चेताया कि नैतिकता और अश्लीलता की रेखा का लांघने की कोशिश न करें। हर पाडकास्टर के लिये यह मार्ग दर्शक होना चाहिये। कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरूपयोगिता पर चिन्ता जताई कहां अश्लीलता के लिये कोई गुन्जाइश नहीं छोडी जानी चाहिये पर ऐसा करते हुये यह भी ध्यान रखना चाहिये कि अभिव्यक्ति की आजादी पर गैर जरूरी पाबिन्दियां का रूप ले ले। देखने में आ रहा है सोशलमीडिया बहुत गैर जिम्मेदाराना भूमिका निभा रहा है अश्लीलता की सीमा लांघ रहा है दोनो की सीमा लांघ रहा है। वही सरकारी अमला अति उत्साह अमान्य अनुचित पाबन्दियें लगा रहा है कुछ मामले दन्डित भी कर रहा है। हर तरफ न्यायपूर्ण नैतिक सन्तुलन की जरूरत है। प्रशासन के अति उत्साह से और सोशल मीडिया के गैर जिम्मेदारराना उत्साह से आम नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकारों की उलंघन हो रहा है। कोर्ट ने ध्यान दिलाया है नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उलंघन नही होना चाहिये। इसका ध्यान दख्त जाना चाहिये। भारत प्रबुद्ध और बहुत बड़ा प्रजातान्त्रिक देश है जहां आम नागरिक प्रजातान्त्रिक अधिकार और कर्तव्य निभाने में परिपक्व है। कुछ अपवाद तो हर जगह होते है। दुनियां भारतीय लोकतंन्त्र को इज्जत देते हुये मार्गदर्शक के रूप में देखती है। उम्मीद है सुप्रीम कोर्ट के मार्ग दर्शन का प्रभावी असर पड़ेगा और इच्छित नतीजे सामने आयेगे।

## प्रगति के पैमानों की अलग-अलग अवधारणाएं

संजीव ठाकुर

किसी भी देश के विकास तथा प्रगति के अलग-अलग मापदंड एवं अवधारणाएं हैं। भारत 1947 को स्वतंत्रता के बाद से ही पंचवर्षीय योजनाओं के लागू होने के साथ-साथ विज्ञान टेक्नोलॉजी उद्योग और आर्थिक योजनाओं के विकास के साथ-साथ कृषि के विकास पर भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देता आया है। परिणामस्वरूप आज 76 वर्ष के बाद भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दौड़ में शामिल हो चुका है। अब भारत के सामने पर्यावरण बचाने, कृषि तथा उद्योगों को बचाने के लिए नई-नई समस्याएं सामने आ रही हैं. अब भारत के सामने विकास के लिए डिजिटल भारत चाहिए या पर्यावरण बचाने के लिए ग्रीन भारत, इस पर भारत में वैज्ञानिकों,चिंतकों और राजनीतिज्ञों के मध्य गहन विचार विमर्श चल रहा है पर भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता है। निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है ।भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दर्शाया है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है ।निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था में सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है। आज सारी कार्य करा लिया मोबाइल ऐप तथा कंप्यूटर इंटरनेट से पूरी की जा रही है वहीं दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपनी कार्यसूची में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों में भी साबित हो चुका है जिसमें विश्व के शीर्ष नेतृत्व करने वाले देश पर्यावरण की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में सकारात्मक प्रयासों की तरफ अग्रसर हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**देश की जनता क्रिकेट से इतना लगाव रखती है कि होली के मुहावने पर न्यूजीलैंड के साथ चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में अनेक उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार भारत ने तीसरी बार चैम्पियन बनकर एक ओर विश्व रिकार्ड अपने नाम कर दिया है। मैच समाप्त होने के बाद प्रशंसकों की दीवानगी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के हर गाँव-शहर हर कॉलोनी में इतने पटाखे छोडे जा रहे थे कि मानो दिवाली आ गई हो। श्रेयश अय्यर ने लड़खड़ाती पारी को संभालते हुए देश के प्रशंसकों को होली का तोहफा दे दिया।**

# क्रिकेट चैम्पियनों के रंग में रंग गया रंगों का त्यौहार

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जहाँ एक ओर अभी-अभी सदी का महाकुंभ नये विश्व कीर्तिमान स्थापित कर समाप्त हुआ है। वहीं देश की जनता क्रिकेट से इतना लगाव रखती है कि होली के मुहावने पर न्यूजीलैंड के साथ चैम्पियनशिप के फाइनल मैच में अनेक उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार भारत ने तीसरी बार चैम्पियन बनकर एक ओर विश्व रिकार्ड अपने नाम कर दिया है। मैच समाप्त होने के बाद प्रशंसकों की दीवानगी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के हर गाँव-शहर हर कॉलोनी में इतने पटाखे छोडे जा रहे थे कि मानो दिवाली आ गई हो। दो-तीन दिन बाद होली का त्यौहार है किन्तु देश में यदि एक-दूसरे पर रंग फेंक कर होली मनाई जा रही थी तो दूसरी ओर धड़ाधड़ा बम फोड़कर दिवाली भी मनाई जा रही थी। टीम के कैप्टन ने सचिन की तरह आलोचकों को अपने रन उगलते बल्ले से खरा जवाब दिया तो श्रेयश अय्यर ने लड़खड़ाती पारी को संभालते हुए देश के प्रशंसकों को होली और दीवाली दोनों एक साथ मनाने का अवसर दिया। यद्यपि लोग अभी क्रिकेट की दिवाली मना रहे हैं किन्तु वहीं रंगों से सरोबार होली का त्योहार भी हर घर दस्तक दे रहा है । होली का त्योहार भारतवर्ष में अति प्राचीनकाल से मनाया जाता आ रहा है। यद्यपि यह देश के हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है तथापि त्यौहार के नाम में परिवर्तन हो सकता है। होली बहुत ही प्राचीन परम्परागत त्यौहार है ।



डॉ उमेश प्रताप वत्स



इतिहास की दृष्टि से देखें तो यह वैदिक काल से मनाया जाता आ रहा है। चैत्र कृष्ण प्रतिप्रदा के दिन धरती पर प्रथम मानव मनु का जन्म हुआ था। इस कारण इसे मन्वादितिथि भी कहते हैं। इसी दिन कामदेव का पुनर्जन्म हुआ था। इन सभी खुशियों को व्यक्त करने के लिए रंगोत्सव मनाया जाता है। नरसिंह रूप में भगवान इसी दिन प्रकट हुए थे जिन्होंने होलिका दहन करके प्रहलाद को बचाया था। यद्यपि दिवाली की भाँति होली पर्व के अवसर पर महीनों पहले सजावट का उत्साह, बाजार व घरों आदि में वैसी तैयारियां दिखाई नहीं देती तथापि होली का महत्व किसी भी अन्य त्यौहार से कम नहीं आँका जा सकता बल्कि इसका महत्व औरों से अधिक ही माना जाता है। बहुत ही कम खर्चीला त्यौहार है होली । न हजारों रुपये के पटाखे लाने पड़ते न बहुत ज्यादा साज-सजावट और फिर भी मस्ती सबसे अधिक।

भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्न-भिन्न ढंग से मनाया जाता है। उत्तर भारत में तो अपनी स्थानीय परम्पराओं से होली को और भी रंगीन बना दिया जाता है । विविधता में एकता के दर्शन वास्तव में यदि कहीं देखने हो तो होली पर्व पर दिखाई देते हैं। ब्रज की होली आज भी सारे देश के आकर्षण का बिंदु है। बरसाने की लठमार होली काफ़ी प्रसिद्ध है। बरसाने की साँकरी गली से ग्वालों के रूप में जब मर्द निकलते हैं तो गोपियों के रूप में महिलाएं पहले तो रंगों से भरी बाल्टी उड़ेलकर होली को रंगीन बना देती है और फिर लट्ठमार होली प्रारंभ होती है । इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएँ उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। न केवल देश से अपितु विदेश से भी लोग यहां होली में शामिल होने को आतुर रहते हैं। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में भी 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है। हरियाणा की धुलंडी में भाभी द्वारा देवर को सताए जाने की प्रथा देखते ही बनती है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र की रंग पंचमी में सूखा गुलाल खेलने, गोवा के शिमगो में जलूस निकालने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा पंजाब के होला मोहल्ला में सिक्खों द्वारा शक्ति प्रदर्शन की परंपरा है। बैल गाड़ी दौड़, घुड़ दौड़, वजन उठाना, कबड्डी आदि होली के आकर्षण होते हैं। हरियाणा ,पंजाब ,हिमाचल प्रदेश व उत्तरप्रदेश में होली के अवसर पर जगह-जगह कुश्ती के दंगल आयोजित करने की परम्परा है। रंगों से रंगे पहलवान जब अखाड़े में उतरते हैं तो कुश्ती की जोरअजमाइश में पसीनों से लथपथ वे माटी से सने हुये होली के रंगो की तरह दिखाई देते हैं । दक्षिण गुजरात के आदिवासियों के लिए होली सबसे बड़ा पर्व है, छत्तीसगढ़ की होली में लोक गीतों की अद्भुत परंपरा है और मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है भगोरिया, जो होली का ही एक रूप है। बिहार का फगुआ जम कर मौज मस्ती करने का पर्व है और नेपाल की होली में इस पर धार्मिक व सांस्कृतिक रंग दिखाई देता है। इसी प्रकार विभिन्न देशों में बसे प्रवासियों तथा धार्मिक संस्थाओं जैसे इस्कॉन या वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में अलग अलग प्रकार से होली के श्रृंगार व उत्सव मनाने की परंपरा है जिसमें अनेक समानताएँ और भिन्नताएँ हैं।

हिंदुस्थान का सर्वाधिक प्राचीनतम त्यौहार है होली पर्व। दो दिवसीय यह त्यौहार पूरी मानवता एवं संस्कृति को अपने में समेटे हुए है। रंगों के इस त्यौहार में सब भेदभाव मिट जाते हैं। कौन छोटा कौन बड़ा, कौन गरीब कौन अमीर सब रंगों से सरोबार होकर एक हो जाते हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि जबसे मानव सृष्टि है तभी से रंगों का यह त्यौहार भिन्न-भिन्न रूपों में मनाया जाता रहा है। होली के पर्व से अनेक कहानियाँ जुड़ी हुई हैं। इनमें से सबसे प्रसिद्ध कहानी है प्रह्लाद की। माना जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था। अपने बल के अहंकार में वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था। प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकश्यप ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। सबसे पहले होली के पहले दिन सार्वजनिक स्थान पर झंडा गाड़ कर विधिवत पूजन किया जाता है। होली से काफ़ी दिन पहले से ही यह सब तैयारियाँ शुरू हो जाती हैं। पर्व का पहला दिन होलिका दहन का दिन कहलाता है। भरभोलिए गाय के गोबर से बनी ऐसी गोल तश्तरी सी होती हैं जिनके बीच में छेद होता है। इस छेद में मूँज की रस्सी डाल कर माला बनाई जाती है। एक माला में सात भरभोलिए होते हैं। होली में आग लगाने से पहले इस माला को भाइयों के सिर के ऊपर से सात बार घूमा कर फेंक दिया जाता है। रात को होलिका दहन के समय यह माला होलिका के साथ जला दी जाती है। इसका यह आशय है कि होली के साथ भाइयों पर लगी बुरी नज़र भी जल जाए।

# बदज़ुबान नेताओं का करें बहिष्कार?


**ऐसी योजनाएं जब केंद्र सरकार द्वारा या मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान,छत्तीसगढ़ अथवा अन्य किसी भाजपा शासित राज्य द्वारा लागू की जाती है तो वह रेवड़ी न होकर ज़रुरत बन जाती है। इतनी बड़ी ज़रुरत कि मोदी सरकार को अपनी इसी महान उपलब्धि पर अपनी पीठ थपथपानी पड़ती है कि वह 80 करोड़ देशवासियों को मुफ़्त राशन बाँट रही है। इसी वर्ग को वह मतदाताओं की लाभार्थी श्रेणी भी समझती है। यदि इस तर्क को मान लिया जाये तो यही मुफ़्त राशन ग्रहण करने वाला वर्ग उन सत्ताधीशों को उस मुक़ाम पर पहुंचाता है जिसके लिये वे तरह तरह के छलकपट, प्रपंच, झूठ फ़रेब, ध्रुवीकरण आदि सभी हथकण्डों का सहारा लेते रहते हैं।**

भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें लोग अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को वोट देकर एक ऐसी सरकार चुनते हैं जिस में सभी को समान अधिकार होते हैं। लोकतंत्र समानता, भागीदारी, और मौलिक अधिकारों के सिद्धांतों पर आधारित होता है। संक्षेप में एक लोकतान्त्रिक सरकार जनता की सरकार होती है जो जनता द्वारा, जनता के लिये चुनी जाती है। परन्तु प्रायः यही देखा गया है कि जनता की सेवा के नाम पर चुनावी पोस्टर,बैनर्स व कटआउट में हाथ जोड़े हुये वोट मांगते दिखाई देता नेता चुनाव जीतने के बाद जनता का प्रतिनिधि नहीं बल्कि जनता का 'बॉस' बना नज़र लगता है। सरकारी सुरक्षा, स्वागत, फूल-माला, जयजयकार, भाषणबाज़ी, अपने परिजनों व चेलों को फ़ायदा पहुँचाना, जमकर लूट खसोट करना, दबंगई व चौधर दिखाना मंत्री बनने की जुगत भिड़ाना,यदि मंत्री हैं तो मुख्यमंत्री पद के लिये लालायित रहना उज्जवल राजनैतिक भविष्य की ख़ातिर दल बदल की संभावनाओं को तलाशना आदि इसी तरह की समाजसेवा में माननीय के 5 वर्ष बीत जाते हैं। और जनता 5 वर्षों बाद जब स्वयं को ठगा महसूस करती है तो ज़्यादा से ज़्यादा उसकी जगह किसी दूसरे का चुनाव कर लेती है। और वह भी अपने पूर्ववर्ती के नक़्शे क़दम पर चलने लगता है।



तनवीर जाफ़री

माननीयों द्वारा जनता की ज़रूरतों से मुंह मोड़ने और सारा ध्यान अपनी ज़रूरतों को पूरा करने में लगाने का ही नतीजा है देश में बढ़ती बेरोज़गारी, मंहगाई, विकास बाधित होना, बिजली पानी सड़क स्वास्थ व शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतें समुचित तौर से आम जनता तक न पहुँच पाना और अराजकता व क़ानून व्यवस्था जैसी समस्याओं का लगातार बढ़ते जाना। और जब यही स्थिति अनियंत्रित होने लगती है उस समय यही शातिर नेता जनता से वोट झटकने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाते हैं। समाज को धर्म व जातियों के आधार पर विभाजित करते हैं। क्षेत्र व भाषा जैसे भावनात्मक मुद्दे उछाल कर सस्ती लोकप्रियता अर्जित करते हैं, मंदिर मस्जिद जैसे विवादों को पहले खड़ा करते हैं फिर इसे हवा देते हैं। वैज्ञानिक युग में अवैज्ञानिक तर्क देकर लोगों का ध्यान भटकते हैं। और इसी शातिर सियासत का ही एक पहलू यह भी है कि नेताओं द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये तरह तरह की मुफ़्त योजनायें लागू की जाती हैं। जो सरकारें या पार्टियां इन योजनाओं को स्वयं चलाती हैं वे इन योजनाओं को बेहद ज़रूरी व जनहितकारी बताती हैं जबकि अन्य दलों के नेताओं को ऐसी योजनायें मुफ़्त की रेवड़ी नज़र आती हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाई जा रही ऐसी योजनाओं को मुफ़्त रेवड़ी कल्चर बता चुके हैं और इससे बचने की सलाह भी दे चुके हैं।



परन्तु ऐसी योजनाएं जब केंद्र सरकार द्वारा या मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान,छत्तीसगढ़ अथवा अन्य किसी भाजपा शासित राज्य द्वारा लागू की जाती है तो वह रेवड़ी न होकर ज़रुरत बन जाती है। इतनी बड़ी ज़रुरत कि मोदी सरकार को अपनी इसी महान उपलब्धि पर अपनी पीठ थपथपानी पड़ती है कि वह 80 करोड़ देशवासियों को मुफ़्त राशन बाँट रही है। इसी वर्ग को वह मतदाताओं की लाभार्थी श्रेणी भी समझती है। यदि इस तर्क को मान लिया जाये तो यही मुफ़्त राशन ग्रहण करने वाला वर्ग उन सत्ताधीशों को उस मुक़ाम पर पहुंचाता है जिसके लिये वे तरह तरह के छलकपट, प्रपंच, झूठ फ़रेब, ध्रुवीकरण आदि सभी हथकण्डों का सहारा लेते रहते हैं। इतना ही नहीं इन्हीं मुफ़्त ख़ोर मतदाताओं की कृपा से शीर्ष पदों पर पहुंचे ऐसे नेताओं में अहंकार भी इस क़द्र भर जाता है कि जिस जनता का वोट लेते समय यह अवसरवादी व स्वार्थी नेता इन्हें जनता जनार्दन यानी जनता के रूप में ईश्वर कहकर सम्बोधित करते हैं इन्हीं नेताओं द्वारा इसी जनता को भिखारी कहने में भी इन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं होती। जबकि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी हर भारतवासी को ईश्वर का अंश बता चुके हैं। परन्तु ईश्वर रुपी जनता जनार्दन का ऐसा ही अपमान पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान में मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा करते सुना गया। उन्होंने एक सभा में कहा कि अब तो सरकार से भीख मांगने की आदत लोगों को पड़ गई है। नेता आते हैं तो उनको एक टोकरी कागज़ मिलते हैं। मंच पर माला पहनाएंगे और पत्र पकड़ा देंगे... यह अच्छी आदत नहीं है। लेने के बजाय देने की मानसिकता बनाइए। भिखारियों की फ़ौज इकट्ठा करने से यह समाज मज़बूत नहीं होगा। यह समाज को कमज़ोर करना है। भिखारी शब्द के सन्दर्भ में यहाँ यह वर्णित करना भी ज़रूरी है कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री स्वयं अपने कई साक्षात्कार में बता चुके हैं कि उन्होंने 35/40 वर्षों तक भीख मांगकर अपना जीवन गुज़ारा है। जिस भीख की बात मोदी जी करते हैं उस भीख का अर्थ तो है कि खुद बिना मेहनत किये दूसरों की कमाई खाना । परन्तु यदि आप जनता के टैक्स के पैसों से जनता के लाभ के लिये कोई योजनाएं लाते हैं तो वह भीख कैसे हो गयी? और यदि यह भीख है तो जनता के इन्हीं पैसों से सत्ताधीशों व निर्वाचित सदस्यों का ऐश करना, इन्हीं पैसों से अपनी सुरक्षा पर ख़र्च करना,तमाम तरह की सब्सिडी लेना निर्वाचित होते ही फ़र्श से अर्श पर पहुँच जाना,क़र्ज़ मुक्त हो जाना,रातोंरात धन पति बन जाना यह सब क्या है ? एक और बात, हमारे देश में एक विशेष समुदाय बल्कि %अति विशेष व सम्मानित % समुदाय ऐसा भी है जो बड़े गर्व से यह कहता है कि भिक्षा माँगना हमारे संस्कारों में शामिल है। इसके अलावा स्वयं को पुण्यार्थी समझने वाले दानदाताओं ने ही पूरे भारत में भिखारियों की लंबी फ़ौज बना दी है। हमारे धर्म प्रधान देश का शायद ही कोई ऐसा धर्म स्थान हो जहां भिखारी डेरा न जमाये रहते हों। परन्तु यदि जनता अपने क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित मांगपत्र अपने निर्वाचित प्रतिनिधि या राज्य के मंत्री को सौंपती है तो यह तो उसका अधिकार है? अपने या प्रदेश के जनसेवक से अपनी समस्याएं सांझी नहीं करेगी तो किस से करेगी? आपको विधायक मंत्री बनाया किस लिये गया है ? आप आख़िर हैं किस मर्ज़ की दवा? क्या जनता के टैक्स के पैसों पर मुफ़्तख़ोरी करने का अधिकार केवल ऐसे माननीयों का ही है जो जनता को वोट मांगते समय भगवान और मंत्री बनने के बाद भिखारी बताने लगे? जनता का अपमान करने वाले ऐसे बदज़ुबान, ख़ुदग़र्ज़, अहंकारी व सत्ताभोगी नेताओं से न केवल सचेत रहने बल्कि इनका बहिष्कार करने की भी सख़्त ज़रुरत है।

# रसोई पर बाजार के हमले से चौपट होता स्वास्थ्य

**अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है।**

आज रसोई पर संकट मंडरा रहा है, बाजारवाद ने रसोई के अस्तित्व को ही बदल दिया है, न केवल रेसाई को बदला है बल्कि हमारे शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक खानपान को ही ध्वस्त कर दिया है, जिससे हमारा स्वास्थ्य तो चौपट हो ही रहा है, हमारे पारिवारिक एवं भावनात्मक संबंध भी चरमरा रहे हैं। देश-दुनिया में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का चलन और इससे होने वाले नुकसान बढ़ते जा रहे हैं। मोटापा सहित अनेक बीमारियां संकट पैदा कर रही है। इन्हीं चिन्ताओं के बीच यूनिसेफ की एक ताजा रिपोर्ट चौंकाती भी है एवं लगातार स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के कारण को दर्शाती है। यूनिसेफ ने भारत समेत 97 देशों में अध्ययन कर बताया है कि पिछले 15 साल में दुनियाभर में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी है, जिससे जेब पर भी असर पड़ा है और स्वास्थ्य पर भी, विशेषतः पारिवारिक संरचना पर। ज्यादा-से-ज्यादा चेन स्टोर-सुपरमार्केट खुलने के बाद लोग इनका अधिक सेवन कर रहे हैं। जिन देशों में प्रतिव्यक्ति सर्वाधिक चेन किराना स्टोर एवं सुपरमार्केट हैं, वहां लोग ज्यादा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदते हैं। 'नेचर फूड' पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सरकार को सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। अध्ययन के मुताबिक, जिन देशों में पिछले 15 साल में सुपरमार्केट से तले-भुने एवं जंक खाद्य पदार्थों की बिक्री में 11 फीसदी वृद्धि हुई है, वे भारत, बांग्लादेश, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर जैसे देश हैं। रिपोर्ट का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि दक्षिण एशिया में यह बढ़ोतरी अन्य देशों की तुलना में तेज रही। आंकड़े बताते हैं कि बीते डेढ़ दशक में विश्व स्तर पर सुपरमार्केट 23.6 फीसदी बढ़े हैं, जबकि इस दौरान दुनियाभर में मोटापा 18.2 प्रतिशत से बढ़ कर 23.7 प्रतिशत हो गया है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खरीद बढ़ने से अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात में भोजन पर खर्च बहुत अधिक बढ़ा है। भारत में भी पिछले साल के अंत में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण की रिपोर्ट कहती है कि लोगों के खाद्य बजट में सब्जियों, पैकेटबंद चीजों एवं जंक फूड्स की ही बड़ी हिस्सेदारी है। खाद्य पदार्थों के व्यापार पर नजर रखने वाली एजेंसी यूरोमॉनिटर के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की प्रतिव्यक्ति सालाना बिक्री 2005 में दो किलोग्राम थी, जो 2019 में छह किलोग्राम और 2024 में आठ किलोग्राम हो गयी।



ललित गर्ग

सीएसइ (सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायर्नमेंट) द्वारा भारत में किये गये अध्ययन से भी इसका खुलासा हुआ है कि जंक फूड और पैकेटबंद भोजन मोटापा, कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दिल की बीमारियां बढ़ा रहे हैं। यह कितना बड़ा मुद्दा है, इसे इसी से समझा जा सकता है कि इस बार बजट से पहले की आर्थिक समीक्षा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर अधिक टैक्स लगाने की सिफारिश की गयी थी। जाहिर है, अगर अभी नहीं संभले, तो बहुत देर हो जायेगी। इंसानों की तोंद बढ़ती जा रही है। इस बढ़ते मोटाने की भयावहता को महसूस करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ जंग छेड़ी है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानंत्री ने कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे का शिकार होंगे। प्रधानमंत्री ने इन आंकड़ों को खतरनाक बताते हुए मोटापे को मात देने के लिए लोगों को मंत्र भी दिये हैं। ये मंत्र हैं- खाने वाले तेल में लोग 10 फीसदी की कटौती एवं जीवनशैली में बदलाव करें। अगर समय पर इस पर ध्यान नहीं गया तो भविष्य में बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं होंगी। मोटापे की वजह से हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है।



स्वाद में चटपटी और जब जरूरत हो, तब पैकेटबंद भोजन की उपलब्धता ने हमें अपने घर की रसोई की जगह बाजार पर निर्भर बना दिया है। इसके लिए बाजार ने कई तरह के लुभावने एवं बाजारवादी तर्क और नारे गढ़ रखे हैं। ये नारे और तर्क हमें लुभाते एवं गुलाम बनाते हैं। समय की बचत के नाम पर हमें मजबूर करते हैं कि हम अपने घर की रसोई को बंद ही रखें। हमारे खान-पान की परंपरा और पौष्टिकता पर यह एक तरह से हमला है। बाजार हमें सिखाना चाहता है कि परिवार में जब जिसको भूख लगे, वह बाजार जाए, आनलाइन ऑर्डर करें और?खा ले। पहले परिवार के लोग एक साथ बैठकर?खाते थे, तब परिवार का हर सदस्य एक दूसरे के सुख-दुख से परिचित होता एवं संवेदनाओं से जुड़ता था। दुख, परेशानियों, निराशाओं को दूर करने का सामूहिक प्रयास किया जाता था। सलाह मशविरा किए जाते थे। आज हमें बाजार सामूहिकता से काटकर वैयक्तिक एवं एकांगी बना रहा है। यदि हमने अपनी रसोई को सहेजकर नहीं रखा, तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब हमें पूरी तरह बाजार के डिब्बाबंद भोजन पर ही निर्भर रहना पड़े।

विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 14 फीसदी वयस्क और 12 फीसदी बच्चे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स की लत का शिकार बन चुके हैं। लोगों में स्वास्थ्य के नजरिए से हानिकारक इन खाद्य पदार्थों को लेकर जो लगाव है, वो शराब और तम्बाकू जितना ही बढ़ चुका है। बता दें कि दुनिया भर में 14 फीसदी लोग शराब के और 18 फीसदी लोग तम्बाकू के आदी बन चुके हैं। ऐसे में 14 फीसदी वयस्कों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की दीवानगी एवं आकर्षण बेहद गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। यह जानकारी अमेरिका, ब्राजील और स्पेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए अध्ययन में सामने आई है, जिसके नतीजे नौ अक्टूबर 2023 को द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह अध्ययन 36 देशों में प्रकाशित 281 अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

आजकल मार्केट में पैकेटबंद एवं जंक फूड्स की भरमार है। चिप्स से लेकर दूध, मसाले और हर एक चीज प्लास्टिक, एल्युमिनियम या पेपर की पैकिंग के साथ आ रही है। सुविधा के नाम पर हो रहा यह हमला कई सारे साइड इफेक्ट्स दे रहा हैं। न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चे भी पैकेटबंद चिप्स, जूस, कुकीज और नमकीन, नूडल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसी भी तरह की खाने-पीने की चीज की अगर पैकेजिंग की जाती है तो उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और ज्यादा समय तक चलने के लिए तीन चीजें मिलायी जाती हैं। प्रीजर्वेटिव्स, नकली रंग और एक्स्ट्रा फैट।

# 10 से 25 हजार रुपये के मूल्य वाले स्टांप पत्र अवैध करार

अवधनामा संवाददाता



■ ये स्टाम्प चलन से होंगे बाहर, इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा

**लखनऊ।** यूपी में अब 10 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक के भौतिक स्टांप वैध नहीं माने जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके बाद अब 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक के स्टांप पत्र चलन से बाहर हो जाएंगे। अब इनके स्थान पर ई-स्टाम्प का उपयोग किया जाएगा। हालांकि, अधिसूचना जारी होने से पहले खरीदे गए पत्र 31 मार्च तक वापस किए जा सकेंगे या फिर प्रयोग किए जा सकेंगे।

**बैठक में कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :** बैठक में बलिया में मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए भूमि का निशुल्क हस्तांकरण करने की सहमति दी। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निशुल्क हस्तांतरण की सहमति दी।

सैफई में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 300 बेड के गायनी ब्लॉक के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति देने पर सहमति बन गई। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत लखनऊ में डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीपी को 0.8 हेक्टेअर भूमि दिए जाने का फैसला हुआ।

टैक्सफेड समूह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड, कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निशुल्क हस्तांतरण करने का निर्णय लिया गया। हरदोई की तहसील सदर परगना गोपामऊ के ग्राम दही में महर्षि दधीचि कुंड के आसपास पर्यटन विकास के लिए बंजर श्रेणी की शासकीय भूमि को निशुल्क हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं क्रय नीति को मंजूरी दी गई।

# मेले में बिकी 25 लाख की किताबें



अवधनामा संवाददाता

■ रही कविताओं की गूंज, हुआ विमोचन और सम्मानित हुए प्रतिभागी

**लखनऊ।** अगले वर्श फिर आने के वादे के साथ रवीन्द्रालय चारबाग में एक मार्च से चल रहा लखनऊ पुस्तक मेला विदा हो गया। मोटे अनुमान के मुताबिक मेले में कुल 25 लाख रुपये की पुस्तकें बिकीं। अंतिम दिन आज रविवार के नाते मेले में छात्र-छात्राओं के संग पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ रही।

मेले को एक अच्छा अनुभव बताते हुए मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में 25 लाख रुपये से अधिक की पुस्तकों की बिक्री हुई। बच्चों और युवाओं की भागीदारी मेले में सर्वाधिक रही। समापन समारोह में चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट, दिव्यांश पब्लिकेशंस, नवपल्लव, अदित्रि बुक्स, राष्ट्रधर्म प्रकाशन, नमन प्रकाशन, नवपल्लव, बोधरस प्रकाशन आदि अन्य प्रतिभागी प्रकाशनों, वितरकों और यूपी त्रिपाठी, ज्योति किरन रतन आदि सहयोगियों को अतिथियों के साथ मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने स्मृति चिह्न प्रदान किये। इससे पहले मंच पर शुभि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक काशी शैविज्म का विमोचन प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डा.कुमकुम धर ने किया। पुस्तक के लेखक गौतम चटर्जी ने बताया कि उनकी किताब कला, अध्यात्म और दर्शन को रेखांकित करती है। प्रो.प्रकाश ने कहा कि पुस्तक विषय पर लेखक की गहन पैठ से निकली है। डा.कुमकुम धर ने नृत्य में नटराज के ताण्डव और लास्य के महत्व को बताया।

# तुलसीदास जी की चिंता लोक का उद्धार था : प्रो प्रणव मिश्र

अवधनामा संवाददाता



■ 'रामकाव्य परम्परा और गोस्वामी तुलसीदास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्टी का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ एवं बीएसएनवीपीजी कॉलेज, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आज 'रामकाव्य परम्परा और गोस्वामी तुलसीदास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का सत्कार प्रतीक चिन्ह तथा उत्तरीय के द्वारा किया गया। संगोष्ठी का समन्वय प्रो प्रणव कुमार मिश्र के प्रयासों से पूर्ण हुआ। संगोष्ठी में प्रो हरिशंकर मिश्र जी ने मुख्य वक्तव्य देते हुए रामकाव्य के विकास को वाल्मीकि रामायण से लेकर वर्तमान समय तक की सुत्रबद्धता के रूप में व्याख्यायित किया। उन्होंने बतलाया कि तुलसीदास जी की चिंता लोक का उद्धार था। प्रो मिश्र ने अनेक रामकथाओं से तुलसी के रामकाव्य की तुलना करते हुए तुलसीदास के संग्रह व त्याग के विवेक को स्पष्ट किया। इसी विवेक के कारण तुलसी की रामकथा जन-जन के लिए गंगा के समान सुलभ व कल्याणकारी हो गई। तत्पश्चात् लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के प्रो उमेश सिंह ने अपने वक्तव्य में रामराज्य की विशेषताओं पर श्रोताओं का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने इस बात की ओर भी चिंता प्रकट की कि वर्तमान समय में माता, पिता तथा गुरू के प्रति निष्ठा में कमी आई है जिसका निवारण तुलसी साहित्य के अनुशीलन से संभव है। आईटी कॉलेज की प्रो नीतू शर्मा जी ने बतलाया कि रामचरितमानस भारत की सांस्कृतिक एकता का भाषिक सूत्र है। उन्होंने बतलाया कि किस प्रकार तुलसीदास ने मानवीय संवेदनाओं को लोक व आदर्श से जोड़कर रामकाव्य को शीर्ष पर पहुँचा दिया। डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने रामकाव्य परम्परा को वेदांत से जोड़कर बतलाया कि गोस्वामी जी ने रामकाव्य की विविध परम्पराओं का किस प्रकार समाहार किया। उन्होंने कहा कि राम की आवश्यकता आज पग-पग पर है।

# ग्रामीण उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति न देने पर दे मुआवजा

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद ने आयोग से मुआवजा दिलाने की उठाई मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निजीकरण के पहले प्रयोग नोएडा पावर कंपनी द्वारा 33 साल बाद भी लगभग 118 गांवो को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति न किए जाने के मामले में नोएडा पावर कंपनी घिरती जा रही है नोएडा पावर कंपनी में कम बिजली दिए जाने का मुद्दा वहां के किसान यूनियन द्वारा उपभोक्ता परिषद को संदर्भित किया गया जिसमें किसान नेताओं ने कहा 24 घंटे की बात तो दूर 14 घंटे बिजली मिल रही है रोस्टर से भी कम बिजली नोएडा के गांव को दिए जाने के मामले में आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के सदस्य श्री संजय कुमार सिंह को एक लोक महत्व जनहित प्रस्ताव सौंपते हुए कहा बड़े दुर्भाग्य की बात है कि यूपीएसएलडीसी उत्तर प्रदेश स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर) जो स्वतंत्र संस्था है और सभी बिजली निगमो की आपूर्ति की स्थिति पब्लिक डोमेन में डालती है लेकिन आज तक नोएडा पावर कंपनी की रिपोर्ट क्यों नहीं सार्वजनिक की गई जो रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का उल्लंघन है उपभोक्ता परिषद ने कंस्यूमर राइट रूल 2020 की धारा 10 के तहत नोएडा क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से 24 घंटे बिजली न दिए जाने के मामले में आयोग के सामने यह भी मुद्दा उठाया की सभी उपभोक्ताओं को मुआवजा दिलाया जाए। विद्युत नियामक अयोग नोएडा पावर कंपनी के पिछले 5 वर्षो के विद्युत आपूर्ति के आंकड़े मागे जिससे नोएडा पावर कंपनी के क्षेत्र में ग्रामीण उपभोक्ताओं को कितनी विद्युत आपूर्ति पिछले सालों में हुई है उसका सही आकलन आए सामने।

# उप महाप्रबंधक को दी श्रद्धांजलि



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 10 मार्च 2025 को प्रशासनिक भवन परिसर में एक शोक सभा का आयोजन कर स्वर्गीय कुमार गौरव, उप महाप्रबंधक, केरंदारी सीएमपी, को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे 8 मार्च को दिवंगत हो गए थे। सभा में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार के नेतृत्व में कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक, संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक, अतिन कुंडु, महाप्रबंधक, सुजय कर्मकार, महाप्रबंधक तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुखसहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में सीएमएस छात्रों ने जीते तीन गोल्ड

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों वीनस, हार्दिक मणि तिवारी एवं अयांश श्रीवास्तव ने इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में तीन गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में हुआ।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों ने विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट ज्ञान, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु तीनों प्रतिभाशाली छात्रों को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके फलस्वरूप सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्धाश्रम, बुजुर्गों की हुई स्वास्थ्य जांच



**सुल्तानपुर।** धैर्य-प्रीत फ़ाउंडेशन ट्रस्ट और आरोग्य भारती कुशभवनपुर इकाई ने संयुक्त रूप से आनंद भवन स्थित वृद्धाश्रम में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बुजुर्गों की आंखों और स्वास्थ्य की विशेष जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुनील मिश्रा, डॉ. घनश्याम अग्रहरि, डॉ. दीपक दूबे, रत्नेश तिवारी और अध्ययन मिश्रा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। चिकित्सकों की टीम ने वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया। धैर्य-प्रीत फ़ाउंडेशन ट्रस्ट की प्रबंधक रीता मिश्रा ने शिविर में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों और सहयोगियों का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से लगाया गया था और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना की और ट्रस्ट के प्रयासों के प्रति आभार जताया।

### नालियां चोक होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी



सुलतानपुर। नगर के वार्ड नं.15 मोहल्ला घांसीगंज गोराबारिक श्याम बिहार कालोनी अमहट मंडी रोड पर नालियां चोक होने से मोहल्ले में सड़क पर जल भराव हो रहा है। सड़क पर गंगा पानी भरा होने से मोहल्लेवासियों को आवागमन में समस्या हो रही है। जिससे आस पास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि नाली के पानी की निकासी बन्द होने से खतरनाक जानवर जल भराव के माध्यम से घरों में प्रवेश कर जाते हैं। जिसकी शिकायत मोहल्ले के लोगों ने सभासद से की थी,लेकिन नतीजा जस का तस बना हुआ है। मोहल्ले के मकसूद अहमद, प्रवीण कुमार जायसवाल, इन्दिरा देवी, रिजवान खान,देवब्रत सिंह एडवोकेट, मेंहदी,अनीस अहमद, अब्दुल हमीद ने नाली की साफ सफाई करवाने व समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से की है।

### स्टेशन-स्तरीय लीन सेफ्टी सर्कल सम्मेलन का आयोजन



**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनामा संवाददाता)।** एनटीपीसी सिंगरौली के बीई विभाग ने सुरक्षा सप्ताह पहल के तहत स्टेशन-स्तरीय लीन सेफ्टी सर्कल सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 17 टीमों (78 प्रतिभागियों) के ठेका सहयोगियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो सुरक्षा जागरूकता और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सम्मेलन में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जोसेफ बास्टियन, महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

# टीएमयू में नर्सिंग स्टुडेंट्स की वूमेन्स डे पर अवेयरनेस रैली

अवधनामा संवाददाता



■ प्रो. मंजुला जैन बोलीं, महिलाएं अपने आप को न समझें अबला

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरे कैंपस में जागरूकता रैली निकाली गई। नर्सिंग कॉलेज से डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली नर्सिंग कॉलेज से प्रारम्भ होकर इंडोर स्टेडियम, क्रिकेट ग्राउंड, मेडिकल कॉलेज, रिद्धि-सिद्धि भवन, प्रशासनिक भवन, पवेलियन होते हुए वापस नर्सिंग कॉलेज आकर समाप्त हुई। प्रशासनिक भवन से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन भी रैली में शामिल हुईं। रैली के दौरान नर्सिंग स्टुडेंट्स हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर्स, तख्तियां और बैनर्स लेकर चल रहे थे। साथ ही स्टुडेंट्स ने बेटी बचेगी, सृष्टि रचेगी..., बेटी पर अभिमान करो, जन्म होने पर सम्मान करो..., जब है नारी में शक्ति सारी, फिर क्यों कहें बेचारी सरीखे नारों से महिलाओं को प्रोत्साहित किया। रैली के बाद नर्सिंग कॉलेज में गोष्ठी में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए बोलीं, महिलाएं अपने आप को अबला न समझें। महिलाओं को अपने हुनर और काबिलियत के बूते अवसरों को प्राप्त करना चाहिए। महिला दिवस केवल आज के दिन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर एक दिन महिलाओं का होना चाहिए। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम-एक्सिलरेट एक्शन फॉर जेंडर इक्विलिटी को बताते हुए कहा, महिलाओं को अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति को मजबूत करना चाहिए। अपनी उद्यमशीलता को मूर्त रूप देकर आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर प्रो. रामनिवास सिंह, डॉ. सपना सिंह, डॉ. रामकुमार गर्ग, प्रो. जितेन्द्र सिंह शेखावत, प्रो. अनुषी सिंह, श्रीमती एकजोत कौर, श्रीमती पूजा झा आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

# प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान एएमयू के प्रो वाइस चांसलर नियुक्त

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग के प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान को विश्वविद्यालय का प्रो-वाइस चांसलर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगी। प्रो. खान एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, शोधकर्ता और प्रशासक हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने विश्वविद्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह 2014 से 2016 तक कॉमर्स संकाय के डीन और 2016 से 2019 तक कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा, उन्होंने तीन से अधिक वर्षों तक विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर के रूप में कार्य किया और वर्तमान में वे विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। एक कुशल शोधकर्ता के रूप में, प्रो. खान ने दर्जनों शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और कई पुस्तकें व मोनोग्राफ लिखे हैं।

# 'ऋषि का साहित्य मानवीय जीवन की गरिमा का बोध कराता है'



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''रामा डिग्री कॉलेज, बीएड-एमएड विभाग, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उप्र'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 434वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकती कुसुम श्रीवास्तव (पुत्रवधू) एवं नवीन चंद्र श्रीवास्तव (पुत्र) ने अपने माता स्व कमला श्रीवास्तव एवं पिता स्व डॉ प्रभात चन्द्र श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का साहित्य मानवीय जीवन की गरिमा का बोध कराता है। संस्थान के चेयरमैन मनोज कुमार यादव एवं वीके श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्राचार्य डॉ मयंक सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, कुसुम श्रीवास्तव, अधिवक्ता नवीन चंद्र श्रीवास्तव, वीके श्रीवास्तव, रेखा, देवेन्द्र सिंह तथा संस्थान के चेयरमैन मनोज यादव, और प्राचार्य डॉ मयंक सहित कॉलेज के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह में 102 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे



अवधनामा संवाददाता

**भदैया, सुल्तानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को भदैया ब्लॉक परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। यहां एक ही मंडप में 101 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। इनमें 1 मुस्लिम जोडा भी था। ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़े विवाह बंधन में बंधे। ब्लाक प्रमुख राजेंद्र वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों के सुखद जीवन की मंगलकामना की, और कहा शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें से 35 हजार रुपये कन्या के खाते में जमा कराए गए। शेष धनराशि से दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध कराई गई। आगे राजेंद्र वर्मा ने कहा सरकार ने बेटियों के विवाह के भारी खर्च से समाज को मुक्ति देने के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना को शुरू किया है। इस योजना के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अपनी कन्याओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। शादी में आए हुए लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। इस मौके खण्ड विकास अधिकारी देव नायक सिंह, समाज कल्याण विपिन कुमार, बृजेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश, अनीता, रणंजय समेत अन्य मौजूद रहे।

# पत्रकार की हत्या से पत्रकारों में उपजा आक्रोश

## सड़क उतरे पर पत्रकार, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौपा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार की बदमाशों द्वारा घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाते हुए हत्या किए जाने के मामले को लेकर नाराज जिले के पत्रकारों ने प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। पत्रकारों ने 9 सूत्रीय मांगों के माध्यम से पत्रकार के परिजनों को मुआबजा देने, सुरक्षा के इंतजाम करने, पत्रकार आयोग का गठन करने, माफियाओं की जाँच करवाकर कठोर कार्यवाही करने संबंधी मांगे शामिल है।

यहाँ पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश शुक्ल ने कहा उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के दोषियों को कठोर सजा दिलाने, धान खरीद में हो रहे गड़बड़ झाले व चावल माफिया के खेल की सीबीआई जांच कराने, प्रदेश भर में भ्रष्टाचार का पर्याय बने रजिस्ट्री विभाग के काले कारनामों की जांच करवाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराए जाने के संबंधित मांग पत्र दिया गया है। वर्तमान प्रदेश व केंद्र की सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा व कानून व्यवस्था का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, इसके उलट पूरे प्रदेश में अपराध व अपराधियों की बाढ़ सी आ गई है। शासन सत्ता की सह पर यह बेखौफ अपराधी तरह-तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पत्रकार यदि उनके काले कारनामों की जानकारी लगने पर पुख्ता सबूत के बाद अपने अखबारों के माध्यम से इन्हें सरकार व शासन के सामने नंगा करते हैं तो यह बेखौफ अपराधी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे रहे है। माफियाओं अपराधियों की ऐसी फौज जिन्हें कहीं ना कहीं सरकार का संरक्षण प्राप्त है, गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ये तरह-तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त है, गरीबों का शोषण कर रहे हैं।उपजा जिलाध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की बदमाशों द्वारा घेर कर ताबड़तोड़ गोलियां वर्षा कर की गई हत्या से सभी साथियों ने आक्रोश है।इस हत्याकांड से पूरे प्रदेश के पत्रकार निष्पक्ष पत्रकारिता से डर गए है,उन्हें खौफ सताने लगा है। हमारा पत्रकार साथी अपने जिले में अपने ब्लॉक में इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहा है।

**जिले के पत्रकारों ने उठाई मांग**

सुल्तानपुर के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश में पत्रकार आयोग का गठन करते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराये जाने, मृतक राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा दिलाये जाने, परिवार को एक सरकारी नौकरी दिये जाने,पेपर कटिंग के आधार पर सीबीआई जांच के आदेश दिये जाने,पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराये जाने, धान खरीद में धांधली की न्यायिक जांच होने, किसानो की खतौनियों का परीक्षण किये जाने, माफिया राइस मिलर व अवैध व्यापारियों के गठजोड़ की जांच करने, पत्रकार आयोग का गठन करने,पत्रकारों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू किये जाने, रजिस्ट्री विभाग में हो रहे स्टांप घोटाले, भू माफियाओं के मकड़ जाल को तोड़ने के लिए पुलिस व प्रशासन की संयुक्त एक अलग टीम खड़ी करने संबंधी मांगे शामिल है।

# महिलाओं में जन्मजात होता है नेतृत्व गुण : डॉ सीमा

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी एड़ विभाग द्वारा एक विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय समसामयिक भारत में महिलाओं की भूमिका रखा गया था। संगोष्ठी में विषय रखते हुए डॉ संतोष सिंह अंश ने कहा कि भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका हैं। डॉ सीमा सिंह ने कहा कि महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। इसलिए, यह इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता है। इस संगोष्ठी में बी एड़ प्रशिक्षणार्थियों में से अंशिका सक्सेना,आभा शर्मा, फ़रूख निशात, मारुत कुमार, सौरभ निषाद, कीर्ति गुप्ता ने विचार व्यक्त किये।

# विवेचनाओं को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें : विनोद कुमार



■ एसपी ने सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी के दौरान दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी एवं जनपद के पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना एवं अपराधों पर नियंत्रण रखना था।

मीटिंग में विभिन्न प्रकार के अपराधों पर चर्चा की गई। जिनमें विशेष रूप से गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों, एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे विवेचना में तेजी लाएं और इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने, एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि सभी थानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने, और विशेषकर महिला एवं बाल सुरक्षा के मामलों में संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए। सैनिक सम्मेलन में जनपद के समस्त थानों के पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की कमी, एवं व्यक्तिगत समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सैनिक सम्मेलन का उद्देश्य पुलिस बल के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करना और उनके कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाना है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और जनसेवा में उनकी निष्ठा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

# माहे रमजान, बोर्ड परीक्षा के दौरान दें निर्वाध विद्युत आपूर्ति

■ सपा नेताओं ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, मिला निस्तारण का आश्वासन



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं पूर्व विद्यायक अरबिन्द सिंह यादव की संस्तुति पर सपा नेताओं ने माहे रमजान, बोर्ड परीक्षा और होली त्योहार के दौरान विद्युत आपूर्ति में कोई भी विघ्न न आने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इन महत्वपूर्ण अवसरों के दौरान विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने की मांग की।

सोमवार को सपा नेताओं सयुस प्रदेश सचिव अमन खॉ, फरदौस आलम सहित तमाम सपा नेताओं द्वारा उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि रमजान के दौरान रोज़ेदारों को इफ्तार और सहरी की तैयारी के लिए बिजली की आवश्यकता रहती है।

वहीं होली के त्योहार के समय रंग खेलने और अन्य आयोजनों के लिए भी लगातार बिजली सप्लाई की जरूरत है। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बिजली आपूर्ति की आवश्यकता होती है। ताकि उनका ध्यान परीक्षा में पूरी तरह से केंद्रित हो सके। उपखंड अधिकारी ने समस्या के शीघ्र निस्तारण आवश्यक कदम उठाए जानेंका आश्वासन दिया। इस दौरान नाहर सिंह यादव, किसान नेता शाहिद खॉ, शेरे रजा, फैल आलम खॉ, तसलीम वारसी, सददाम हुसैन, ऋषि पाल आदि मौजूद रहे।

# बिजली के शार्ट सर्किट से लगी मकान में आग लाखों रुपये की संपत्ति हुई राख

**महोबा।** शहर के मुहल्ला सुभाष नगर में बिजली के शार्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। जिससे महिला बुरी तरह से घबरा गई, आग की घटना से करीब 2 लाख रुपये तक की संपत्ति जल कर राक हो गई। अग्निकांड की घटना से घर में रखी लाखों रुपये की संपत्ति जल कर बर्बाद हो जाने से पीड़ित के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। सुभाष नगर निवासी शालिनी खाना बनाने के बाद घर पर कामकाज कर रही थी, उसके दोनो बच्चे दूसरे कमरे मे लेटे हुए थे, तभी अचानक कमरे से आग की लपटें निकलने लगी जिससे शालिनी शोर मचाने लगी आस पास के लोग दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी पुलिस और पड़ोसियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ग्रहस्वामी ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। सोमवार को वह ऑटो रिक्शा लेकर चलाने के लिए निकल गया था, तभी अचानक घर पर बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने से पीड़ित परिवार के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने ट्रक सहित नकली कोल्ड्रिंक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आवास विकास कालोनी शिकोहाबाद निवासी वरूण वेवरेज लिमिटेड के सेल्स मैनेजर हरिमोहन वर्मा ने द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि वह रविवार की दोपहर 12:30 बजे जनपद कानपुर के थाना नौबस्ता के मोहल्ला हनुमन्त बिहार निवासी दीपक पुत्र हरिशंकर वर्मा द्वारा कस्बा समधन में नावेद अहमद पुत्र अख्तर हुसैन निवासी मोहल्ला गर्दाबाद में माउंटेन डियू उतार रहा है। जिसपर उसनें मौके पर पहुंचकर पाया कि माल नकली है। जिससे आम जनता के जीवन के साथ खिलवाड कर रहा है। तथा नकली रैपर छाप के कम्पनी की छवि धूमिल की जा रही है। इसके बाद पकड़ी गई करीव 700 से 800 कोल्ड्रिंक के पेटियों से लदे ट्रक को कोतवाली लाया गया जहां कम्पनी के अधिकारियों द्वारा टीम के साथ पेटियों की गिनती की गई।

### विद्युत पोल से टकराई वाईक, दो घायल


**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार की दोपहर नगर से वाईक पर सवार होकर छिबरामऊ जा रहे ग्राम नगली गढी छिबरामऊ निवासी शिवा पुत्र रामदत्त, जेपी पुत्र शेरसिंह जैसे ही सरायप्रयाग के निकट पहुंचे तभी बाईक अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे खडे पोल से टकरा गई। जिससे दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्यि केन्द्र पहुंचाया गया जहां हालत चिंताजनक होने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा है विशेष चेकिंग अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा अभियान चलाकर जनपद में संचालित ऑटो, क्रूजर इत्यादि की सघन चेकिंग की गई, इस अभियान में ओवर लोड पाए गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई है। इस दौरान कुल 27 वाहनों को चेक किया गया तथा 09 वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठाये जाने को लेकर ओवर लोडिंग का चालान किया गया है सभी चालकों को हिदायत दी गयी है कि यातायात नियमों का पालन करें, जान जोखिम में डालकर यात्रा न करें। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में मुख्यालय महोबा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया जा रहा है ताकि जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### 11 से 25 मार्च निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें: डीएसओ



**महोबा।** राजीव तिवारी जिलापूर्ति अधिकारी महोबा ने बताया कि आयुक्त खाद्य रसद विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निशुल्क वितरण 11/3/2025 से 25/3/2025 तक के मध्य किया जाएगा अन्तोदय कार्डधारकों को 14 कि ग्र0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न निःशुल्क) व 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0 18/-प्रति किग्रा0 की दर से रु0 54/- में वितरण किया जायेगा तथा पात्र ग्रहसथीकार्ड धारकों उनके कार्ड से समृद्ध प्रत्येक युनिट पर 2 किग्रा0 गेहूं 2 किग्रा 0 चावल व 1 किग्रा 0 ज्वार (कुल 5 किग्रा0 खाद्यान्न) का निशुल्क वितरण माह मार्च 2025 में दिनांक 11/3/2025 से 25/3/2025 के मध्य होगा प्रत्येक कार्डधारकों को सुचित किया जाता है कि अपने राशनकार्ड में सम्मिलित सभी सदस्यों की ई- के0वाई0सी0 विक्रेता की दुकान पर कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण खाद्यान्न मिलने में समस्या उत्पन्न होगी।

### भारत की जीत पर पूर्व चेयरमैन ने मिठाई बांटी



**संभल।** चैंपियंन ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की जीत पर जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। क्रिकेट प्रेमियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। न्यूजीलैंड से मैच जीतकर इण्डिया की टीम ने जीत हासिल की तो सम्भल मे भी क्रिकेट प्रेमियों ने खूब जश्न मनाया। कहीं आतिशबाजी हुई तो कहीं मिठाई का वितरण हुआ। नगर पालिका परिषद के पूर्व चैयरमेन एवं समाजसेवी हाजी नुसरत ईलाही ने अपने कोल्ड स्टोर पर कार्यकर्ताओं के साथ इकट्ठा होकर भारत की जीत का जश्न मनाते हुए मिठाई का वितरण किया। हाजी नुसरत ईलाही ने बोलते हुए कहा कि इण्डिया की टीम हमेशा से ईतिहास रचती आयी है। हमे गर्व है अपनी भारत की टीम पर जितने न्यूज़ीलैण्ड से चार विकट पर चैंपियन ट्राफी मुकाबले मे जीत हासिल की। इस मौके पर मेम्बर एहसान, मौहम्मद चांद, मौम्मद शारिक, अबू बकर, मौ0 अकरम, मौ0 असलम, जावेद आदि मौजूद रहे।

# होली और रमज़ान से मिलता है भाईचारे का संदेश: एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज भारतीय समाज की साझा संस्कृति और सौहार्द को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। भारत में त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि ये आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव को भी सुदृढ़ करने का जरिया हैं। इस वर्ष होली का रंगों भरा पर्व और रमजान का पवित्र महीना एक साथ आने से यह अवसर और भी खास बन गया है। यह उपरोक्त बातें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहीं। उन्होंने कहा होली बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व हमें न केवल सामाजिक भेदभाव को मिटाने का संदेश देता है, बल्कि सभी को एकता के सूत्र में पिरोता भी है।

होली में होलिका दहन बताता है कि यह बुराई के अंत और सत्य की विजय का प्रतीक है। रंगों की होली- इस दिन लोग आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेमपूर्वक रंग खेलते हैं और भाईचारे को मजबूत करते हैं। हालाँकि, यह भी आवश्यक है कि यह त्योहार मर्यादा, सहमति और संयम के साथ मनाया जाए। किसी पर जबरन रंग डालना, हानिकारक रसायनिक रंगों का उपयोग करना, नशे में अनुशासनहीनता फैलाना या महिलाओं को असहज महसूस कराना अनुचित है।

संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 यूनंस ने कहा रमजान इस्लाम का सबसे पवित्र महीना माना जाता है, जिसमें रोजे (उपवास) रखे जाते हैं, आत्मसंयम का पालन किया जाता है, गरीबों की मदद की जाती है और अधिक से अधिक इबादत की जाती है। यह महीना संयम, धैर्य, सहिष्णुता और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। रमजान का वास्तविक संदेश यही है कि समाज में हर व्यक्ति की परवाह की जाए और गरीबों, जरूरतमंदों और वंचितों की मदद की जाए। यही वजह है कि इस महीने को दान-दक्षिणा और जकात देने का सर्वोत्तम समय माना जाता है।

उन्होंने कहा इस वर्ष होली शुक्रवार (जुमे) के दिन पड़ रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सभी समुदाय आपसी समझदारी और सौहार्द बनाए रखें। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज हिंदू और मुस्लिम समाज के सभी लोगों से अपील करता है कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में आपसी सहमति से जुमे की नमाज का समय 2:00 बजे से 2:30 बजे तक निर्धारित किया जाए ताकि किसी भी समुदाय को कोई असुविधा न हो और दोनों पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो सके।

# रमज़ान के पवित्र महीने में आपसी भाईचारा बनाए रखें

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** हमारे समाज में कई बार ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, जब कोई व्यक्ति जान-बूझकर या अनजाने में हमारे साथ अनुचित व्यवहार करता है। ऐसी स्थिति में हमारा तत्कालिक मनोभाव उसे उसी भाषा में उत्तर देने का होता है, जिससे समाज में अशिष्टता और कटुता को बढ़ावा मिलता है।

किंतु यदि हम धैर्य, संयम और शिष्टता का परिचय दें, तो न केवल हम अपनी गरिमा बनाए रखते हैं, बल्कि समाज में सौहार्द और सद्भाव की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

हमारा रब हमसे एक ऐसी ही जिन्दगी चाहता है जिसमें असभ्यता और उद्दंडता के लिए कोई जगह न हो, हमारा रब हमें सभ्यता और मानवता के उच्चतम शिखर पर पहुंचाना चाहता है।

यही कारण है कि रब ने एक माह के रोज़े अनिवार्य किए ताकि हम संयमी और सदाचारी बनें।

÷ऐ ईमान वालों! तुम पर रोजे अनिवार्य किए गए, जैसे तुमसे पहले लोगों पर किए गए थे, ताकि तुम संयमी (परहेज़गार) बनो। सूरह अल-बक़रा (2:183)होली रंगों का उत्सव है, जो हमारे हिन्दू भाई बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, और वह पूरी तरह रंगों में रगे हुए होते हैं। इस साल होली जुमा के दिन है, और इस्लाम में जुमा को तमाम दिनों पर श्रेष्ठता प्राप्त हैं। जिस प्रकार होली साल में एक बार आती है ठीक इसी तरह रमज़ान भी साल में एक बार आता है, जुमा का महत्व आम दिनों में ईद के दिन जैसा है तो रमज़ान के जुमा का महत्व अपने आप विशेष हो जाता है। इसलिए जुमा अवश्य अदा करें लेकिन अपनी मानवीय जिम्मेदारियों को निभाते हुए। इसलिए जब हम नमाज़ के लिए निकलें तो शांत और सुविधा जनक रास्ते का चुनाव करें।

फिर भी अगर भूलवश गलती से किसी के द्वारा रंग आपके कपड़ों पर गिर जाये और वह अपनी भूल और ग़लती पर शर्मिंदा हो तो बहुत ही प्रेम से मुस्कुराकर आगे बढ़ जाये, हमारा ऐसा करना हमारे बड़प्पन और सहृदयता को दर्शाता है। दूसरी बात रंगों से कपड़े अपवित्र नहीं होते, क्यों कि हमने जो कपड़ा पहना है वह भी तमाम रंगों में किसी एक रंग का ही है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति पूर्व नियोजित रूप से, प्लान बनाकर उद्दंडता या अपमान की भावना से ऐसा करता है, तो भी हमें विवेकपूर्ण ढंग से प्रतिक्रिया देनी चाहिए, क्यों कि क़ुरान हमें यही शिक्षा देता है। वाद-विवाद करने या उसी तरह प्रतिउत्तर देने से नकारात्मकता ही बढ़ेगी। इसके विपरीत, शांति और संयम से उत्तर देकर हम न केवल अपनी गरिमा बनाए रख सकते हैं, बल्कि सामने वाले को भी यह अहसास करा सकते हैं कि शिष्टता की शक्ति कहीं अधिक प्रभावी होती है।आप इस तरह समझिये जिस संयम और धैर्य को हम रमज़ान में सीख रहे हैं अब उसकी इस जगह पर परीक्षा है।क़ुरान में हम सबके रब ने समस्त मानव समुदाय का मार्गदर्शन किया है और भलाई और बुराई दोनों समान नहीं, तुम उत्तर में वह कहो जो उससे श्रेष्ठ हो, फिर तुम देखोगे कि तुममें और जिसमें शत्रुता थी, वह ऐसा हो गया जैसे कोई मित्र सम्बन्ध वाला।÷

(क़ुरान 41:34)

किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसके लोगों की परिपक्वता और सहिष्णुता से होती है। यदि हम हर अशिष्टता का उत्तर अशिष्टता से देने लगें, तो समाज में कटुता और वैमनस्यता ही बढ़ेगी। इसके बजाय, यदि हम धैर्य और समझदारी से प्रतिक्रिया दें, तो यह हमारे समाज को अधिक शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना सकता है।जीवन में कई ऐसे क्षण आते हैं, जब हम दूसरों की अनुचित बातों और कार्यों का सामना करते हैं। ऐसे में, यदि हम क्रोध और प्रतिशोध की भावना को छोड़कर संयम और शिष्टता का परिचय दें, तो यह न केवल हमारे व्यक्तिगत चरित्र को उन्नत करता है।

### थाना प्रभारी ने पुलिसबल के साथ गांवो में किया फ्लैगमार्च

**उन्नाव।** बारासगवर थाना अंतर्गत त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में कस्बो व ग्रामीण क्षेत्रो में पुलिसबल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। बारासगवर थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कस्बो व ग्रामीण क्षेत्रो टेढ़ा, बारा, सगवर, चिलौली, कुतुबुद्दीन गढेवा, राजापुर, कुम्भी, खरझारा, रावतपुर, धानीखेड़ा, सेढूपुर, रायपुर, बक्सर आदि दर्जनों गांवो में भ्रमण कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। विगत हो मार्च माह के प्रथम सफ्ताह से मुस्लिमो के पाक माह रमजान की शुरुवात हो चुकी है। माह के अंत में ईद व इसी सफ्ताह हिंदुओ का त्योहार होली है। दोनो ही धर्म के लोग शांतिपूर्ण त्योहार मना सके इस हेतु पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए रखे है।

# नाबार्ड ने किया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** विकास खण्ड बार में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकास प्रबंधक सलिल कुमार अर्कवंशी द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल रही। डा.प्रेक्षा जैन सीएचसी बार, भारत सरकार द्वारा सम्मानित युवा ग्राम प्रधान तुर्का सुश्री पूजा रैकवार, रेनू सिंह सीएचसी बार, रश्मि सीएलएफ बार, मीना सीएलएफ बार, ज्वाला प्रसाद, शुभमसिंह परिहार उपस्थित रहे। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मनाये जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में महिलाये हर क्षेत्र में पुरुषो से कन्धा मिलकर बराबरी का कार्य कर रही है, शिक्षा,स्वस्थ ,सरकारी नौकरी समाजसेवा, कृषि के क्षेत्र में अपनी उपस्तिथि महसूस करबायी है। मुख्य अतिथि आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने कहा कि शिक्षा के बिना महिलायें आगे नहीं बढ़ सकती। महिला ग्राम प्रधान तुर्का पूजा रैकवार द्वारा समस्त देश वासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाओ देते हुये महिलाओं से कुछ न कुछ रोजगार करते हुये आगे बढ़ते रहने एवं परिबार में बच्चों की शिक्षा के महत्व पर महिलाओ को जागरूक किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा लखपति दीदियो को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चिन्हित लखपति दीदियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन महेश रिछारिया ब्लाक मिशन मेनेजर बार ग्रामीण आजीविका मिशन एबं इंजी.अशोक कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। क्रियान्वयन संस्था इशारा श्रीगायत्री विकास समिति द्वारा किया गया।

### भारत की जीत पर आतिशबाजी छोड़ कर मनाया जशन



**संभल।** चैंपियन ट्रॉफी के फायनल मैच मे भारतीय टीम की शानदार जीत का जशन आतिशबाजी छोड़ कर मनाया गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देर रात तक आतिशबाजी छोड़ी गई ऐसा लग रहा था जैसे होली से पहले दीपावली आ गयी हो इस मुबारक मौके पर लोगों ने मिठाई का वितरण करके एक दूसरे का मुंह मिठा कराया भारतीय टीम ने खिताब जीता कर देश वासियों को होली और ईद का जो तौहफा दिया है उसको हमेशा याद रखा जायेगा

### पत्रकार हत्याकाण्ड पर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब ने निकाला कैण्डल मार्च



**उन्नाव।** यूपी के सीतापुर में एक प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की 8 मार्च 2025 को बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अज्ञात बदमाशों की अभीतक गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। हत्यारों ने राघवेन्द्र को ताबड़तोड़ कई गोलियां मारी। घटना में पत्रकार राघवेन्द्र की मौत हो गई। हत्या के विरोध में जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश कार्यालय राजधानी मार्ग से कैंडल मार्च निकालकर हाथ में काली पट्टी बांधकर पत्रकारों ने विरोध किया। वहीं आनंद घाट पर सभी पत्रकार साथियों ने मृतक पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतक पत्रकार की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की और प्रदेश की योगी सरकार से मांग किया कि मृतक पत्रकार के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके क्योंकि मृतक पत्रकार ही अकेला अपने परिवार की आजीविका चलाता था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, उमेश त्रिवेदी, नितिन वर्मा, मुकेश झा, गोलू यादव, अश्वनी, शोभित, पंकज श्रीवास्तव पंकज यादव, अमित त्रिवेदी, राहुल, कलीम, दीपू, अबरार, सर्वेश, रमन, कुलदीप, उमेश शुक्ला शैलेंद्र समेत तमाम पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### एसपी की निगरानी में हुआ मॉक बलवा ड्रिल रिहर्सल

**उन्नाव।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने दंगा नियंत्रण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व सीओ सिटी सोनम सिंह की उपस्थित में रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में मॉक बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। रमजान, ईद.उल.फित्र, होली और नवरात्रि जैसे त्योहारों को देखते हुए यह आयोजन किया गया। इस दौरान दंगारोधी उपकरणों के साथ विशेष अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था। इस दौरान विधि-विरूद्ध भीड को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए बलावा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा दंगाइयो, बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल नेट आदि के प्रयोगो के समय पर बरती जाने वाली सावधनियों के बारे में अवगत कराया गया।

# 11 महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान

■ बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति ने किया भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में दी ग्राण्ड सिद्धि (ललित पैलेस) में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में समिति द्वारा सिद्धि सागर एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन, लखनऊ वर्तमान में कनाडा निवासी इंजी.पूजा जैन, जिला पंचायत राठ की पूर्व अध्यक्ष मनोरमा बरूआ, मणिबेन पटेल संस्था ललितपुर की जिलाध्यक्ष रागिनी निरंजन, ग्राम प्रधान पिपरिया उमरिया सन्तोषी राजे, समाज सेविका बब्बू राजा परमार, चित्रकार झांसी अनुजा सक्सेना, सहायक अध्यापिका श्रद्धा भारती, पूर्व ग्राम प्रधान जमुनिया रूचिका बुन्देला, समाज सेविका झांसी पिस्ता देवी, कानपुर देहात से कु.शिवानी संखवार को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर सम्मान के उपरान्त सिद्धिसागर एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन, लखनऊ वर्तमान कनाडा निवासी इंजी.पूजा जैन व पूर्व प्रधान जमुनिया रूचिका बुन्देला के संबोधन से महिलाओं को नयी प्रेरणा मिली। कहा कि महिलायें अपनी मेहनत और लगन के आधार पर मुकाम हांसिल करती हैं और समाज व परिवार का नाम रौशन करती हैं। इस दौरान कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर इंजी. लखनऊ व वर्तमान में कनाडा निवासी इंजी.पूजा जैन जो कि अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आयीं थी, जिन्हें अपने मामा अज्जू बाबा से जानकारी मिली कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बुन्देलखण्ड महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मिलते ही वह कार्यक्रम में शामिल हुयीं और महिलाओं के बीच अपनी जीवन यात्रा के अनुभवों को साझा किया। वहीं उन्होंने महिलाओं को शिक्षा तथा संस्कार देकर समाज को देश दुनिया को बदलने के लिए प्रेरित किया। जिससे महिलाओं का सुन्दर परिवार देश दुनिया में नया मुकाम हांसिल कर देश का गौरव बनें। पूर्व ग्राम प्रधान रूचिका बुन्देला ने कहा कि हम सभी महिलायें संकल्प लें कि समस्त परिवार देश के लिए कार्य कर रही महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करेंगी।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन, उपाध्यक्ष रामदेवी सेन, सचिव गीता सेन, ऑडीटर डॉली सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन, सदस्य प्रियंका सेन, प्राची सेन, सुशीला राजपूत, मिथलेश राजपूत, रेखा सेन, अंजू विश्वकर्मा, रानी विश्वकर्मा, चन्दा सेन, उमा श्रीवास्तव, रंजना तिवारी, मीना यादव, मीना तिवारी, रानी सेन, शिप्रा जैन, नीलिमा जैन, कल्पना जैन, क्रान्ति लोधी, कल्पना सविता, गुडडी देवी सेन, अर्चना यादव, रेखा चढ़ार, ममता कुशवाहा, राजेश्वरी जायसवाल, गुड्डी राठौर, जयकुंवर लोधी, सुनीता पंथ, रूचि गुप्ता, ऊषादेवी सेन, पूजा कुशवाहा, रजनी वर्मा, किरन श्रीवास, अंजू सेन, साधना राजपूत, कुंवरबाई रजक, ज्योति कपूर, अंगूरी कुशवाहा, मीरा साहू, मालतीदेवी सेन, मीरा राठौर, सुमन सेन, कल्पना सेन, उमा यादव, पूजा कुशवाहा, कमला साहू, सीमा जैन, उमा राजपूत आदि मौजूद रहीं। संचालन पूजा चौरसिया ने व आभार सचिव गीता सेन ने व्यक्त किया।

# पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाने की मांग



■ सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर मांगा न्याय व मुआवजा

■ बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा, जिसमें सीतापुर के वरिष्ठ पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की जघन्य हत्या पर रोष जताया गया। बताया कि देश का पूरा पत्रकार समाज इस घटना से आक्रोशित है। जनपद के पत्रकारों में भी इस हत्या को लेकर रोष व्याप्त है। हम सब पत्रकार मुख्यमंत्री से माँग करते हैं कि मृतक पत्रकार को शीघ्र पूरा न्याय दिलाया जाये। दोषियों को मृत्युदंड दिलाया जाये। मृतक परिवार को 2 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाये। जनपदों में पत्रकारों की सुरक्षा के लिये प्रशासन के सहयोग से पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये। पत्रकारों ने बताया कि जनपद में भी पत्रकारों का उत्पीडन् होना आम बात है। इसके लिये जिला स्तर पर एक पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये। जिलाधिकारी ने इस पर आश्वासन दिया कि जिला सूचनाधिकारी के साथ पत्रकारों की निर्यामत बैठक करायी जायेंगी। जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा पर चर्चा के साथ समस्याओं का समाधान हो सकेगा। ज्ञापन देते समय क्लब संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, राजाराम यादव, फहीम बख्श, महामंत्री परशुराम झा, शहनाज संजना सिंह, जावेद किरमानी, वकील खाँ हसीब, मीडिया प्रभारी मु. शमीम, आमिर खान, विधि सलाहकार मो. आसिफ एडवोकेट, सूर्यप्रताप सिंह, अमित रजक, शिशुपाल अहिरवार, नाजिर वेग, सजल दिवाकर, कपिल नामदेव, महेन्द्र यादव, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# हॉकी इंडिया ने वार्षिक पुरस्कारों के लिए रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की, 32 खिलाड़ी नामित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा।

इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार शामिल हैं।

**पुरस्कार**

> **पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा।**

इस वर्ष के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र विश्व खिताब है। इसके साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो जाएंगे क्योंकि देश को सात नवंबर 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली थी।



इस दौरान भारत की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पिछले साल एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। जूनियर एशिया कप जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक बयान में कहा, %हॉकी इंडिया का सातवां वार्षिक पुरस्कार 2024 भारतीय हॉकी में मौजूद असाधारण प्रतिभा का उत्सव है। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों को पहचानने के बारे में नहीं है बल्कि 2024 में चमकने वाली भारतीय हॉकी की सामूहिक भावना का सम्मान करना है।%

**हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन इस प्रकार हैं-**

वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार- बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।

वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार- जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 वर्ष से कम)- ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो।

वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 वर्ष से कम) - अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल।

वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार- सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।

वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार- अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

## सौदा खरा-खरा, जीत के जश्न में कोच गंभीर ने सिद्धू के साथ किया भांगड़ा




भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया। इस जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। दुनियाभर में भारतीय फैंस ने डांस कर जश्न मनाया। इसी कड़ी में भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू और कोच गौतम गंभीर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सिद्धू के कहने पर गंभीर ने डांस किया। फैंस इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। फाइनल में न्यूजीलैंड के 252 रन के लक्ष्य को भारत ने 49 ओवर में चार विकेट रहते हासिल कर लिया।

ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने यह वीडियो शेयर किया है। वीडियो में गंभीर सिद्धू से कहते हैं- आप मेरी बात छोड़ो। आज आप अपना एक शेर सुना दो या मैं सुनाऊं। मैं आपका शेर सुना दूं। इस पर सिद्धू कहते हैं, सुना दो। नहले पर दहला मार दे यार। आज मेरा शेर खत्म है। इस पर गंभीर ने कहा, %फन कुचलने का हुनर सीखिये जनाब। इस पर सिद्धू कहते हैं, अरे वाह! सांपों के डर से जंगल नहीं छोड़े जाते। आज एक और इतिहास रच दे यार। मेरी गुजारिश है आज भांगड़ा कर दो। इसके बाद सिद्धू गंभीर का हाथ पकड़ते हैं और फिर सौदा खरा खरा गाते हैं और भांगड़ा करते हैं। गंभीर भी हाथ ऊपर कर भांगड़ा करने की कोशिश करते हैं। इस पर सुरेश रैना कहते हैं, गौती भाई बहुत जिद्दी हैं। वीडियो में आकाश भी सिद्धू और गंभीर के साथ भांगड़ा करते हैं।

# पुरस्कार समारोह में गायब रहे मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी, हुआ विवाद, अख्तर भड़के

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के समापन समारोह में दुबई में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों को मंच पर आईसीसी द्वारा नहीं बुलाए जाने से रविवार को विवाद पैदा हो गया। एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद मैदान में मौजूद थे, लेकिन उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं।

सूत्र ने कहा, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी दुबई नहीं जा सके क्योंकि बतौर गृहमंत्री उनके कुछ काम थे, लेकिन पीसीबी के सीईओ को फाइनल और पुरस्कार वितरण में पाकिस्तान की नुमाइंदगी करने भेजा गया था। उन्होंने कहा कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया जहां से आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया






ने पदक, ट्रॉफी और खिलाड़ियों को जैकेट दिए। मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि मंच पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। सूत्र ने कहा कि शायद सीईओ फाइनल समारोह के आयोजन के लिए जिम्मेदार आईसीसी के लोगों से ठीक से संवाद नहीं कर पाए और इसी वजह से उन्हें बाहर रखा गया। इसलिए चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में पाकिस्तान का पोडियम पर कोई प्रतिनिधि नहीं था। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती, लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यो नहीं था। कोई ट्रॉफी देने क्यों नहीं आया, कोई रिप्रजेंट करने क्यों नहीं आया? यह सचमुच मेरी समझ से परे है। यह कैसे हो सकता है फाइनल और पुरस्कार वितरण में मेजबान देश का प्रतिनिधित्व कहां था आपको इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। वर्ल्ड स्टेज था। यहां पीसीबी को होना चाहिए था, लेकिन दुख की बात है कि मैंने किसी को नहीं देखा। मैं इससे बहुत दुखी हूं। बीसीसीआई अध्यक्ष बिन्नी ने भारतीय खिलाड़ियों को सफेद जैकेट और मैच अधिकारियों को पदक प्रदान किए, जबकि आईसीसी अध्यक्ष शाह ने रोहित शर्मा को ट्रॉफी सौंपी और भारतीय खिलाड़ियों को पदक दिए। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान में अपने मैच खेलने से इनकार कर दिया था।

## जीत के बाद रोहित-कोहली और जडेजा ने परिवार के साथ मनाया जश्न





**दुबई।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले के लिए कई स्टार भारतीय क्रिकेटरों का परिवार भी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद था। इनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा शामिल हैं। इन तीनों जीत के बाद परिवार के साथ जश्न मनाया। इसकी तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। न्यूजीलैंड के 252 रन के लक्ष्य को भारत ने 49 ओवर में चार विकेट रहते हासिल कर लिया।

मैच देखने के लिए विराट की पत्नी अनुष्का, रोहित की पत्नी रितिका और बेटी समायरा और जडेजा की पत्नी रिवाबा और बेटी निध्याना भी स्टेडियम में मौजूद थे। टीम इंडिया की जीत के बाद विराट ने अनुष्का को गले लगा लिया। वहीं, रोहित डग आउट के पास रितिका और समायरा के साथ खुशियां मनाते दिखे। वहीं, अनुष्का भी मौजूद थीं। रोहित ने अनुष्का को भी गले लगाया और दोनों के बीच हंसी मजाक हुआ। वहीं, जडेजा बेटी निध्याना को गोदी में उठाकर मैदान में घूमते दिखे। इस दौरान कुलदीप यादव ने निध्याना को दुलार भी किया। अनुष्का ने विराट के सिर पर हाथ भी फेरा। दोनों काफी क्यूट दिख रहे थे। फैंस ने सोशल मीडिया पर यहां तक लिखा कि ऐसा लग रहा दोनों अभी तक एक दूसरे को डेट कर रहे।

जीत के बाद रोहित और विराट विकेट से डांडिया खेलते भी दिखे। दोनों ने एकदूसरे को गर्मजोशी से गले लगाया, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। विराट ने साल 2013 की तरह गंगनाम स्टाइल डांस तो नहीं किया, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कोई कसर नहीं छोड़ी। वह ट्रॉफी मिलने के बाद मैदान पर डांस करते दिखे। इसे भी फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

रोहित, विराट और जडेजा इस टीम के सबसे सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं। रोहित और जडेजा ने साल 2006 में और विराट और जडेजा ने साल 2008 में साथ में अंडर-19 विश्व कप भी खेला था। इसके बाद से ये सितारे टीम इंडिया के लिए लगातार मैच विनर बने रहे हैं। फोटो खिंचवाने के दौरान तीनों एक दूसरे के साथ हंसी मजाक भी करते दिखे। ये भावुक कर देना वाला पल था, क्योंकि ये तीनों अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं।

## जाकिर हुसैन की 74वीं जयंती पर भावुक हुए शंकर महादेवन, लिखा दिल छू लेने वाला नोट



शंकर महादेवन ने तबला वादक जाकिर हुसैन को अपना गुरु बताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर उन्हें याद किया है। जानिए अपने इस दिल छू लेने वाले पोस्ट में शंकर ने क्या कुछ लिखा है।

बॉलीवुड के मशहूर संगीतकार और गायक शंकर महादेवन ने दिवंगत तबला वादक जाकिर हुसैन को उनकी 74वीं जयंती पर याद करते हुए उनके साथ एक तस्वीर साझा की है। जाकिर हुसैनी की जयंती रविवार 9 मार्च को थी, लेकिन शंकर महादेवन ने सोमवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जाकिर हुसैन के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें अपने मार्गदर्शक, संरक्षक और गुरु के रूप में याद किया है।

इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए शंकर महादेवन ने लिखा, ÷मेरे सबसे प्यारे गुरु और मार्गदर्शक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हमें हमेशा आशीर्वाद देते रहें। आप हमेशा, हर समय, हर जगह हमारे साथ हैं। संगीत के हर एक सुर में आपको याद करता हूं। लव यू जाकिर भाई।

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का पिछले वर्ष 15 दिसंबर को 73 वर्ष की उम्र में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में फेफड़ों की बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनकी मौत की पुष्टि उनके परिवार की ओर से की गई थी। जाकिर हुसैन विश्व के सबसे प्रसिद्ध तबला वादकों में से एक थे। उन्हें कई सम्मानों से भी सम्मानित किया गया। उन्हें 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अपने छह दशकों के करियर में चार ग्रैमी पुरस्कार भी जीते।

# भारती सिंह ने कह दिया कुछ ऐसा कि नाराज हो गए अभिषेक कुमार, ले लिया शो छोड़ने का फैसला

**नई दिल्ली।** लाफ्टर शेफ 2 यह कुकिंग एंटरटेनिंग रियिलिटी शो है। कई चर्चित फिल्म सेलिब्रिटी इसका हिस्सा हैं। हाल ही में इसका नया प्रोमो आया है। इसमें भारती सिंह कुछ ऐसा बोलती दिखी हैं कि अभिषेक कुमार अपसेट हो गए। इतना ही नहीं, प्रोमों में देखा जा सकता है कि अभिषेक शो छोड़कर जाते हुए नजर आते हैं। आखिर भारती ने ऐसा क्या कहा? जानिए

**एक्जिट गेट**

> **रुबीना के पार्टनर एल्विश यादव हैं। इसके बाद अभिषेक कुमार काफी निराश नजर आए हैं। अपसेट होकर वे एक्जिट गेट की तरफ बढ़ने लगते हैं।**

**भारती ने अभिषेक को दिखाया बाहर का रास्ता**



आज सोमवार को कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम अकाउंट से लाफ्टर शेफ 2 का नया प्रोमो जारी हुआ है। इसमें भारती सिंह एलान करती हैं कि वे सभी जोड़ियों को तोड़ देंगी। इसके बाद सभी टेंशन में आ जाते हैं। अभिषेक कुमार फटाफट से खड़े होते हैं और रुबीना दिलैक के बराबर में जाकर खड़े हो जाते हैं और कहते हैं, रुबीना जी के साथ बना दो मेरी जोड़ी।

**कृष्णा अभिषेक बोले- बिल्कुल याद नहीं आएगा**

इसके बाद भारती एलान करती हैं कि रुबीना के पार्टनर एल्विश यादव हैं। इसके बाद अभिषेक कुमार काफी निराश नजर आए हैं। अपसेट होकर वे एक्जिट गेट की तरफ बढ़ने लगते हैं। गेट की ओर इशारा करते हुए अभिषेक से भारती कहती हैं, वो दरवाजा है बाहर जाने का। तभी कृष्णा अभिषेक ने कहा अभिषेक जा रहा है, बिल्कुल याद नहीं आएगा। कृष्णा का यह कमेंट अभिषेक को और भी हैरान कर देता है।

**कब और कहां देखें शो?**

इस प्रोमो के साथ कैप्शन लिखा है, जोड़ी स्वैप में जब नहीं मिली अभिषेक को रूबीना, तब हो गया उसका दिल चकनाचूर। लाफ्टर शेफ सीजन 2 के एपिसोड हर शनिवार और रविवार रात साढ़े नौ बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होते हैं। फिलहाल इस प्रोमो पर यूजर्स के कमेंट आ रहे हैं।

लोग अभिषेक कुमार की तरफदारी कर रहे हैं। एक ने लिखा, अभिषेक के साथ रुबीना को रखना चाहिए था। एक अन्य यूजर ने लिखा, अभिषेक किसी बच्चे की तरह रहो रहे हैं। अरे रूबीना के साथ बना देते उसकी जोड़ी।

## सिकंदर में ईद के जश्न के साथ दिखेंगे होली के रंग



सिकंदर का गाना बम बम भोले होली के त्योहार पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। हाल ही में इस गाने का टीजर रिलीज किया गया। इससे पहले जोहरा जबीं गाने में ईद का जश्न देखने को मिला था। सलमान खान की फिल्म सिकंदर की रिलीज डेट काफी करीब है, जिसकी वजह से यह फिल्म इन दिनों खूब चर्चा में है। इस फिल्म के गाने एक के बाद एक रिलीज हो रहे हैं। हाल ही में आया गाना जोहरा जबीं दर्शकों को खूब पसंद आया था।अब सिकंदर का दूसरा गाना बम बम भोले भी रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने इस गाने का टीजर जारी किया। इस गाने की पहली झलक होली के रंगों से सराबोर है। टीजर में होली की मस्ती, रंगों की फुहार और सलमान खान का धांसू अंदाज देखने को मिला है। बम बम भोले में सलमान पूरे स्वैग के साथ एंट्री लेते हैं, जिसे देखकर लगता है कि इस होली उनका यह गाना हर जगह छा जाएगा। बम बम भोले में शानदार रैप का जलवा देखने को मिलेगा है, जिसकी छोटी सी झलक टीजर में देखने को मिली है। इसे शेखस्पीयर, वाई-ऐश और हुसैन (बॉम्बे लोकल) ने लिखा और पेश किया है। किड रैपर्स भीमराव जोगू, सरफराज शेख और फैजल अंसारी (द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट) ने गाने में जोश और ताजगी भरने की पूरी कोशिश की है। गाने में सलमान खान अपने दबंग अंदाज में नजर आ रहे हैं। सिकंदर के लिए संगीत प्रीतम ने तैयार किया है। वहीं, साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। एआर मुरुगदास ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह पहला मौका है जब सलमान के साथ वह किसी फिल्म में काम कर रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें रश्मिका मंदाना, सत्यराज और शरमन जोशी जैसे कलाकार भी नजर आने वाले हैं।

## फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार धनुष, निर्माता वेत्रीमारन ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** वेत्रीमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'वदा चेन्नई' ने बॉक्स ऑफिस पर अभिनेता धनुष को खास पहचान दिलाई थी। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर फिल्म निर्माता ने अच्छे संकेत दिए हैं। जानिए क्या है फिल्म को लेकर नया अपडेट।

हाल ही धनुष अभिनीत फिल्म 'वदा चेन्नई' के फिल्म निर्माता वेत्रीमारन एक पुरस्कार समारोह में पहुंचे। समारोह में उनसे धनुष की आगामी फिल्मों को लेकर सवाल किया गया, जिसपर उन्होंने 'वदा चेन्नई 2' का जिक्र किया। निर्माता ने कहा कि धनुष की फिल्मों से जुड़े सवाल पूछने के कारण ही इस फिल्म का जिक्र हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि धनुष की आगामी फिल्म का निर्माण शुरु हो चुका है। उन्होंने कहा कि फिल्म की चर्चा से ही उसका और नाम हो रहा है।



'वदा चेन्नई' फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। धनुष अभिनीत फिल्म 'वदा चेन्नई' एक गैंगस्टर ड्रामा फिल्म थी, जिसकी कहानी और दृश्य लोगों को बहुत पसंद आई थी। इस फिल्म में धनुष के अलावा ऐश्वर्या राजेश, अमीर, डेनियल बालाजी और किशोर जैसे बड़े कलाकार मुख्य भूमिका में थे।

सिनेमा का दुनिया के धाकड़ अभिनेताओं में शुमार धनुष किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। धनुष के पास कई फिल्में हैं, जिसमें शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी 'कुबेरा' शामिल है, जो 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा अभिनेता के पास 'इडली कढ़ाई', 'डी 55' जैसी तमाम फिल्में लाइन में लगी है। अब 'वदा चेन्नई' के सीक्वल की भी खबरें आ गई हैं।

## लीक से बचने के लिए सतर्क हुए निर्माता, शूटिंग सेट पर तीन परत की सुरक्षा व्यवस्था लागू

एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी के सेट से लीक वीडियो और फोटोज ने निर्माताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। महेश बाबू के एक एक्शन सीन का वीडियो सामने आने के बाद अब टीम सतर्क हो गई है।

एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसएमबी 29 इन दिनों सुर्खियों में है, लेकिन इसके सुर्खियों में रहने वाली वजह हैरान करने वाली है। इस फिल्म के सेट से लगातार तस्वीरें और वीडियो लीक हो रहे हैं, जिससे निर्माताओं की चिंता बढ़ गई है। सुपरस्टार महेश बाबू के साथ बन रही इस फिल्म को गोपनीय रखने की हर कोशिश के बावजूद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़े कई फोटो और वीडियो अब तक सामने आ चुके हैं।

**लीक वीडियो ने मचाई हलचल**

हाल ही में एक वीडियो लीक हुआ, जिसमें महेश बाबू को एक एक्शन सीन फिल्माते नजर आ रहे थे। इस सीन में उन्हें किसी के द्वारा व्हीलचेयर पर बैठे एक किरदार की ओर धकेला जाता है, जिसके बारे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह पृथ्वीराज सुकुमारन हो सकते हैं। इसके बाद बंदूक की नोक पर उन्हें घुटनों पर बैठने को मजबूर किया जाता है। यह वीडियो किसी कार के अंदर से रिकॉर्ड किया गया लगता है, जिसने फैंस के बीच हलचल मचा दी है।

**हैरान**

> **एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसएमबी 29 इन दिनों सुर्खियों में है, लेकिन इसके सुर्खियों में रहने वाली वजह हैरान करने वाली है।**

**मेकर्स ने कड़ी की सुरक्षा**

फिल्म की शूटिंग इस समय ओडिशा के खूबसूरत इलाकों में चल रही है, जिसमें कोरापुट का तालमाली हिलटॉप भी शामिल है।






इन खुली जगहों पर शूटिंग के कारण बाहरी लोगों को रोकना मुश्किल हो रहा है। लीक को रोकने के लिए निर्माताओं ने अब तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम ने सख्त कदम उठाए हैं ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हों। कोरापुट के मनोरम पहाड़ों और जंगलों के बीच चल रही इस शूटिंग को जिला प्रशासन भी पूरा सहयोग दे रहा है। हालांकि, खुले इलाकों में काम करने की वजह से चुनौतियां कम नहीं हैं।

**कानूनी कार्रवाई की तैयारी**

तस्वीरें और वीडियो लीक के मामले में अभी तक कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है, लेकिन फिल्म के निर्माता लीक को रोकने के लिए कानूनी रास्ता अपनाने पर विचार कर रहे हैं। एसएसएमबी 29 एक बड़े बजट वाली फिल्म है, जिसकी लागत करीब 1000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से है। वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ने की चाहत रखने वाली इस फिल्म के लिए गोपनीयता बहुत जरूरी है। लीक से कहानी और किरदारों के खुलासे का खतरा बना हुआ है, जो इसके रोमांच को कम कर सकता है।

**दो हिस्सों में रिलीज होगी फिल्म**

एसएसएमबी 29 दो हिस्सों में रिलीज होने वाली है। पहला हिस्सा 2027 में और दूसरा 2029 में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 1800 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित एक थ्रिलर होगी, जिसमें इंडियाना जोन्स सीरीज जैसी झलक देखने को मिल सकती है।

चर्चा है कि महेश बाबू इसमें भगवान हनुमान से प्रेरित किरदार निभाएंगे। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे बड़े सितारे भी नजर आएंगे। इतने बड़े पैमाने पर बन रही इस फिल्म से फैंस को उम्मीदें आसमान छू रही हैं।

# नियमितीकरण के मामले में हाईकोर्ट के आदेश का नहीं हुआ पालन, जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है क्योंकि उन्होंने 2007 के हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, जिसमें दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने इसे जिद और अड़ियल रवैये का सीधा उदाहरण बताया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि राज्य प्रशासन ने 14 से 19 साल तक काम करने वाले मजदूरों के हक में आए फैसले को लागू करने के बजाय अस्पष्ट आदेश पास करके उन्हें परेशान किया।

सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च को दिए आदेश में कहा, यह मामला राज्य अधिकारियों की तरफ से कानून की अवहेलना का एक पाठ्यपुस्तक उदाहरण है। यह चौंकाने वाला और पहली नजर में अदालत की अवमानना जैसा है कि एक साधारण हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने में 16 साल लगा दिए गए।

**उदाहरण**

**सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च को दिए आदेश में कहा, यह मामला राज्य अधिकारियों की तरफ से कानून की अवहेलना का एक पाठ्यपुस्तक उदाहरण है।**

**हाईकोर्ट के 25,000 रुपये का जुर्माना रखा बरकरार**

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की तरफ से प्रशासन पर लगाए गए 25,000 रुपये के जुर्माने को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को सख्ती से दंडित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, हमें चिंता सिर्फ देरी की नहीं, बल्कि इस तथ्य की भी है कि गरीब दैनिक वेतनभोगियों को अधिकारियों ने बार-बार परेशान किया।



**हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका पर 2024 में दिया था आदेश**

हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 16 अक्तूबर 2024 को अवमानना याचिका पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

4 दिसंबर 2024 को हाईकोर्ट ने प्रशासन को कोई राहत देने से इनकार कर दिया।

जब प्रशासन के वकील ने बताया कि हाईकोर्ट ने अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया था, तो न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, अच्छा किया, सिंगल जज ने सही किया।

सुप्रीम कोर्ट का निर्देश - सख्त कार्रवाई हो

अदालत ने कहा कि यह मामला नजीर है और इसमें दोषी अधिकारियों पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। हालांकि, चूंकि हाईकोर्ट में अभी अवमानना की कार्यवाही जारी है, इसलिए, सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कोई अतिरिक्त दंड नहीं दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को आदेश दिया कि वह हर हफ्ते सुनवाई करे ताकि कानून की गरिमा और सम्मान बना रहे। बता दें कि, एसआरओ 64 (1994) जम्मू-कश्मीर सरकार की तरफ से जारी एक आदेश है, जो राज्य सरकार के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नियम तय करता है। 2006 में ग्रामीण विकास विभाग के कुछ मजदूरों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि वे 14 से 19 साल से काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें SRO 64 के तहत नियमित नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने 2007 में मजदूरों के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन प्रशासन ने 16 साल तक आदेश को लागू नहीं किया। अब हाईकोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया और कहा कि यह राशि उस अधिकारी के वेतन से वसूली जाए, जिसने अवमानना याचिका के खिलाफ अपील करने की सलाह दी थी।

# रश्मिका मंदाना पर पर विवादित बयान देकर फंसे कांग्रेस विधायक, बवाल बढ़ा तो देनी पड़ी सफाई

**बंगलूरू।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से बताए जाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टीए नारायण गौड़ा ने अभिनेत्री को आड़े हाथों लिया था। इस बीच कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की थी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को लेकर कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के दिए विवादित बयान पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल, रश्मिका कर्नाटक में हुए एक फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं हुईं। इसे लेकर कांग्रेस विधायक रवि गनीगा ने उन्हें सबक सिखाने की बात कर दी। इसकी विपक्ष समेत तमाम जानीमानी हस्तियों ने आलोचना की थी। मामला इतना ज्यादा बढ़ गया कि अब रवि को सफाई देनी पड़ रही है। कांग्रेस विधायक रवि गनीगा ने कहा, जब



मैंने कहा कि मैं उन्हें सबक सिखाऊंगा, तो मेरा मतलब जीवन के सबक से था, लेकिन मेरा इरादा हमला करने का नहीं था। मैंने कहा कि जिस सीढ़ी पर आप चढ़े हैं, उसे लात मत मारो तो आप ही नीचे गिरोगे। रश्मिका मंदाना हमारे राज्य कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर नहीं आईं। मैंने उनसे कहा कि आप राज्य का खाना खाकर बड़ी हुई हैं, इसलिए आज अब वहां हैं। इसी वजह से आज आप अपने पैरों पर खड़ी हो, लेकिन मैंने व्यक्तिगत रूप से उनसे नहीं कहा कि आप सही नहीं हैं। मैंने रश्मिका मंदाना की फिल्म भी देखी है। मैं अपने शब्दों पर कायम हूं, हमारे राज्य, हमारी भूमि और कन्नड़ भाषा का सम्मान किया जाना चाहिए।

**क्या है मामला?**

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से बताए जाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टीए नारायण गौड़ा ने अभिनेत्री को आड़े हाथों लिया था। इस बीच कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की थी। सीएनसी के अध्यक्ष एनयू नचप्पा ने शाह और परमेश्वर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि रश्मिका को एक विधायक द्वारा धमकाया और डराया जा रहा है, जिसे कोडवा समुदाय गुंडागर्दी मानता है। कोडवालैंड की मूल कोडवा आदिवासी जाति से ताल्लुक रखने वाली रश्मिका ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर भारतीय फिल्म जगत में अपार सफलता हासिल की है।

# हम्पी केस में कर्नाटक पुलिस ने तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार, चेन्नई से दबोचा

**कोप्पल।** कर्नाटक पुलिस ने हम्पी में विदेशी महिला से दुष्कर्म मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपी घटना के बाद से फरार था। उसकी पहचान सरनाबसवा के रूप में हुई है, जो बढ़ई का काम करता था। उसे गंगावती ग्रामीण पुलिस ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से गिरफ्तार किया और उसे कर्नाटक लाया गया है। मामले में कोप्पल एसपी राम अरसिद्दी ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी को भी पुलिस हिरासत में लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, जैसा कि मैंने पहले बताया था, हमने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है और हमने टीमें बनाई हैं... हमने घटनास्थल का दौरा भी किया। सूचना और कुछ तकनीकी मदद के आधार पर, हमने पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया था। तीसरा व्यक्ति सरनाबसवा जो फरार था, उसे चेन्नई, तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया है। हम उसे यहां ले आए हैं। आज सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। अधिकारी ने बताया कि घटना के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं और इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, गंभीरता से हमने इन इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और इन इलाकों का निरीक्षण भी कर रहे हैं... अब बार-बार हम रात में भी सभी रिसॉर्ट की जांच कर रहे हैं... हम इसके लिए एनडीपीएस किट का भी इस्तेमाल कर रहे हैं और पिछले तीन महीनों में दस मामले दर्ज किए हैं। इसलिए, आने वाले दिनों में भी हम औचक निरीक्षण जारी रखेंगे, अगर कोई प्रतिबंधित सामान या कोई उल्लंघन मिला तो हम मामला दर्ज करेंगे। कोप्पल पुलिस ने शनिवार को बताया कि छह मार्च की रात को कर्नाटक के विजयनगर जिले में हम्पी हेरिटेज साइट के पास तीन लोगों ने एक इस्राइली नागरिक समेत दो महिलाओं के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

# वोटर लिस्ट और परिसीमन के मुद्दे पर संसद में हंगामा, राज्यसभा से विपक्ष का वॉकआउट

**नई दिल्ली।** जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को बहस में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे बस ये दिखाना चाहते हैं कि सरकार सवालों के जवाब नहीं देना चाहती है या बहस से बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अगले 10 दिनों में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान अपने मुद्दों को उठाने का मौका मिलेगा।

परिसीमन और तीन भाषा नीति के मुद्दे पर तमिलनाडु की डीएमके सरकार केंद्र पर लगातार हमले बोल रही है। सोमवार को बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होते ही संसद में भी ये मुद्दे उठे और साथ ही वोटर लिस्ट का मामला पर भी चर्चा की मांग उठी। राज्यसभा में उप-सभापति ने इन मुद्दों पर चर्चा से इनकार कर दिया तो विपक्ष ने इसे लेकर खूब हंगामा किया और सदन से वॉकआउट किया। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने विपक्षी सदस्यों के इस व्यवहार की निंदा की और आसन से आग्रह किया कि वह नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स करवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि



सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, बशर्ते वे नियमों के तहत हों।

राज्यसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव, परिसीमन, भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका से फंडिंग और तीन भाषा नीति सहित कुछ मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत 12 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। इसके बाद कांग्रेस, डीएमके और तृणमूल के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों आसन के निकट आ गए और हंगामा करने लगे। उपसभापति हरिवंश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी बात रखने को कहा। जिसके बाद खरगे ने बोलना शुरू ही किया था कि हरिवंश ने कहा कि वह खारिज किए जा चुके नोटिस से संबंधित मुद्दे नहीं उठा सकते। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया और फिर सदन से वॉकआउट किया। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य आसन के निकट आकर लोकसभा सीटों के परिसीमन से दक्षिण के राज्यों पर पड़ने वाले प्रभाव के मुद्दे पर हंगामा कर रहे थे। परिसीमन और नई शिक्षा नीति के मुद्दे पर लोकसभा में भी तकरार देखने को मिली, जब डीएमके सांसद के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भड़क गए और उन्होंने डीएमके सदस्यों को असभ्य कह दिया और तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य पर राजनीति करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने वॉकआउट को विपक्ष का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार करार दिया और सुझाव दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सहित विपक्षी सांसदों को सदन के नियमों पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने सभापति के विस्तृत फैसले के बावजूद नियम 267 के तहत विपक्षी सांसदों द्वारा नोटिस देने की प्रथा को संसद की संस्था को नीचा दिखाने का शातिर इरादा करार दिया। उन्होंने कहा, विपक्ष को बहस में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# चुनाव आयोग की भूमिका पर संसद में 193 नोटिस देगी टीएमसी



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद में चुनाव आयोग की भूमिका और कार्यप्रणाली को लेकर नोटिस देगी। उन्होंने कहा, हम संसद में 193 नोटिस देने जा रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग की भूमिका और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाएंगे। कल्याण बनर्जी ने दावा किया कि तीन मतदाताओं के एक ही ईपीआईसी नंबर हैं, जो कि कानूनन अवैध है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और उनकी पार्टी इसे संसद में मजबूती से उठाएगी। इस कल्याण बनर्जी ने यह भी प्रस्ताव रखा कि 13 मार्च की छुट्टी की भरपाई के लिए 15 मार्च (शनिवार) को संसद की कार्यवाही आयोजित की जाए। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को होली की छुट्टी होने के कारण 13 मार्च को भी अवकाश रहेगा। वहीं दूसरी ओर, कि, 17 मार्च से कई विभागों के बजट पर चर्चा शुरू होगी। इस दौरान रेलवे, जल शक्ति और कृषि मंत्रालय के बजट पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत होते ही विपक्षी सांसदों ने कई मुद्दों पर हंगामा किया और राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इस दौरान परिसीमन और नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर बहस की अनुमति न मिलने पर विपक्षी दलों ने विरोध जताया। वहीं डीएमके ने तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने पर सरकार की आलोचना की। लोकसभा में भी विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके पर तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य के साथ राजनीति करने का आरोप लगाया।

# ललित मोदी को बड़ा झटका, वानुअतु के प्रधानमंत्री ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

**पोर्ट विला।** आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल वानुअतु देश के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। ललित मोदी के पास वानुअतु की नागरिकता है। अब वानुअतु के पीएम द्वारा ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब ललित मोदी ने हाल ही में भारत की नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। जायसवाल ने बताया कि हमें पता चला है कि उनके पास वानुअतु की नागरिकता है। हम कानून के मुताबिक उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखेंगे।

वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी



महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वानुअतु में नागरिकता पाने की न्यूनतम लागत 1.55 लाख डॉलर के करीब है। वानुअतु में निवेश के बदले महज 30-60 दिनों में ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वानुअतु के कुल राजस्व में नागरिकता के बदले मिले राजस्व की हिस्सेदारी 30 फीसदी है। गौरतलब है कि दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट वाले देशों में भारत का स्थान 80वां है, जबकि छोटा सा देश वानुअतु इस सूची में 51वां स्थान रखता है और यह सऊदी अरब और चीन से भी आगे है। वानुअतु के पासपोर्ट से दुनिया के 113 देशों में वीजा मुक्त एंट्री मिल सकती है। माना जा रहा है कि इन्हीं वजहों से ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिता ली।

ललित मोदी आईपीएल के पूर्व चेयरमैन रहे हैं और उन्हें ही आईपीएल की सफलता का मुख्य रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि साल 2009 में आईपीएल के टीवी अधिकारों के 425 करोड़ रुपये के समझौते में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ जांच चल रही है। मई 2010 में ललित मोदी लंदन भाग गए थे। इसके बाद उन्हें बीसीसीआई ने बर्खास्त कर दिया था।

## रूस ने जासूसी के आरोपों में दो ब्रिटिश राजनयिकों को निकाला

**मॉस्को।** रूस ने सोमवार को कहा कि वह जासूसी के आरोपों के चलते मॉस्को मौजूद दूतावास से दो ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित कर रहा है। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा, या एफएसबी ने राज्य समाचार एजेंसी के हवाले से एक बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने देश में प्रवेश की अनुमति मांगते समय गलत व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया था और कथित खुफिया और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल थे, जिससे रूस की सुरक्षा को खतरा था। इसने कोई सबूत पेश नहीं किया।

राज्य समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राजनयिकों की मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि उसने ब्रिटिश दूतावास के एक अधिकारी को तलब किया है।


# समय के साथ कनाडा-मेक्सिको पर टैरिफ बढ़ सकते हैं, राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा बयान

**तस्करी**

**ट्रंप का मानना है कि कनाडा और मेक्सिको के जरिए ही अमेरिका में फेंटानिल ड्रग की तस्करी होती है, जिससे अमेरिका में लाखों लोग मर चुके हैं।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ताजा बयान में कहा है कि समय के साथ कनाडा और मेक्सिको पर भविष्य में टैरिफ बढ़ सकते हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि वैश्विक समुदाय ने अमेरिका से लंबे समय तक फायदा उठाया। सीईओ के एक कार्यक्रम से संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब व्यापार जगत टैरिफ को लेकर आई स्पष्टता को देख सकता है। कई वर्षों तक विश्व भर के देशों ने अमेरिका का फायदा उठाया। उन्होंने अमेरिका से पैसा लिया और अब हम इसे वापस ला रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि जो देश हमारे साथ जैसा करेगा, हम भी उसके साथ वैसा ही करेंगे।

गौरतलब है कि ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने दोनों देशों पर यह टैरिफ अवैध अप्रवासन पर लगाम न लगाने के लिए और अमेरिका में फेंटानिल ड्रग की आवक के लिए लगाया है। ट्रंप का मानना है कि कनाडा और मेक्सिको के जरिए ही अमेरिका में फेंटानिल ड्रग की तस्करी होती है, जिससे अमेरिका में लाखों लोग मर चुके हैं। साथ ही ट्रंप का मानना है कि कनाडा और मेक्सिको अगर अवैध अप्रवासियों पर नकेल कसते तो अमेरिका में इतने बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासी नहीं आ सकते थे।



हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल ही में 30 दिनों के लिए मेक्सिको और कनाडा से आने वाले कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगाने का फैसला टाल दिया है।

ट्रंप के एलान के बाद से कनाडा और मेक्सिको में चिंता का माहौल है। अमेरिका के जवाब में कनाडा ने भी अमेरिका से आने वाले करीब 20 अरब डॉलर के उत्पादों पर टैरिफ लगाने का फैसला किया है। मेक्सिको ने भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। यही वजह है कि ट्रंप के फैसले से वहां के शेयर बाजार में गिरावट देखी जा रही है।

दरअसल कनाडा और मेक्सिको में लोग अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार कर रहे हैं। साथ ही पारस्परिक टैरिफ लगने से इन देशों में अमेरिकी उत्पाद काफी महंगे हो गए हैं। हालांकि ट्रंप पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रहे हैं और उन्होंने 2 अप्रैल से जैसे को तैसा की तर्ज पर सभी देशों पर टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है।

# सीरिया में अलवी समुदाय पर हिंसा तेज, असद समर्थकों और नई सरकार के बीच खूनी संघर्ष, सैकड़ों लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता खत्म होने के बाद भी हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। देश में नई इस्लामी सरकार के आने के बाद से अलवी समुदाय के खिलाफ हमले बढ़ गए हैं। ताजा संघर्ष असद समर्थकों और सरकारी बलों के बीच अलवी बहुल इलाकों में हो रहा है, जिसमें अब तक 1,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से अधिकतर नागरिक बताए जा रहे हैं।

**सहमति**

**सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शराअ ने सभी पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।**

अलवी समुदाय शिया इस्लाम का एक शाखा है, जो सीरिया के तटीय इलाकों, खासकर लटाकिया और



टार्टूस में बसा है। यह समुदाय दशकों तक सीरिया की सत्ता में प्रभावी रहा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद खुद अलवी थे। असद शासन में इस समुदाय को विशेष लाभ मिलता था, जिससे बहुसंख्यक सुन्नी आबादी में असंतोष था।

असद सरकार के पतन के बाद सुन्नी बहुल नई सरकार ने सत्ता संभाली, लेकिन अलवियों के खिलाफ हिंसा जारी रही। कट्टर सुन्नी गुट अलवियों को असद शासन का समर्थक मानकर हमला कर रहे हैं। इस दौरान कई आम नागरिकों को भी निशाना बनाया गया। संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब सरकार ने एक वांछित अपराधी को अलवी बहुल गांव से गिरफ्तार किया। इसके बाद असद समर्थक लड़ाकों ने सरकारी सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया और असद के गृहनगर कर्दाहा पर कब्जा कर लिया। हालांकि, सरकारी सेना ने जवाबी कार्रवाई कर इलाके पर दोबारा नियंत्रण कर लिया।

सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शराअ ने सभी पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

सरकार ने हिंसा की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति बनाई है, जबकि कई मानवाधिकार संगठनों ने कहा है कि अलवियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सीरियाई सेना के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार सभी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। हालांकि, अभी भी कई इलाकों में तनाव बना हुआ है, और हिंसा के जल्द थमने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही।

# तकनीकी खराबी के चलते 10 घंटे बाद वापस शिकागो लौटा विमान, अब एयर इंडिया ने घटना को लेकर दी सफाई

**शिकागो।** एयरलाइन ने ये भी बताया कि यात्रियों को उड़ान रद्द होने पर पैसे रिफंड कर दिए गए। एयरलाइन के लिए यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।

एयर इंडिया की शिकागो-दिल्ली हवाई सेवा को तकनीकी खराबी के चलते वापस शिकागो लौटना पड़ा। एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार को अमेरिका के शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन करीब 10 घंटे बाद विमान को वापस शिकागो लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया जा रहा है कि विमान के शौचालय जाम हो गए थे। अब घटना को लेकर एयरलाइन ने सफाई दी है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च 2025 को शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एआई126 विमान तकनीकी समस्या के कारण शिकागो वापस लौट गया। शिकागो में उतरने पर, जरूरतमंद यात्री और चालक दल को आवासीय मदद दी गई। इसके बाद



यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। एयरलाइन ने ये भी बताया कि यात्रियों को उड़ान रद्द होने पर पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। एयरलाइन ने कहा कि उनके लिए यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान में कथित तौर पर सभी शौचालय जाम हो गए थे। विमान के 12 में से 11 शौचालय काम नहीं कर रहे थे और सिर्फ बिजनेस क्लास का ही एक शौचालय चल रहा था।

विमान में सवार 300 यात्रियों की परेशानी को देखते हुए, विमान को वापस शिकागो ले जाया गया। शिवसेना यूबीटी सांसद ने घटना को लेकर एयर इंडिया की आलोचना की और घटना को शर्मनाक बताया।

## भूकंप के झटकों से हिला अफगानिस्तान

**काबुल।** सोमवार को भारत का पड़ोसी देश अफगानिस्तान भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मैग्नीट्यूड रही, लेकिन भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था, जिससे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि जमीन में गहराई में आने वाले भूकंपों की तुलना में सतह पर ऊपर आने वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऊपरी सतह में आने वाले भूकंपों में ऊर्जा ज्यादा निकलती है, जिससे जमीन पर मौजूद संरचनाओं को नुकसान ज्यादा होता है। फिलहाल अफगानिस्तान में आए भूकंप में नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 8 मार्च को पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 4.2 थी और इसमें भी कोई नुकसान नहीं हुआ था।

# विद्यार्थी कॉरपोरेट की गतिविधियों से होंगे परिचित : प्रो. वंदना सिंह



अवधनामा संवाददाता

- कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की बैठक
- विश्वविद्यालय में 25 मार्च को होगा कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में देश के कारपोरेट सेक्टर के विशेषज्ञ विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। इससे जहां एक तरफ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कॉरपोरेट सेक्टर में हो रही गतिविधियों से सीधे परिचित होंगे। विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों को कॉरपोरेट सेक्टर को परिचित करा सकेगा।कॉरपोरेट कॉन्क्लेव के लिए उन्होंने गठित समिति के सदस्यों से विचार विमर्श किया।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाला कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव विद्यार्थियों के बहुत हितकर है। उन्होंने विभागाध्यक्षों से विद्यार्थियों के बड़ी संख्या में सहभागिता लिये चर्चा की।कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव के समन्वयक प्रोफेसर अविनाश पार्थीडेकर ने कहा कि कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन 25 मार्च को विश्वविद्यालय में होगा जिसमें एक दर्जन से अधिक कॉरपोरेट सेक्टर के उच्च पदों पर कार्यरत लोग जुड़ेंगे। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज कॉर्पोरेट सेक्टर में तेजी से प्रगति और परिवर्तन हो रहे है, विद्यार्थी उसके लिए अपने को तैयार कर सके यह बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, डॉ. राजकुमार सोनी, डॉ. आशुतोष सिंह, उप कुलसचिव अमृत लाल, डॉ. रसिकेश, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. नृपेन्द्र सिंह समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## ट्रक के धक्के से लेखपाल घायल, बाइक छतिग्रस्त

**जौनपुर (जफराबाद)।** स्थानीय क्षेत्र के जगदीशपुर के पास जौनपुर वाराणसी राजमार्ग पर जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग के समीप रात्रि में ढाबे पर खाना खाने जा रहे लेखपाल की मोटर बाईक में ट्रक ड्राईवर ने धक्का मार दिया। जिससे लेखपाल और उनका साथी बुलेट लेकर नीचे गिर गये और चूटहिल हो गये।

वाराणसी जिले के दौलतपुर थाना क्षेत्र के निवासी विजय प्रकाश मिश्रा जो कि सदर तहसील में बतौर लेखपाल नियुक्त हैं ने जफराबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि शनिवार की रात्रि वे अपने साथी सुधीर कुमार गिरि व साथी लेखपाल रिजवान अहमद के साथ बाइक से रामबली ढाबे पर खाना खाने के लिये आ रहे थे। जगदीश पुर रेलवे क्रासिंग पर एक ट्रक डाइवर द्वारा उनकी बुलेट में धक्का मार दिया जिससे बुलेट क्षतिग्रस्त हो गयी और वे घायल हो गये। ट्रक ड्राइवर मौका देखकर निकल गया। विजय प्रकाश मिश्र ने उक्त ट्रक की संख्या नोट कर जफराबाद थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

# राज्यपाल से सम्मानित हुई प्रतिभा सिंह

अवधनामा संवाददाता

- आंगनबाड़ी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिला सम्मान

**जौनपुर (खुटहन)** जहां चाह, वहां राह उक्ति को बखूबी चरितार्थ किया है आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रतिभा सिंह ने। इन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति, लगन व नवाचार के माध्यम से बड़नपुर आंगनबाड़ी केंद्र को एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। इस उत्कृष्ट कार्य व प्रबन्धन हेतु महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें राजभवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। वापस घर आने पर क्षेत्रवासियों ने प्रतिभा को बधाई व शुभकामना संदेश प्रेषित किया। सकारात्मक सोच की धनी प्रतिभा सिंह को वर्ष 2020 में लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया था। इससे पूर्व पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भी राज्यपाल ने उन्हें उनके अच्छे कार्यो की वजह से सम्मानित किया था। इसके अलावा इनको प्रशासनिक स्तर पर डीएम व बीईओ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

**वेतन खर्च कर जुटाए संसाधन:** नैतिकता की प्रेरणा लेकर प्रतिभा सिंह ने सरकारी धन के अलावा अपना वेतन खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों के लिये कुर्सी,बेंच,टेबल, स्वच्छ जल के लिए आरो, साउंड सिस्टम, वाद्य यंत्र, एलईडी टेलीविजन,फैन, खिलौने तथा अन्य साज सज्जा हेतु सामग्री समेत तमाम संसाधन जुटा लिए। जिससे बच्चों को पढ़ने में सहूलियत महसूस हो रही है। **अभिभावकों से बनाया बेहतर तालमेल:** समाज मे बदलाव की चाहत हो तो रास्ते खुद ही निकल आते है। प्रतिभा सिंह ने अपनी मातृत्व कुशलता की बदौलत केंद्र के पढ़ने वाले नौनिहालों को अपना बना लिया है। उनके अभिभावकों से भी सम्पर्क साधकर उन्हें बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधान पति समेत 5 गिरफ्तार



**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के कुशल नेतृत्व में विवेचक चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रविप्रकाश रवि वार को अपने सरकारी वाहन यू.पी. 62 ए.जी. 0278 से संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि न्यू लकी ढाबा से पहले गौराबादशाहपुर थाने मे वांछित अभियुक्त.विरिन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व. रामजतन यादव निवासी कबीरुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर,अतुल यादव पुत्र अशोक यादव निवासी सरैया थाना जफराबाद. अश्वनी यादव उर्फ शिवम यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी पहेतिया (कबीरूद्दीनपुर) थाना गौराबादशाहपुर, विजय यादव पुत्र स्व. रामजतन यादव निवासी कबीरुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर, पवन यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी सरैया को आज समय लगभग डेढ़ बजे गिरफ्तार कर लिया गया आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### बदमाशों के हमले में पत्रकार घायल

**जौनपुर (खुटहन)** क्षेत्र के कोकना ग्राम सभा पिलकिछा निवासी पत्रकार बृजेश उपाध्याय के परिवार को निशाना बनाकर बदमाशों द्वारा हमला कर दिया गया। जिसमें बृजेश व पत्नी बच्चे घायल हो गए इतने पर जब बदमाशों का मन नहीं भरा तो घर में तोड़फोड़ किये व कार के शीशे तोड़ डाले।आरोप है कि बीती रात पत्रकार परिवार सोने जा रहा था तभी आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे हमलावर गाली गलौज देते हुए मारने लगे। इस बीच बृजेश की पत्नी ने फोन कर पुलिस व ग्रामीणों को जानकारी दी।मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। उधर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद संगठन ने मामले को संज्ञान में लिया है

### प्रयागराज मण्डल में संरक्षित संचालन के लिए संरक्षा क्लास एवं काउन्सलिंग



**प्रयागराज।** बहुउद्देशीय मण्डल संस्थान परिचालन, उत्तर मध्य रेलवे /सूबेदारगंज में गाड़ियों का संरक्षित संचालन एवं शंटिंग से संबंधित संरक्षा क्लास एवं काउन्सलिंग की गयी जिसमें प्रयागराज मण्डल के अलग-अलग स्टेशनों से आये हुए 16 प्रशिक्षुओं (पॉइंट्स मैन) ने भाग लिया। संरक्षा-क्लास में निम्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। गाड़ियों में हैंगिंग पार्ट, स्पार्किंग, हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग तथा आग लगने पर पॉइंट्स मैन के द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्यवाही। आल राइट सिगनल क्या है तथा इसका क्या उद्देश्य होता है। शंटिंग के प्रकार एवं शंटिंग के दौरान वरती जाने वाली सावधानियां। इंजन/लोड काटते समय,जोड़ते समय तथा ट्रान्सफर करते समय सावधानियां। शंटिंग की कंट्रोललिंग तथा हैंड सिगनल का प्रदर्शन। शन्ट सिगनल खराब होने या नॉन सिग्नल मूवमेंट होने पर वरती जानेवाली सावधानियां। संरक्षा सलाकार चन्द्रिका प्रसाद ने संरक्षा-क्लास के माध्यम से संरक्षित ट्रैन ऑपरेशन तथा सुरक्षित शंटिंग संचालन से सम्बंधित विशेष प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में संस्थान के प्रधानाचार्य/मुख्य अनुदेशक, नन्द लाल तथा वरिष्ठ अनुदेशक, राम बिहारी वर्मा भी उपस्थित थे।

### नारी शक्तियां समाज की रक्षा के लिए बने जीजाबाई



**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति संस्थान की ओर से आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह-2025 का आयोजन शारदा तिराहा स्थित होटल ग्रैंड एस.आर. के सभागार में रविवार को किया गया। कार्यक्रम का विविधत शुभारंभ मां दुर्गा के चित्र के समक्ष संरक्षक मंडल व पदाधिकारीगण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर हुआ। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष अर्चना वत्सल व संचालन अंशु अस्थाना ने किया। समारोह में अयोध्या से आई अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, प्रयागराज की संगीतज्ञ डा.ज्योति मिश्रा, मऊ की सामाजिक कार्यकत्री संगीता द्विवेदी, खेल के क्षेत्र में आजमगढ़ की कुमारी खुशी सिंह, वाराणसी की साहित्यकार डा प्रेरणा चतुर्वेदी को संस्थान की संरक्षक व पदाधिकारियों के हाथों नारी शक्ति सम्मान 2025 प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, मेमेंटो, माला, कलेंण्डर, पौधा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जनपद की नारी शक्तियों को बैच और पौधा देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अधिवक्ता श्वेता राज सिंह ने कहाकि महिलाए दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी है और समाज नौ देवी के रूप में इन्हें पूजता है लेकिन आज कुछ महिलाएं सोशल मीडिया पर रील, नृत्य, अंग प्रदर्शन कर पूरे नारी समाज की महिलाओं की गरिमा को खराब कर रही है।

# पत्रकार की हत्या पर जौनपुर पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम समेत दर्जनों की संख्या में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए सरकार से मांग की गई है कि पत्रकार राजेंद्र वाजपेई के हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसी के साथ परिजन को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी दी जाए। श्री क्षेम ने कहा कि पत्रकार जनता की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचने का कार्य करता है। ऐसे में यदि पत्रकारों की जान को खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। विदित हो कि सीतापुर में पत्रकार राजेन्द्र वाजपेयी की हत्या कर दी गयी थी। वे अपनी बाइक से लखनऊ-दिल्ली नेशनल से गुजर रहे थे कि बदमाशों ने टक्कर मारकर उनकी बाइक गिरा दी उसके बाद कई राउंड गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, डा. मधुकर तिवारी, रामदयाल द्विवेदी, शशिशेखर सिंह, राजेश मौर्य, जेड हुसैन बाबू, सुधीर सिंह,भोला विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## चौपाल का आयोजन 6 अप्रैल को

**आजमगढ़।** जयकिसान आन्दोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव ने मंण्लायुक्त आजमगढ मन्डल आजमगढ को एक पत्रक सौपा स पत्र के माध्यम से राजनेत यादव ने कहा कि आजमगढ मण्डल के बलिया, आजमगढ, मऊ जिलो से होकर गुजरने वाली घाघरा नदी के किनारे बसे देवारा व आस पास के गांवो की समस्याओं जैसे नदी से बाढ , कटान ,कृषि, रोजगार, यायायात, गन्ना किसानो की समस्याओं, आजमगढ सठियाव चीनी मिल, मऊ घोसी चीनी मिल , बलिया रसड़ा चीनी मिल की समस्याओं आदि की जानकारी यहां के किसानो ने हमे दिया आज आजमगढ मण्डल आयुक्त को हम लोगो ने पत्रक दिया कि दिनांक 16 मार्च 2025 से 3 अप्रैल 25 तक जय किसान आन्दोलन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिसमे राजनेत यादव,प्रदेश अध्यक्षा, प्रिंस चौहान प्रदेश सचिव, आषीश पटेल युवा अध्यक्ष आजमगढ , जयहिन्द यादव उर्फ मिस्त्री मण्डल अध्यक्ष आजमगढ उपरोक्त जिलो के प्रभावित गांव घर घर जाकर चौपाल लगाकर , चीनी मिलो

# महिला दिवस पर एनसीआर में गोष्ठी का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में दिनांक 10.03.2025 को सायंकाल 16:00 बजे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे मुख्यालय में कार्यरत महिला रेलकर्मियों हेतु महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कार्मिक विभाग के सभाकक्ष में किया गया ढ्ढ इस अवसर पर डॉ. अपर्णा सक्सेना आहार विशेषज्ञ/केन्द्रीय रेलवे अस्पताल, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा ब्याख्यान दिया गया। यह संगोष्ठी महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य पर आयोजित किया गया था ढ्ढ संगोष्ठी में डॉ.अपर्णा सक्सेना, द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य से जुडी समस्याओं और उनके बचाव तथा निदान के बारे में उपस्थित महिला रेलकर्मियों को जागरूक किया गया ढ्ढ इस बारे में महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने से सम्बंधित अनेक बातों को समझाया ढ्ढ महिलाओं में होने वाली बिमारियों एवं खान-पान के प्रति महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी संगोष्ठी में बताई गयी ढ्ढ

इस अवसर पर इस संगोष्ठी में उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के सभी विभागों से महिला रेलकर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

## अनुसूचित जाति /अनु.जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय 'कार्यालय प्रबन्ध' का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट है, अर्ह अभ्यर्थियों की आयुसीमा 01 अप्रैल 2025 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित विषयः- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि (स्टेनो) तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र 26 मार्च 2025 तक जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार 27 व 28 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा।

# संतुलित आहार का करें सेवन-उप निदेशक उद्यान

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मंडली फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस में उद्यान विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वैज्ञानिकों द्वारा फूलों की खेती, गमले में सब्जियों का उत्पादन, हाइड्रोपोनिक खेती, जैविक खेती प्राकृतिक खेती एवं किचन गार्डन की उपयोगिता आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में उपनिदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा बताया गया कि मनुष्य के जीवन में फल सब्जी को भोजन में सम्मिलित करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। संतुलित आहार पर चर्चा करते हुए श्री चौधरी द्वारा बताया गया कि हमें दैनिक भोजन में फल पत्ती वाली सब्जी, जड़ वाली सब्जी आदि को सम्मिलित करना चाहिए, जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव होता है। पुष्प प्रदर्शनी की संध्या में गजलों और गीतों से शाम को सजाने का कार्य आशुतोष श्रीवास्तव गजल गायक एवं रागनी चंद्र द्वारा लोकगीतों से किया गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में अधीक्षक राजकीय उद्यान चंद्रशेखर आजाद पार्क उमेश चंद्र उत्तम द्वारा सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद व्यापित करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अधीक्षक राजकीय उद्यान चंद्रशेखर आजाद पार्क उमेश चंद्र उत्तम द्वारा बताया गया की पूरी प्रदर्शनी को 27 भागों में विभक्त किया गया है। प्रदर्शनी में 112 प्रतिभागियों द्वारा 1012 प्रदर्श को प्रदर्शित किया गया है। प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित किए गए प्रदर्शों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विजेता प्रतिभागियों को दिनांक 10 मार्च 2025 को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विजय किशोर सिंह प्रभारी उद्यान औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज द्वारा किया गया।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) बने इंजी. ललित नाथ

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** निवासी ललित वर्मा को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद के सुभासपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्य कर्ताओं को संबोधित करते हुए ललित वर्मा ने कहा कि मैं हमेशा भारत के युवा वर्ग के साथ हर तकलीफ में हर मुसीबत में खड़ा रहूंगा और साथ ही साथ असहाय और मजबूर लोग के लिए हमेशा एक ढाल बनकर काम करेंगे और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय ओम प्रकाश राजभर जी ने विश्वास जताते हुए उत्तर प्रदेश के कमेटी में एक बड़ी जिम्मेदारी दी है तो मैं उस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करुंगा और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का ईमानदारी से कार्य करूंगा और संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और ललित नाथ वर्मा को पार्टी में एक बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में हर्ष और उल्लास दिखाई दिया। ललित नाथ वर्मा ने कहा की अगर पूरे उत्तर प्रदेश में अगर कोई पार्टी गरीबों शोषितों वंषितों और दबे कुचले लोगों की वकालत करती है तो वह पार्टी का नाम है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और अगर कोई नेता आप सूत्री छवि और ईमानदार की छवि में जाना जाता है तो उसे नेता का नाम है माननीय ओम प्रकाश राजभर जी उन्होंने कहा कि मैं माननीय ओमप्रकाश राजभर जीके विचारधारा और नीतियों हमेशा प्रभावित रहा हूं और उनको अपना आदर्श मानता हूं और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है तो मैं उनके संगठन के साथ काम करके उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

# प्रयागराज मण्डल ने यात्री परिवहन से अर्जित किए 160 करोड़ रुपये

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ -2025 के दौरान प्रयागराज मण्डल के 4 स्टेशन प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज सहित प्रयागराज क्षेत्र के 9 स्टेशनों से श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध करायीं गयीं। ध्यातव्य है कि प्रयागराज में महाकुम्भ -2025 के दौरान प्रयागराज मण्डल नें 11 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक यात्री परिवहन से 159.20 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। प्रयागराज मण्डल ने कुम्भ -2019 के दौरान 86.65 करोड़ रुपये आय अर्जित की थी।

महाकुम्भ -2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज मण्डल ने संगम क्षेत्र के त्रिवेणी रोड और फोर्ट रोड स्थित रेलवे मेला कैम्प में रेलवे टिकट काउन्टर बनाए गए थे। इन कैंपों में यात्री टिकट के लिए 7 UTS, 4 ATVM और 2 PRS काउंटर लगाए गए थे। 11 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक 1.60 लाख से अधिक श्रद्धलुओं टिकट खरीदे इससे रेलवे को 3.11 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुयी।

MUTS ने अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके अतिरिक्त रेलवे के चेकिंग स्टाफ द्वारा 4 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को UTS टिकट प्रदान किए गए और इससे रेलवे को 6 करोड़ रुपये से अधिक आय प्राप्त हुयी।

महाकुम्भ -2025 के दौरान प्रयागराज मेला क्षेत्र के 4 स्टेशन प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज पर अनारक्षित टिकट में डिजिटल भुगतान की सुविधा का का बड़ी सख्या में प्रयोग किया गया और डिजिटल भुगतान का प्रतिशत 7 प्रतिशत से बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गया। मेला अवधि के दौरान मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं को 1680 वाणिज्यिक कर्मचारियों ने अनवरत सेवाएं प्रदान की। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रयागराज मण्डल का 66.35 मिलियन यात्रियों के परिवहन का लक्ष्य था। प्रयागराज मण्डल शानदार प्रदर्शन करते हुए फरवरी 2025 तक 70.1 मिलियन यात्रियों का परिवहन किया जा चुका है।

## सक्षम के जिला जौनपुर काशी प्रांत के पदाधिकारी की घोषणा

**जौनपुर।** नगर के गुलाबी देवी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगीक संगठन सक्षम के जिला जौनपुर काशी प्रांत के पदाधिकारी की घोषणा हुई। जिसमें काशी प्रांत के सचिव श्रीमान घनश्याम जी और जौनपुर जिला के सरसंघचालक डॉ सुभाष जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर डॉ सुभाष संचालक घनश्याम पांडे सचिव काशी प्रांत और डॉ उत्तम कुमार गुप्ता ने माल्यार्पण करके और दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात संघ के संगठन मंत्र के गायन के साथ हुआ। सरसंचालक जी डॉ सुभाष ने पदाधिकारी के नाम की औपचारिक घोषणा की। इसके बाद अध्यक्ष डॉ उत्तम कुमार गुप्ता ने अपने कार्यकारी के सदस्यों की घोषणा की। सर्व समिति से डॉ उत्तम कुमार गुप्ता को सक्षम का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार सचिव कर्मवीर जी, सहसचिव डॉक्टर मंगल कुमार कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा चार्टर्ड अकाउंटेंट, युवा प्रमुख अंकित सह युवा प्रमुख भोला सोनकर और सत्यम गिरी, प्रचार प्रमुख ज्ञान चंद्र गुप्ता महिला प्रमुख उर्वशी सिंह सर महिला प्रमुख आराधना श्रीवास्तव और बिट्टू किन्नर पक्ष पोषण श्वेताप पांडे धीमहि प्रकोष्ठ प्रमुख साधना मौर्या मौजूद रहे।

# फिट इंडिया वीमेंस वीक सेलिब्रेशन 2025



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक के नेतृत्व में ष्फिट इंडिया वीमेंस वीक सेलिब्रेशन 2025 का भव्य आयोजन संरक्षक रमाकांत वर्मा के सौजन्य से प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज, एटलस टैंक, आजमगढ़ में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। विजेता बालिकाओं में सब जूनियर बालिका वर्ग-प्रथम पहल,द्वितीय ऋषिका, कोमल,तृतीय जानवी, दिव्यांशी ,जूनियर वर्ग, प्रथम-स्वेता द्वितीय- आरुषि व तृतीय स्पर्श, सीनियर वर्ग,प्रथम-रवीना,द्वितीय-स्मिता व तृतीय-स्नेहा,इस विशेष आयोजन के अंतर्गत योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को योग और फिटनेस के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पूरा कार्यक्रम आदरणीय रमाकांत वर्मा जी प्रबंधक प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के सहयोग से हो रहा है। कार्यक्रम में प्रतियोगिता निदेशक नूपुर श्रीवास्तव, प्रबंधक प्रियंका मौर्य, समन्वयक आकांक्षा गुप्ता, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, आजमगढ़ के अध्यक्ष लूटू मौर्य, सचिव अशोक गुप्ता, मुख्य अतिथि डॉ. विपिन यादव और विशिष्ट पूजा सिंह जी रही। सभी गणमान्य अतिथियों ने योग के महत्व को रेखांकित किया और इसे दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इस भव्य आयोजन में कोच दीनदयाल प्रजापति और तकनीकी अधिकारी इंद्रजीत कुमार व मनमोहन जी व्यवस्था प्रभारी, सहित कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही, मंजू चौरसिया, दीक्षा वर्मा, मनीषा मौर्य, संगीता, अर्चना, रीतू चेतमणि, प्रतिमा, अनंत दुबे, लोकनाथ, अजीत, नीरज, ओंकार आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस सफ्ल आयोजन के लिए राजन वैदिक ने आजमगढ़ की पूरी टीम को सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## विश्व महिला दिवस पर फिट इंडिया वूमेंस वीक सेलिब्रेशन का आयोजन



**आजमगढ़।** विश्व महिला दिवस पर फिट इंडिया वूमेनश् वीक सेलिब्रेशन 2025 ऑर्गेनाइजेशन उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट संगठन के द्वारा आयोजित हो रहा है। रोहित कौशिक महासचिव क्लै। और नूपुर श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में दो दिवसीय महिला ओपन प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में हो रहा है। प्रतियोगिता में 10 वर्ष से अधिक आयु के सभी महिला खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का निशुल्क अवसर प्रदान किया जा रहा है और जिला व मंडल स्तर के आए हुए सभी सपोर्ट जज व कोच और विजय खिलाड़ियों का सम्मान किया जा रहा है। जिसमें आजमगढ़ जिले के प्रतिष्ठावान नारी शक्तियों का विशेष सम्मान किया जा रहा है। अशोक कुमार सचिव द्वारा बताया गया है इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग आदरणीय रमाकांत वर्मा प्रबंधक प्रतिभा इंटर कॉलेज के विशेष सहयोग से संपन्न हो रहा है। लौट जी अध्यक्ष क्लै। पतंजलि परिवार से अरुण व अनंत दुबे कार्यक्रम में आए हुए नारी शक्तियों का आभार व्यक्त किया।

# महाकुम्भ में नहीं था प्रदूषित पानी, लोकसभा में रिपोर्ट पेश

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज/दिल्ली।** लोकसभा में पर्यावरण मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुंभ 2025 के दौरान संगम पर गंगा का पानी नहाने योग्य था। 28 फरवरी, 2025 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) में एक लंबी-चौड़ी रिपोर्ट पेश की।

इस रिपोर्ट के अनुसार, संगम का पानी सभी तय मानकों पर खरा उतरा और नहाने के योग्य पाया गया। इस बीच समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने लोकसभा में सवाल उठाया, क्या CPCB ने NGT में बताया था कि कुंभ के दौरान गंगा का पानी नहाने योग्य नहीं था? क्या गंगा के पानी में मल-मूत्र की अधिक मात्रा थी?

**सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की नई रिपोर्ट-** पर्यावरण मंत्रालय ने जवाब में बताया कि 3 फरवरी 2025 को CPCB ने NGT में रिपोर्ट दी थी, जिसमें 12 से 26 जनवरी के बीच किए गए परीक्षणों के आधार पर बताया गया कि संगम का पानी नहाने योग्य नहीं था। ह्लत्रञ्ज के निर्देश के बाद डिटेल्ड जांच हुई, जिसमें दिन में दो बार पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। 28 फरवरी, 2025 को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में संगम का पानी नहाने योग्य पाया गया।

**गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सरकार की पहल-** लोकसभा में यह भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए। नदियों में गंदे पानी के सीधे गिरने को रोका गया। कुंभ क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए गए।

**CPCB और PPCB की रिपोर्ट में अंतर-** CPCB की 3 फरवरी 2025 की रिपोर्ट - संगम का पानी नहाने योग्य नहीं बताया। PPCB की 18 फरवरी 2025 की रिपोर्ट – CPCB की रिपोर्ट को गलत ठहराया और कहा कि 6 स्थानों पर पानी नहाने योग्य है। जिसके बाद NGT ने UPPCB की रिपोर्ट पर असंतोष जताया और अगर CPCB की रिपोर्ट गलत थी, तो उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।बता दें कि केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की रिपोर्ट में अंतर के बावजूद, सरकार का आधिकारिक बयान यही है कि कुंभ 2025 के दौरान संगम का पानी नहाने योग्य था।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोज़ाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीज़ल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन 500 एनएम टॉर्क के साथ उपलब्ध है। इसका 4X4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देशीय



वाहन (आईएमवी) प्लेटफ़ॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है। ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिज़ाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं। ब्लैक ओआरवीएम कवर, डोर हैंडल, फेंडर गार्निश और फ्यूल लिड गार्निश जैसे अतिरिक्त स्टाइलिंग तत्व इसे आकर्षक और जोरदार लुक देते हैं। फ्रंट बंपर में स्पोर्टी टच देने वाला अंडर रन फीचर है। आधुनिक और प्रीमियम एस्थेटिक को पूरा करने के लिए, शार्प स्वेप्ट-बैक एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी रियर कॉम्बिनेशन लैंप हैं, जो एक विशिष्ट लाइटिंग सिग्नेचर सुनिश्चित करते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज़्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, टोयोटा में, हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित है।

व्यापक बाजार अनुसंधान और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि के माध्यम से, हम उन वाहनों की बढ़ती मांग को पहचानते हैं जो शक्ति, परिष्कार और मजबूत बहुमुखी प्रतिभा का सहज मिश्रण करते हैं। टोयोटा हाइलक्स लंबे समय से स्थायित्व और प्रदर्शन का प्रतीक रहा है और हाइलक्स ब्लैक एडिशन की शुरुआत के साथ, हम इस विरासत को और भी आगे ले जा रहे हैं।

## TATA.ev भारत में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगा

**दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति की अगुआई करने वाली कंपनी TATA.ev ने आज देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए एक साहसिक, अभूतपूर्व पहल की घोषणा की है। 200,000 ईवी बेचने की उपलब्धि हासिल करने के बाद TATA.ev ने 2027 तक देश में उपलब्ध चार्ज पॉइंट की संख्या को दोगुना से भी ज़्यादा बढ़ाकर 400,000 करने का लक्ष्य रखा है और इसके साथ ही ईवी को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। TATA.ev 2019 से ही भारत के ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने में सबसे आगे रहा है। TATA.ev ने पहले टाटा समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी कर निजी/घरेलू चार्जिंग समाधान पेश किए और फिर सबसे तेज़ ईवी अपनाने वाले शहरों में सार्वजनिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की। इससे शुरुआती उपयोगकर्ताओं को ईवी अपनाने में आवश्यक समर्थन और प्रोत्साहन मिला। अगले चरण में TATA.ev ने 2023 में 'ओपन कोलैबोरेशन' फ्रेमवर्क लॉन्च किया। इसके तहत चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई। इस पहल का उद्देश्य मुख्यतः राजमार्गों के किनारे चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करना था, ताकि लंबी दूरी की यात्रा सुगम हो सके। इस प्रयास का परिणाम यह रहा कि मात्र 15 महीनों में भारत में सार्वजनिक चार्जिंग पॉइंट्स की संख्या दोगुनी होकर 18,000 से अधिक चार्जर्स तक पहुंच गई। TATA.ev के कुल प्रभाव की बात करें तो अब तक 1.5 लाख से अधिक निजी/घरेलू चार्जर्स, 2,500 सामुदायिक चार्जर्स, और 750 चार्जर्स टाटा डीलरशिप्स में स्थापित हो चुके हैं, जो 200 से अधिक शहरों को कवर कर रहे हैं। अब, भारत में ईवी की क्षमता को पूरी तरह से अनलॉक करने के लिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेजी से और कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। देशभर में 5 बिलियन किलोमीटर से अधिक की यात्रा के अनुभव से TATA.ev को ईवी उपयोगकर्ताओं की सटीक जरूरतों और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए आवश्यक स्थानों की गहरी समझ मिली है।

## बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने बैटर हॉफ की बैटर चॉइस कैंपेन के साथ 10 का दम दिखाया



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड GRM ओवरसीज़ लिमिटेड ने अपने 10X क्लासिक चक्की फ्रेश आटा के लिए एक नए और प्रभावी अभियान की घोषणा की है। इस अभियान में कंपनी के हाल ही में नियुक्त ब्रांड एंबेसडर, बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की भागीदारी होगी। यह पहल भारतीय गेहूं आटा बाजार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

GRM उपभोक्ताओं को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिसमें पारंपरिक खुला आटा छोड़कर उच्च गुणवत्ता वाला, स्वच्छ और अधिक पौष्टिक ब्रांडेड पैक्ड आटा अपनाने पर जोर दिया गया है। कंपनी का उद्देश्य शुद्ध और बिना मिलावट वाला गेहूं आटा प्रदान करना है, जो उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और पोषण का भरोसा देता है। GRM ओवरसीज़ लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अतुल गर्ग ने कहा, हम 10X क्लासिक चक्की फ्रेश आटा के लिए इस महत्वाकांक्षी अभियान की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जिसे हमारे नए ब्रांड एंबेसडर सलमान खान का समर्थन प्राप्त है। भारत की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों में से एक के रूप में, हम नवाचार और गुणवत्ता को उद्योग में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण तत्व मानते हैं, विशेष रूप से पैकेज्ड स्टेपल्स मार्केट में।

उन्होंने आगे कहा, इस अभियान के माध्यम से हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को अधिक जागरूक बनाना और उन्हें बेहतर गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण युक्त ब्रांडेड पैक्ड आटा चुनने के लिए प्रेरित करना है। यह सिर्फ एक उत्पाद पेश करने का प्रयास नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवनशैली को बढ़ावा देने की पहल है जो स्वास्थ्य और भलाई को प्राथमिकता देती है।

श्री गर्ग ने यह भी कहा, हम सलमान खान के साथ इस यात्रा की शुरुआत करते हुए बेहद रोमांचित हैं। वह हमारे ब्रांड की साख, विश्वसनीयता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के प्रतीक हैं। हमें विश्वास है कि इस अभियान के माध्यम से हमारा ब्रांड उपभोक्ताओं के बीच और अधिक लोकप्रिय होगा।

## शराब पीकर गाड़ी न चलाएँ': ईएसडब्ल्यूएआई और यूपी राज्य के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा उपायों को और बढ़ाया है



इंडियन प्रीमियम अल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री के प्रमुख समर्थक इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर अपने 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान के अगले चरण की शुरुआत करके सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जनवरी 2025 की शुरुआत में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश राज्य में शराब के जिम्मेदाराना सेवन को बढ़ावा देना और सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है।उत्सवों में जश्न मनाने में सोच-समझकर निर्णय लेना शामिल है, विशेषकर शराब पीकर गाड़ी न चलाने को। पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, ISWAI के सीईओ संजीत पाधी ने कहा, होली खुशी और एकजुटता का समय है, लेकिन इस समय सड़क सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिम्मेदार लोग युवाओं से जिम्मेदारी से होली मनाने और नशे में गाड़ी चलाने से बचने का आग्रह करते हैं। #NeverDrinkAndDrive अभियान दुर्घटनाओं को रोकने और जीवन बचाने में व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी दोनों के महत्व पर प्रकाश डालता है। ISWAI लखनऊ के लोगों से सतर्क रहने, जिम्मेदार विकल्प चुनने और सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए शराब के नशे में गाड़ी चलाने से बचने का आग्रह किया है।

## अक्षय कुमार ने ज़ेप्टो सुपरसेवर के कीमतें इतने लो, एक बार देख तो लो कैंपेन से दर्शकों को लुभाया




**बेंगलुरु।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ज़ेप्टो ने अपना सुपरसेवर कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार नजर आ रहे हैं। कीमतें इतनी लो, एक बार देख तो लो÷ टैगलाइन के तहत यह कैंपेन ज़ेप्टो पर उपलब्ध बेहतरीन डील्स और कम कीमतों को दर्शाता है, जिससे यह समझदार भारतीय खरीदारों की पहली पसंद बन रहा है।अक्षय कुमार ने अपने खास कॉमिक अंदाज से इस कैंपेन में जान डाल दी है, जो उनकी सुपरहिट हेरा फेरी, वेलकम और सिंह इज़ किंग जैसी फिल्मों की याद दिलाता है। उनकी एनर्जेटिक परफॉर्मेंस ने विज्ञापन में ह्यूमर और एक खास तड़का लगाया है, जिससे दर्शक तुरंत जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। ज़ेप्टो के चीफ ब्रांड एंड कल्चर ऑफिसर चंदन मेंदीरत्ता ने कहा, यह कैंपेन फास्ट और स्मार्ट शॉपिंग के रोमांच को दर्शाता है। अक्षय की एनर्जी ज़ेप्टो की स्पिरिट से पूरी तरह मेल खाती है, जो तेज़ शॉपिंग को जबरदस्त बचत के साथ जोड़ती है। हम अपने विक्रेताओं का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने सुपरसेवर के तहत हमारे प्लेटफॉर्म पर ये बेहतरीन कीमतें संभव बनाई हैं।

## इवॉल्वएडी: निसान के समर्थन से संचालित ऑटोनोमस ड्राइविंग रिसर्च प्रोजेक्ट पूरा हुआ

क्रेनफील्ड, यूके- पांच इंडस्ट्री पार्टनर्स वाले एक कंसोर्टियम ने यूके का नवीनतम ऑटोनोमस ड्राइविंग (एडी) रिसर्च प्रोजेक्ट पूरा कर लिया है। यह देश में अब तक का सबसे सख्त रिसर्च प्रोजेक्ट रहा है।

यूके में निसान के पुराने प्रोजेक्ट्स ह्यूमनड्राइव एवं सर्वसिटी के आधार पर तैयार इवॉल्वएडी ने ऑटोनोमस मोबिलिटी के सपनों को सच के करीब ला दिया है। यह सुरक्षित, स्वच्छ एवं ज्यादा समावेशी दुनिया बनाने के कंपनी के ग्लोबल विजन का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट ने आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान देश के विभिन्न मोटरवे, शहरी केंद्रों, आवासीय गलियों और गांवों में ऑटोनोमस ड्राइविंग के साथ 16,000 मील से ज्यादा दूरी तय की गई और एक भी एक्सीडेंट नहीं हुआ।



निसान एएमआईईओ (अफ्रीका, मिडल ईस्ट, इंडिया, यूरोप एवं ओसियानिया) के रीजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डेविड मोस ने कहा, 'सभी तीन रिचर्स प्रोजेक्ट बहुत सफल रहे हैं। इनसे हमारी जानकारी बढ़ी है और इस बात को लेकर समझ बेहतर हुई है कि कैसे एडी टेक्नोलॉजी ड्राइविंग के दौरान विभिन्न चुनौतियों का सामना कर सकती है।'

उन्होंने आगे कहा, 'एडवांस एडी मोबिलिटी की दिशा में अपने समर्पित भागीदारों के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। मानवीय गलतियों को कम करते हुए ड्राइविंग को सुरक्षित बनाकर और दक्षता बढ़ाकर इसे ज्यादा स्वच्छ बनाते हुए यह टेक्नोलॉजी कई ऐसे लोगों के लिए भी मोबिलिटी को आसान बनाएगी, जो जगह, उम्र या शारीरिक परेशानियों की वजह से इससे वंचित हैं। क्रेनफील्ड में निसान टेक्निकल सेंटर यूरोप की हमारी प्रतिभाशाली यूके टीम इस टेक्नोलॉजी को विकसित करने का काम करती रहेगी। हम आगामी वर्षों में ग्राहकों के लिए एडी मोबिलिटी सर्विस को पेश करने को लेकर उत्साहित हैं।'

इवॉल्वएडी की सफलता से एडी की दिशा में अगले चरण की ओर कदम बढ़ गए हैं, जिसके माध्यम से भविष्य में एडी सिस्टम एवं सर्विसेज को लेकर ब्रिटेन के शहरों एवं अन्य क्षेत्रों की तैयारियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

## सोना 150 रुपये गिरकर 88750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी 250 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ 150 रुपये घटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 150 रुपए गिरकर 88,350 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में इसका भाव 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी सोमवार को 250 रुपये की गिरावट के साथ 99,250 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इससे बाजार में चार दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 0.32 प्रतिशत गिरकर 2,904.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## नथिंग फ़ोन (3a) की बिक्री 11 मार्च से शुरू, कम से कम 19,999 में उपलब्ध है



**लखनऊ।** नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने 11 मार्च से फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फ़ोन (3a) सीरीज़ की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरुआती ऑफ़र के रूप में, फ़ोन (3a) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फ़ोन (3a) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा।4 मार्च, 2025 को नथिंग ने फ़ोन (3a) सीरीज़ को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फ़ोन (3a) में 50MP का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2× ऑप्टिकल ज़ूम वाला 50MP का टेलीफ़ोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फ़ोन (3a) प्रो में 60× अल्ट्रा ज़ूम है। सेल्फ़ी के लिए, फ़ोन (3a) में 32MP का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4K वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50MP का सेंसर है। दोनों फ़ोनों में Snapdragon® 7s Gen 3 मोबाइल प्लैटफ़ॉर्म और 5000mAh की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर दो दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। 50W पर अपग्रेडेड फ़ास्ट चार्जिंग के साथ, फोन (3a) सीरीज़ 20 मिनट से कम समय में पूरे दिन की पावर (50%) देती है। इसके अलावा, दोनों फोन में फुल HD+ रेज़ोल्यूशन के साथ 6.77 इंच का इमर्सिव डिस्प्ले है। स्क्रीन के हर इंच में 387 पिक्सल और फ़्लुइड 120H5 अडैप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं। गेमिंग मोड में डिस्प्ले 1000H5 सैंपलिंग रेट प्रदान करता है जिससे गेमिंग स्मूथ और रिस्पॉन्सिव हो जाती है।

## स्कूज़ो आइस ओ मैजिक ने लखनऊ में 3 नए आउटलेट खोलकर अपना विस्तार किया

**लखनऊ।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते जिलाटो और लाइव पॉप्सिकल ब्रांड स्कूज़ो आइस ओ मैजिक ने लखनऊ में अपने तीन नए स्टोर खोलने की घोषणा की है। ये नए स्टोर ब्रांड की निरंतर बढ़ती सफलता का प्रतीक हैं। स्कूज़ो आइस ओ मैजिक हेल्दी और टेस्टी लाइव पॉप्सिकल्स के कॉन्सेप्ट के साथ फोजन डेजर्ट की दुनिया में एक नई क्रांति ला रहा है। यहां आपको टेस्ट और हेल्दी पॉप्सिकल्स की बेहतरीन वैरायटी मिलेगी, जो हर डेजर्ट लवर के दिल को लुभाने के लिए तैयार है ।ये तीन नए आउटलेट्स अशियाना (सेक्टर K), गोल मार्केट (महानगर) और लुलु मॉल फूड कोर्ट में स्थित हैं। इन स्टोर के खुलने से पूरे शहर में डेजर्ट प्रेमियों के लिए स्कूज़ो आइस ओ मैजिक ब्रांड अब और आसानी से उपलब्ध हो गया है। माय स्कूजो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ने इन आउटलेट्स को अशियाना (सेक्टर K) और गोल मार्केट (महानगर) के लिए मोहसिन रज़ा खान और लुलु मॉल फूड कोर्ट के लिए ज्ञानसूत्र कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड (जिसका प्रतिनिधित्व श्री अंकित राजपूत कर रहे हैं) के साथ पार्टनरशिप में खोला है। इससे इस क्षेत्र में ब्रांड की उपस्थिति और भी मजबूत हो गई है। स्कूज़ो आइस ओ मैजिक के फाउंडर गगन आनंद ने कहा, लखनऊ ने हमारा बहुत अच्छा स्वागत किया है और हम अपने सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को इन तीन नए आउटलेट्स पर पेश करने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि हम शहर के डेजर्ट प्रेमियों को अपने खास, क्वालिटी और टेस्टी डेजर्ट से खुश कर पाएंगे, जो 100% रियल फ्रूट्स और प्रीमियम इनग्रेडिएंट से बनाए जाते हैं।




## सोनू सूद की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फतेह' में देखें साइबर क्राइम के खिलाफ जबरदस्त जंग- सिर्फ जियोहॉटस्टार पर!

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद, सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'फतेह' अब सिर्फ जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर साइबरक्राइम की खतरनाक दुनिया को उजागर करती है और इसकी रोमांचक कहानी दर्शकों को पूरी तरह से बांधे रखेगी। फिल्म में सोनू सूद मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडीज और विजय राज भी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन सोनू सूद ने किया है और इसे शक्ति सागर प्रोडक्शंस एवं ज़ी स्टूडियोज के बैनर तले सोनाली सूद और उमेश केआर बंसल ने बनाया है। फिल्म में फतेह सिंह (सोनू सूद) की कहानी दिखाई गई है, जो एक भूतपूर्व स्पेशल ऑपरेशंस ऑफिसर है। वह पंजाब के एक शांत गांव में अपनी पुरानी ज़िंदगी को पीछे छोड़कर साधारण जीवन जी रहा है। लेकिन जब उसके गांव की एक लड़की निमृत कौर जघन्य साइबर अपराध का शिकार बनती है, तो फतेह को अपने अतीत में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता है। साइबरक्राइम का यह खतरनाक सिंडिकेट रज़ा और सत्य प्रकाश चलाते हैं। फतेह, एथिकल हैकर खुशी शर्मा (जैकलीन फर्नांडीज) के साथ मिलकर एक खतरनाक मिशन पर निकलता है, जहां उसे न सिर्फ निमृत को बचाना है, बल्कि इस पूरे साइबर माफिया का खात्मा भी करना है। यह मिशन आसान नहीं है, क्योंकि डिजिटल दुनिया के नए-नए खतरों से निपटना किसी जंग से कम नहीं।

## फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने लखनऊ में अपना पांचवां टेक-इनेबल्ड ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर का विस्तार किया



**लखनऊ।** एजुकेशन कंपनी, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने लखनऊ में अपना नया टेक-इनेबल्ड ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर शुरू किया है। यह सेंटर वृंदावन योजना में स्थित है। इस विस्तार के साथ PWSAT के लिए रजिस्ट्रेशन भी जारी हैं, जिसमें हिस्सा लेकर विद्यार्थी 90% तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों माध्यमों में होगी। इसमें कक्षा 7 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी बैठ सकेंगे। JEE या NEET के लिए ड्रॉप लेने वाले विद्यार्थी भी इसमें बैठ सकेंगे। पीडब्लू टेक-इनेबल्ड ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर्स में विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त होता है। नया पीडब्लू विद्यापीठ 1st फ्लोर, काहलों एम्पोरियम-II, काहलों गार्डन सिटी फेज-I, सेक्टर-12, वृंदावन योजना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226029 में स्थित है। शहर में पीडब्लू के अन्य विद्यापीठ सेंटर गोमतीनगर, कपूरथला, आलमबाग और हजरतगंज पर स्थित हैं।अंकित गुप्ता, सीईओ ऑफलाइन, फिजिक्सवाला (पीडब्लू), ने कहा, पीडब्लू में हम हमेशा विद्यार्थियों के लर्निंग के अनुभव को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। शहर में हमारे मौजूदा सेंटर्स अपनी पूरी क्षमता में संचालित हो रहे हैं, जिससे फिजिक्सवाला में इस शहर के विद्यार्थियों का विश्वास प्रदर्शित होता है। लखनऊ में नया सेंटर शुरू करके हम ज्यादा विद्यार्थियों तक अपनी सेवा पहुँचाना चाहते हैं, ताकि उन्हें अपने घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

## भारत में बेहतरीन कॉफी अनुभवः नेस्प्रेसो ने दिल्ली में खोला अपना पहला बुटीक

**नई दिल्ली।** प्रीमियम पोर्शनड कॉफी में अग्रणी नेस्प्रेसो ने नई दिल्ली के साकेत स्थित सिलेक्ट सिटीवॉक मॉल में अपने पहले बुटीक के भव्य




उद्घाटन की घोषणा की है। यह लॉन्च भारत में नेस्प्रेसो के विस्तार में एक अहम पड़ाव है और 2024 के अंत में देश में अपनी शुरुआत के बाद इसका अगला बड़ा कदम है।

इस नए बुटीक में कॉफी प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव मिलेगा, जहां वे नेस्प्रेसो की बेहतरीन गुणवत्ता वाली कॉफी और अत्याधुनिक मशीनों की पूरी रेंज देख और आज़मा सकेंगे। ग्राहक विभिन्न कॉफी ब्लेंड्स का स्वाद चख सकते हैं, प्रशिक्षित कॉफी विशेषज्ञों से व्यक्तिगत सलाह प्राप्त कर सकते हैं, और नेस्प्रेसो की स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जान सकते हैं।

नेस्प्रेसो के सीईओ, फिलिप नवरातिल ने इस मौके पर कहा, दिल्ली में नेस्प्रेसो बुटीक का शुभारंभ भारत में बढ़ती कॉफी संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हमें गर्व है, क्योंकि इसके जरिए हम भारतीय कॉफी प्रेमियों को नेस्प्रेसो का बेमिसाल स्वाद चखने का मौका दे रहे हैं। हमारा मानना है कि नेस्प्रेसो का हर कप गुणवत्ता, कारीगरी और स्थिरता की एक कहानी कहता है। इस नए स्पेस के जरिए हम लोगों को एक अनोखी इंद्रिय-सुखद यात्रा पर ले जाना चाहते हैं, जहां वे हमारे अद्वितीय कॉफी मिश्रणों और अत्याधुनिक मशीनों की विस्तृत श्रृंखला का अनुभव कर सकते हैं।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, सुरेश नारायणन ने कहा, भारत में कॉफी संस्कृति तेजी से बदल रही है, और हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब हम अपनी वैश्विक विशेषज्ञता और नेस्प्रेसो का प्रीमियम और अनूठा अनुभव भारत ला रहे हैं। भारत में नेस्प्रेसो की शुरुआत उत्कृष्टता की हमारी खोज और भारतीय उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय कॉफी अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जैसे-जैसे भारत में कॉफी प्रेमियों की संख्या बढ़ रही है, हम एक ऐसा खूबसूरत स्थान लेकर आए हैं, जहां वे नेस्प्रेसो ब्रांड की बेहतरीन गुणवत्ता का आनंद ले सकेंगे। नेस्प्रेसो और नेस्ले इंडिया ने यह भी घोषणा की है कि भारत में उनका आधिकारिक वितरण भागीदार ठकराल इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड होगा, जो सभी चैनलों पर नेस्प्रेसो कॉफी उत्पादों की पूरी रेंज उपलब्ध कराएगा।

## काइनेटिक ग्रीन ने मुगलसराय में नई डीलरशिप के उद्घाटन के साथ उत्तर प्रदेश में अपना नेटवर्क मजबूत किया




**मुगलसराय।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर लिमिटेड सॉल्यूशंसने उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में अपनी नई इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर डीलरशिप कायल ई मोबिलिटी ग्रीन के शुभारंभ की घोषणा की है। यह डीलरशिप आराजी नंबर 159, अलीनगर जी.टी. रोड, मुगलसराय, जिला चंदौली, उत्तर प्रदेशमें स्थित है। इस नए स्टोर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में कंपनी की उपस्थिति को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस डीलरशिप का उद्घाटनचंदौली (उत्तर प्रदेश) के विधायक, श्री रमेश जायसवालने किया। इस अवसर पर 300 से अधिक ग्राहक, काइनेटिक ग्रीन की टीम, सरकारी अधिकारी और सामाजिक नेता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहनों की जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण नियंत्रण में भूमिकाको लेकर चर्चा हुई। साथ ही, एकसतत भविष्य और ईवी के व्यापक उपयोग की जरूरतपर भी विचार-विमर्श किया गया।

काइनेटिक ग्रीन की यह नई डीलरशिप 3एस सेल्स, सर्विस और स्पेयर पाट्र्ससुविधाओं से लैस है। इस स्टोर में कंपनी के लोकप्रिय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स E-Luna, E-Zulu और Zing की पूरी रेंज उपलब्ध होगी। ये सभी मॉडल भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के साथ आधुनिक डिजाइन का शानदार संयोजन पेश करते हैं। काइनेटिक ग्रीन के टू-व्हीलर बिजनेस के प्रेसिडेंट, पंकज शर्माने कहा, मुगलसराय में अपनी नई डीलरशिप खोलना हमारे लिए बेहद खास है। उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की यह एक बड़ी उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य पूरे भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आम लोगों तक पहुंचाना और इसे मुख्यधारा में शामिल करना है।

## ओमैक्स और बीटुगैदर ने वृंदावन में 'बृज की होली' का आयोजन किया

**वृंदावन।** भारत के प्रमुख रियल ईस्टेट डेवलपर्स में से एक, ओमैक्स और इसके नए वर्टिकल, बीटुगैदर ने ओमैक्स ईटरनिटी, वृंदावन में 'ब्रज की होली' के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जश्न में भगवान कृष्ण की भूमि, ब्रज में होली के आयोजन की परंपरा के साथ आगंतुकों को संस्कृति, संगीत और भक्ति का अमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस भव्य आयोजन में ओमैक्स के मुख्य अधिकारियों भी मौजूद थे, ओमैक्स के मुख्य अधिकारियों में श्री रोहतास गोयल, चेयरमैन एवं नॉन-एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, ओमैक्स लिमिटेड; श्रीमती सुशमा रोहतास गोयल, चेयरपर्सन, ओमैक्स फाउंडेशन; श्री मोहित गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, ओमैक्स लिमिटेड एवं फाउंडर, बीटुगैदर तथा श्री सुनील कुमार सोलंकी, बिज़नेस हेड, ओमैक्स लिमिटेड शामिल थे। कार्यक्रम में ब्रज में होली मनाने की अनूठी परंपरा प्रदर्शित की गई। ब्रज की लट्ठमार होली, जिसमें महिलाएं पुरुषों पर लाठियाँ बरसाती हैं, ने होली की प्राचीन परंपरा को जीवंत कर दिया। पूरे वातावरण में ढोल और नगाड़ों की गूंज थी तथा बॉलिवुड संगीत चल रहा था, जिसने जश्न और नृत्य का एक रोमांचक माहौल तैयार कर



दिया। फूलों की बारिश और रंगों की बौछार ने इतना सुंदर दृश्य तैयार कर दिया कि पूरा आकाश जीवंत रंगों और पंखुडियों की फुहार के पीछे ढंक गया। पूरा वातावरण आध्यात्मिक उत्साह और खुशी से सराबोर था। यहाँ मौजूद लोगों को ब्रज के स्वादिष्ट व्यंजन भी परोसे गए, जिसने वृंदावन में स्वाद की समृद्ध विरासत का विश्वसनीय जायका पेश किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्रोन आर्ट शो था, जिसने रात के आकाश को आकर्षक विज़्युअल्स से जगमगा दिया। इसमें पारंपरिक त्योहारों के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। इस जश्न में कई भव्य प्रदर्शन भी किए गए, जिनमें से एक इंडियाज़ गॉट टेलेंट (सीज़न 9) से बॉम्ब फायर क्रू और भारतीय संगीतकार, गायक एवं कंपोज़र, अखिल सचदेवा द्वारा बेहतरीन म्यूज़िकल परफॉर्मेंस शामिल थी।

यह सभी आगंतुकों के लिए एक यादगार कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में 11,000 लोगों की मौजूदगी ने सामुदायिक अनुभवों का निर्माण करने की ओमैक्स की प्रतिबद्धता पर बल दिया। इस जश्न के बारे में श्री मोहित गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, ओमैक्स लिमिटेड एवं फाउंडर, बीटुगैदर ने कहा, ''ब्रज की होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह एक भावना है, जो लोगों को प्रेम, भक्ति और एकजुटता की भावना में जोड़ती है।

# मत्स्य विभाग के बाबू पर 1.40 लाख रुपए घुस लेने का आरोप

## कुशीनगर सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मत्स्य विभाग कार्यालय में तैनात एक बाबू द्वारा सरकारी योजना में मिलने वाले सब्सिडी के नाम पर एक व्यक्ति से 1.40 लाख रुपए घुस लेने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यक्ति ने विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग किया है।


पीड़ित अरुण राय

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सेखुई बाजार निवासी अरुण कुमार राय ने निदेशक मत्स्य विभाग उप्र को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि सरकारी योजना में सब्सिडी के नाम पर सहायक निदेशक मत्स्य कुशीनगर कार्यकाल में तैनात अधिकारी विभा लोहानी व बाबू विवेक सिंह द्वारा कार्यालय चैंबर में बुलाकर 20 प्रतिशत कमिशन मांगा गया। बार बार दबाव बनाने पर 80 हजार रुपए कार्यकाल जाकर दे दिया। फिर भी ये लोग नहीं माने। सब्सिडी मिलने के बाद पीड़ित ने पुनः 60 हजार रुपए कार्यालय में लेकर गए जहां कार्यालय के बाबू विवेक सिंह ने लाइट बुझा दिया और सीसीटीवी कैमरा भी बंद कर दिया। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो बाबू ने कहा कि ये पैसा ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक ग्रीसचंद को देना है। पीड़ित डर के मारे पूरा पैसा दे दिया है। बता दें कि मत्स्य विभाग में योजनाओं के नाम पर लोगों को मिलने वाली सब्सिडी भी पच नहीं रहा है। मत्स्य विभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़े मजबूत होती जा रही है। इस घटना को लेकर मत्स्य केंद्र चलाने वाले लोग विभाग से काफी आहत है। अब देखना है कि शिकायती पत्र देने के बाद कुशीनगर सहायक निदेशक मत्स्य विभाग के जमे भ्रष्टाचारी बाबू व जिम्मेदारों पर शासन की क्या कार्रवाई होती है।

# डीएम ने की जिला सलाहकार समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति -बैंकर्स की बैठक हुई। बैठक में डी एम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने रोजगार एवं ऋण सम्बंधित सभी योजनाओं में लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को लम्बित आवेदनों को बैंकों में प्रेषित करने के साथ बैंकों को भी बिना देर किए पत्रावलियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम निशा अनंत ने कहा है कि जो भी ऋण पत्रावलियां अस्वीकृत की जाये उन पर कारण जरूर अंकित किया जाय। डी एम ने अग्रणी जिला प्रबंधक को किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए कैम्पों का आयोजन कराने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान डीएम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना, फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश एलडीएम व बैंकर्स को दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार, जीएमडीआईसी दिनेश चौरसिया, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 70 मरीजों का हुआ उपचार



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के किसान चौक पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 70 मरीजों का उपचार किया गया। सोमवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विकासखंड के दर्जनों गांव के मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें विभिन्न रोगों जैसे जोड़ों का दर्द पीठ दर्द सिर दर्द तनाव उच्च रक्तचाप मधुमेह आदि जैसे रोगों से ग्रसित मरीजों को स्वास्थ्य लाभ और दवा वितरित किया गया। इस दौरान डॉक्टर आर्यन जायसवाल ने कहा कि आज कल जोड़ो का दर्द पीठ दर्द सिर दर्द, तनाव, रक्तचाप आदि बीमारियां तेजी से लोगो मे बढ रही है जिस पर सभी लोगो को जागरूक होने की आवश्यकता है। विशेष कर खान पान पर ध्यान के साथ साथ व्यायाम की आवश्यकता है। डॉ बीएन सिंह ने मरीजों को घरेलू उपचार के माध्यम से उपचार को विस्तृत रुप से बताया। इस दौरान अरुण कुमार पाठक, हरिओम त्रिपाठी, राम प्रकाश मणि त्रिपाठी, सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, दयावती देवी, राहुल, मनीष चौहान, शिखर रागिनी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# फंदे से लटककर युवक ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बलडीहा का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बलडीहा में सोमवार की सुबह एक 21 वर्षीय युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही तुर्कपट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बलडीहा निवासी सुभाष यादव के दो पुत्रों में विकास यादव (21) सबसे छोटा था।


मृतक युवक की फाइल फोटो

बताया जाता है कि रविवार की रात विकास रोज की तरह खाना खाकर लगभग 9 बजे अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक जब विकास अपने कमरे से बाहर नहीं निकला और कोई आवाज भी सुनाई नहीं दी, तो परिजनों को आशंका हुई। जब घरवालों ने कमरे के पीछे की खिड़की से झांककर देखा तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। विकास कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना तुर्कपट्टी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल युवक की आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बाजार से बाईक चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सिकटा निवासी एक व्यक्ति की बाइक रविवार की देर शाम कुबेर स्थान कस्बे से चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद भी बाइक का सुराग न मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिकटा निवासी संतोष कुमार सिंह अपनी एचएफ डीलक्स बाइक (नंबर यूपी 57 ए 8202) लेकर रविवार की शाम कुबेर स्थान साप्ताहिक सब्जी बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार के उत्तरी गेट के पास लगभग 6 बजे खड़ी की और सब्जी खरीदने लगे। सब्जी खरीदने के बाद जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। संतोष कुमार सिंह ने आस-पास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई, मगर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद वाहन स्वामी ने थाना कुबेर स्थान पहुंचकर तहरीर दी। पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द बाइक बरामद करने की मांग की है।

# निशु मिश्रा मिस फ्रेशर और अनुराग यादव मिस्टर फ्रेशर चुने गए



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कारखाना देवरिया के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले प्रशिक्षुओ का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने ने कहा कि यह स्वस्थ परंपरा है कि हम अपने अग्रजो से बहुत कुछ सीखते है और प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते है। यहां अध्ययन और अध्यापन के साथ गतिविधि प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जाता है। एक संदेश में डायट प्राचार्य ने कहा एक विजन और लक्ष्य लेकर के आप सबको आगे बढ़ना है। आप सभी भावी भविष्य के शिक्षक हैं और आपको शिक्षक के बहुत सारे गुणों को ग्रहण करना है। अपने कार्य और व्यवहार को ऐसा बना करके रखें कि लोग आपको डायट रामपुर कारखाना के नाम से जाने। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कार्य और उसके व्यवहार से ही होती है। आपके कार्य और व्यवहार से ही लोग आपको याद रखते हैं। कार्यक्रम में सीनियर प्रशिक्षुओं ने नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमे नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं ने काव्य, डांस और नाटक जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। फ्रेशर पार्टी में निशु मिश्रा मिस फ्रेशर और अनुराग यादव मिस्टर फ्रेशर चुने गए। कार्यक्रम का संचालन अवनीश पाण्डेय, संध्या मद्धेशिया ने किया गया। इसके पूर्व नव प्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत कल्याणी व सुप्रिया द्वारा तिलक लगाकर किया। वही शिवानी मणि त्रिपाठी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रवक्ता अनिल तिवारी, अखिलेश राय, अफताब अहमद, रामदास, कनिष्ठ सहायक सत्यम श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मौर्य, जितेंद्र कुमार मौजूद रहें।

### रंगों का त्यौहार आया, शुरू हुए होली मिलन समारोह



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रंगों के पर्व होली को उत्साह से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व से पहले ही होली मिलन समारोह शुरू हो गये है। शिवमूरत सिंह महाविद्यालय में ब्लाक प्रमुख प्रवीन कुमार सिंह की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। विधायक महाराजी प्रजापति की ओर से 13मार्च को अपने जन सम्पर्क कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। शिवमूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुंडी में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षकों और छात्र छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि और भाजपा समर्थक शामिल हुए। सभागार में लोगों ने एक दूसरे पर जमकर फूल, रंग व गुलाल बरसाए। ब्लाक प्रमुख प्रवीन कुमार सिंह और मनीष सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। दिलीप विश्वकर्मा, सुरेन्द्र मौर्य, आशीष कुमार, मनोज कुमार, अखिलेश त्रिपाठी,शैलेश, नरेंद्र यादव, राजेश यादव, शिवमूर्ति यादव, कुलदीप तिवारी, डॉ सुनील सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में होली पर रंग बरसे-2025कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और समाज सेवी उत्साह से रंगों से सराबोर हुए। रेन डांस भी हुआ। डा विनीत नाकरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा, डॉ अजय सिद्धार्थ, डॉ नीरज वर्मा, डॉ एस के सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, अतुल पाठक, विपिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# मोतीचक में वर्षों से एडीओ पंचायत समेत कई पदों पर नहीं तैनात है अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक में पिछले एक वर्षों से एडीओ पंचायत की तैनाती न होने से गांवों में विकास से संबंधित योजनाएं प्रभावित हो रही है।

बता दे कि मोतीचक विकासखंड में 64 गांवों की देखभाल के लिए एक दर्जन सचिव की तैनाती हुई है। इन गांवों की देखभाल एवं मॉनिटरिंग एडीओ पंचायत के माध्यम से की जाती है लेकिन वर्तमान में एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी ब्लाक में तैनात एक सचिव के द्वारा वर्षों की जा रही है जहां उन्हें आधा दर्जन गांव का चार्ज भी हैं। जिसके कारण इनसे संबंधित गांव में समय से उपस्थिति नहीं रहती है वहीं गांव में संचालित योजनाएं भी समयबद्ध पूर्ण नहीं हो पा रही है। एडीओ पंचायत के पूर्ण रूप से तैनाती न होने से गांवों का विकास आधा अधूरा रह गया है।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही परेशानी, जिम्मेदार मौन**

अधिकतर गांवों में बने कूड़ा निस्तारण केन्द्र निष्क्रिय हो गए है। कहीं-कहीं तो सिर्फ कागजों में ही योजना संचालित हो रही है। इसके साथ ही मोतीचक में एडीओ एजी का चार्ज भी किसान सहायक के द्वारा विगत कई माह से किया जा रहा है और तो और एडीओ आई एसबीआई का भी दो ब्लाकों की जिम्मेदारी है। इसके अलावा कई वर्षो से सीडीपीओ की भी तैनाती नहीं हुई है। यहां का जिम्मेदारी के एक सुपर वाइजर के भरोसे चल रहा है। एक वर्ष से खंड शिक्षाधिकारी का भी पद खाली है। रामकोला के बी ई ओ के भरोसे पूरा परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा लड़खड़ाती जा रही है। कुल मिलाकर मोतीचक में करीब आधा दर्जन से ज्यादा पद खाली है जहां अधिकारियों की तैनाती आवश्यक है। इस संबंध में बीडीओ मोतीचक रामानंद वर्मा ने बताया कि ब्लाक में खाली पड़े पदो के लिए संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। फिर भी सीमित कर्मचारियों के बल पर योजनाओं को क्रियान्वयन में दिक्कतों के वावजूद पूरा कराया जा रहा है।

### डीएम ने कर-करेत्तर के कार्यो की समीक्षा की

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व वसूली व निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, सिंचाई, विद्युत, वन, व्यापार कर, खनन, स्टाम्प, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली के कार्यो की समीक्षा की तथा कम वसूली करने वाले विभागों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि समयबद्ध लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लक्ष्य के अनुरूप वसूली की प्रगति बढ़ाएं, वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना चल रहा है, इसमें सभी विभाग बेहतर प्रयास कर अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराए।

### वेतन न मिलने से नाराज संविदा विद्युत कर्मी धरने पर

**महराजगंज, रायबरेली।** अधिशासी अभियंता ओ पी सिंह के आश्वासन के बाद चार दिन बीत जाने पर भी नहीं मिला संविदा कर्मियों को बकाया वेतन जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र महराजगंज में एकत्रित होकर संविदा कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर दिया और वेतन न मिलने तक काम न करने की ठानी है। विद्युत सबडिवीजन महराजगंज में तमाम संविदा कर्मचारी बकाया वेतन की मांग को लेकर स्ट्राइक पर चले गए और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज को देते हुए बकाया वेतन दिलाए जाने की मांग की। स्ट्राइक के चलते मीटर रीडिंग से लेकर राजस्व वसूली तक का काम ठप हो गया, जिसका असर सीधा विभाग पर पड़ा। बताते चलें कि, सब डिवीजन महराजगंज के विद्युत संविदा कर्मचारियों का माह जनवरी और फरवरी का वेतन न मिलने पर सभी कर्मचारी संयुक्त रूप से स्ट्राइक पर चले गए, जिससे विद्युत कार्य बाधित रहा।

# पत्रकार के हत्यारो के फांसी दिये जाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर निर्मम हत्या के मामले में आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने महामहिम राज्यपाल को पत्र भेज कर मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की है। महामहिम को पत्र उप जिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी के माध्यम से भेजा गया है। जर्नलिस्ट एसोसिएशन संरक्षक शेर बहादुर सिंह, संरक्षक रामबाबू गुप्ता और अध्यक्ष सुशील शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या लोकतंत्र की हत्या है। समाज की हत्या है। पत्रकार की हत्या यानी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है ऐसी स्थिति में मामले की न्यायिक जांच कर कर दोषियों को फांसी की सजा दीजाए। इसके अलावा मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता सरकार प्रदान करें। वहीं मृतक राघवेंद्र के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मीडिया के सहयोग में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी भी मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि राघवेंद्र की हत्या की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल घोर निंदा करता है। इस अवसर पर अनंत विजय सिंह, अजय प्रताप सिंह, मोहम्मद याकूब, अशोक शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, विकास तिवारी, पवन द्विवेदी, चंदन त्रिवेदी, देवेंद्र अवस्थी, शीतला गुप्ता, शिवम गुप्ता, शशिराज पटेल, रणविजय सिंह, मोहम्मद परवेज, यशपाल सिंह, मोहम्मद अफजल, आदित्य वर्मा, अंकित सूर्यवंशी मौजूद रहे।

# रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो निलंबित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पिछले दिनों एक मार्च को अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो को जिला विद्यालय निरीक्षक ने निलंबित कर दिया। लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों द्वारा उजागर किए गए रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले को झुठलाने के लिए ऐडी से चोटी लगाने वाले बड़े मीडिया संस्थान धराशाही हो गए। कहना ना होगा कि रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक बनाए गए जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है जिसका अनुमोदन डीआईओएस ने 5 मार्च कर दिया था।

**डीआईओएस ने केन्द्र व बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के निलंबन का किया है अनुमोदन, सच से उठा पर्दा**

जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा 1 मार्च को रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज व जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज के प्रबन्धक को विभागीय पत्र जारी किया है। पत्रांक /परीक्षा 2025/ 9036-45 /2024-25 दिनांक -5 मार्च-2025 के पत्र मे डीआईओएस ने कहा है कि अपने पत्र दिनांक 3 मार्च-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में परीक्षा केन्द्र 1038 अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज, नकटहां मिश्र, कुशीनगर पर तैनात केन्द्र व्यवस्थापक कश्यप कुमार, प्रवक्ता / कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा में मूल पेपर सेट न वितरित कर वैकल्पिक पेपर सेट (822-बीएके) परीक्षार्थियों को वितरण कर परीक्षा सम्पन्न कराने के कारण प्रबन्ध समिति की आयोजित बैठक दिनांक 2 मार्च-2025 के प्रस्ताव संख्या -दो के तहत कश्यक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है तथा प्रकरण की तथ्यात्मक एवं अभिलेखीय जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। डीआईओएस ने अपने आदेश मे कहा है कि अशोक विद्यापीठ इण्टर कालेज के प्रबन्ध समिति द्वारा पारित प्रस्ताव क्रम में कश्यप कुमार के किए गए निलंबन का अनुमोदन प्रदान किया जाता है। साथ ही निलंबन अवधि के दौरान कश्यप कुमार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी कडी मे जितेन्द्र स्मारक इंटर कॉलेज नरायनपुर कोठी के प्रबंधक को पत्रांक/परीक्षा - 2025- 9046 -55 के जारी आदेश में डीआईओएस ने कहा है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए बनाए गए बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक दुर्गेश कुमार यादव सहायक अध्यापक जितेन्द्र स्मारक इंटर कालेज नरायनपुर कोठी के निलंबन का अनुमोदन किया है। डीआईओएस ने निलंबन के दरम्यान दुर्गेश कुमार यादव को जीवन निर्वाह भत्ता देय करने व आरोपी दोनो शिक्षको के खिलाफ विस्तृत जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने का आदेश दोनों प्रबंधकों को दिया है। **प्रदेश की पहली घटना है, रिजर्व पेपर कराना** – कहना ना होगा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा 2025 में कुशीनगर जिले के फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र में रिजर्व मे रखे गए पेपर से इम्तिहान कराने का प्रदेश में यह पहला मामला है। ऐसा विभाग से जुडे लोगो का दावा है। ऐसे मे इस मामले से जुडे लोगो व जिम्मेदारों के खिलाफ समुचित कार्रवाई न होना अपने आप मे एक सवाल बना हुआ है। **24 फरवरी से 1 मार्च तक का बंडल खुलवाकर कराई जाए जांच**– विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे 24 फरवरी से प्रारंभ हुए बोर्ड परीक्षा का इम्तिहान 1 मार्च तक रिजर्व पेपर से हुआ है। सूत्रो के दावे की सत्यता जानने के लिए जरूरी है कि संकलन केन्द्र (बुद्ध इंटरमीडिएट कुशीनगर) पर 24 फरवरी से 1 मार्च तक संपन्न हुए अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज का जमा किए गए ये बंडलों की जांच करा दी जाए तो दूध का दूध पानी का पानी स्पष्ट हो जायेगा।

### लाखो में किया गया था मामले को मैनेज

विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि इस मामले को पचाने के लिए विभाग-ए-शहंशाह ने विद्यालय प्रशासन से लाखो रुपए की डिलिंग की थी। हालाकि सूत्रो के दावे को संवाददाता द्वारा पुष्टि नही किया जा रहा है लेकिन इसकी चर्चा विभागीय गलियारों मे भी है। **बोले जानकार**....माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से जुडे विशेषज्ञों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की गरज से आपातकालीन स्थिति के लिए रिजर्व में रखे गए पेपर से परीक्षा कराने व रिजर्व पेपर लीक किए जाने के मामले में केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई व मुकदमा दर्ज कराने के साथ साथ जुर्माना व विद्यालय को डिबार करते हुए परीक्षा निरस्त करने और निरस्त परीक्षा का सम्पूर्ण खर्च संबंधित परीक्षा केन्द्र से वसूलने का प्राविधान है। किन्तु सत्यता प्रमाणित होने के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने अब इस दिशा में कोई कार्रवाई नही की और मामले को झूठलाने में लगे है।

### महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिये कांग्रेस नेत्री सुधा ने किया प्रदर्शन

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के आह्वान पर जंतर मंतर, नई दिल्ली में महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने और इसमें ओबीसी महिलाओं को शामिल करने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याश सुधा द्विवेदी ने महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के साथ कंधे से कंधा मिला कर अपनी टीम के साथ प्रदर्शन करते हुए सरकार से मांग की है कि महिलाओं के हित के लिए जो आरक्षण विधेयक लागू होना है तो तुरंत तत्काल प्रभाव से लागू हो जिससे महिलाओं की सहभागिता हर क्षेत्र में सुनिश्चित हो। कार्यक्रम मे अलग-अलग राज्यो से पहुंची काग्रेस कायकत्रियों के प्रति सुधा द्विवेदी ने आभार जताया। आगे की रणनीति के बारे में कांग्रेस नेत्री ने बताया कि कांग्रेस पार्टी न्याय, बेरोजगारी, महंगाई के लिए तहसील स्तर, जिला मुख्यालय, प्रदेश मे जगह जगह पे समयनुसार पार्टी नेतृत्व के दिशा के आधार पर प्रदर्शन करेगीं। इस मौके पर अलका लांबा, पूनम पंडित, सुधा द्विवेदी, अर्चना ठाकुर व सीमा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकत्री मौजूद रही।




# कंपोजिट विद्यालय कैड़ावा में पहला वार्षिकोत्सव मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कैड़ावा में पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव के द्वारा शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण से किया गया।

तत्पश्चात बच्चों ने स्टेज पर संस्कृत और राष्ट्र को समर्पित गीत तथा लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों को स्टेज पर थिरकता देख सामने बैठे अभिभावक भी खुशी से झूम उठे। इस समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। रंग-बिरंगे कपड़ों में स्कूल पहुंचे बच्चों के डांस को देखकर उसके अभिभावक भी झूमने को मजबूर हो गए। स्कूल के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने बताया कि, कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में प्राइवेट विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय भी शिक्षा और बच्चों के परफॉर्मेंस करने के मामले में पीछे नहीं हैं, इसके अलावा बच्चों के मन से सबके सामने परफॉर्म करने के डर को निकालना भी है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के सभी शिक्षकों और अभिभावकों का भी आभार जताया है। आपको बता दे कि, क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में यह पहला विद्यालय है, जहां पहली बार भव्य तरीके से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम महराजगंज सचिन यादव और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पण कर संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर किया। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को डायरी-पेन प्रदान कर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव समारोह एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम के मंच पर नन्हे बच्चों ने भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अलग-अलग प्रसंगों पर आधारित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। साथ ही अपने मनपसंद गानों पर भोली-भाली अदाओं और आत्मविश्वास से डांस कर अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# बहराइच महोत्सव में आयोजित हुआ आशा कार्यकर्ता सम्मेलन

- उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किये गए स्वास्थ्य कार्यकर्ता
- छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम
- सूफी बैण्ड की प्रस्तुति ने बांधा समा



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आयोजित बहराइच महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को आशा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान मुख्य रूप से संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन की स्थायी विधि, टीकाकरण और गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनके मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं। इसके अलावा, बलहा खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सम्मानित किया, जिनमें जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद, यूपी टीएसयू के यशपाल मिश्रा, विशेश्वरगंज के बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा, तेजवापुर के बीसीपीएम रोहित वर्मा, पखरपुर के बीसीपीएम मो. शकील, अरुण मौर्या, चंद्रेश्वर पाठक, जेके चौबे और कामिनी शुक्ला शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद की तीन सर्वश्रेष्ठ आशा संगिनी-बलहा ब्लॉक की संजू वर्मा, पखरपुर की हेमवती सिंह और तेजवापुर की अर्चना देवी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुँचाने का बखूबी कार्य कर रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। संस्थागत प्रसव और नवजात देखभाल की सुविधा बढ़ने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। हमें आशा है कि आगे भी इनके प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान मंथन कल्चर सोसायटी, गोंडा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे महोत्सव का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

प्राथमिक विद्यालय अजीतपुर की छात्र-छात्राओं ने डांस किया जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती बसेरा, सिसई हैदर की बच्चियों ने बॉलीवुड सॉन्ग पर डांस किया, अजीजपुर कुमोलिया के छात्र द्वारा योग किया गया। बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राम आएंगे सॉन्ग पर डांस किया गया। प्रोबेशन विभाग की तरफ से मंथन सोसाइटी कलर के कलाकारों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। प्रोबेशन विभाग की तरफ से सराहनीय कार्य करने वाली महिला आरक्षियों, समूह सखियों दुग्ध उत्पादन व आटा चक्की के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जबकि शिवम द्वारा सूफी बैण्ड की प्रस्तुति 'नैन से नैन मिले जबसे मोह श्याम दरस की आस' व थारे बिना लगे न मारा जिया रे' तथा 'तू माने या न माने दिलदारा' की मनमोहक प्रस्तुति की गयी।

## बाल विवाह बालश्रम जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद ब्लॉक नारखी के ग्राम पचवान में नव भारतीय नारी विकास समिति द्वारा संचालित ''बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन'' के तहत ग्राम प्रधान मुकेश कुमार की अध्यक्षता में गांव सचिवालय में बाल विवाह बाल श्रम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा आशा, आंगनबाड़ी, अध्यापकगढ़ एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे कार्यक्रम प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है उसे रोकने के लिए सर्व समाज एवं गांव के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जफर आलम ने बताया कि नव भारतीय नारी विकास समिति द्वारा जनपद फिरोजाबाद के 100 गांव में बाल विवाह और बाल श्रम के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

# जनपद में 11 मार्च से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मार्च 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 11 से 25 मार्च 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी व मार्च 2025 हेतु आवंटित चीनी का वितरण 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा की दर से (अर्थात रू. 54 में 03 किग्रा.) वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 मार्च 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# चौतरफा खाद्य विभाग के छापे में कुल 25 कुन्टल रंगीन कचरी जब्त

**अवधनामा संवाददाता**

- कचरी में रंग मिलाने पर होगी कड़ी कार्यवाही: डीएम




**फिरोजाबाद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के निदेश पर एवं जिलाधिकरी, फिरोजाबाद के निंदेशन में तथा सहायक आयुक्त, चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में चौतरफा छापे मारी हुई जिसमे गुड मण्डी, बड़ा बाजार, शिकोहाबाद मनोज कुमार बंसल के यहा सबसे आधिक रंगीन कचरी मिली जिसकी मात्रा लगभग 20 कुन्टल कचरी को सीज कर दिया गया। जिसमें विभिन्न रंगों की कचरी तथा साबूदाने के पापड़ और चिप्स शामिल है। बड़ा बाजार में आलोक एवं रमेश के यहा भी कार्यवाही हुई जिसमें अरहर की दाल और बेसन का नमूना लिया गया। जसराना में उपजिलाधिकरी के नेतृत्व में शिवम के वहा से सरसो का तेल, भूवनेश के यहा से तेल, एटा रोड़ पर राजकुमार के यहा से दूध तथा कोमल सिंह के यहा से सरसों का तेल के कुल 6 नमूनें लिये गये। मुस्तफाबाद में सुनील के यहा से मिल्क केक तथा मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। इसके अतरिक्त नगला करन सिंह में सर्वेश किराना व पप्पू किराना के यहा से कचरी के नमूनें लिये गये और खराब कचरी नष्ट करायी गयी। आज की कुल कार्यवाही में 12 नमूने लिये गये, लगभग 25 कुन्टल रंगीन कचरी जब्त तथा 10 किलो कचरी व 5 किलो मिल्क केक नष्ट कराया गया। जब्त व नष्ट किये गये कचरी की कुल कीमत लगभग 1,75,000/- (एक लाख पचहत्तर हजार) है। खबर लिखने तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही जारी थी जिसमें सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय के अलावा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, डा0 अनिल, रमेश, संदीप, जितेन्द्र, अरविन्द व अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

# शहरी क्षेत्र में ईसन नदी के दोनों किनारों पर प्राथमिकता पर कराया जाए सीमांकन

**अवधनामा संवाददाता**

- प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रचलन रोके जाने हेतु की जाये प्रभावी कार्यवाही: जिलाधिकारी



**मैनपुरी।** इस वर्ष निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य की पूर्ति हेतु तत्काल भूमि का चिन्हांकन, गड्ढा खुदान की सूचना निर्धारित प्रारूप पर वन विभाग को उपलब्ध कराई जाए, गत वर्ष वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जो भी पौधे रोपित किए गए हैं, उनकी जीवितता पर विशेष ध्यान दिया जाए, संबंधित अधिकारी नियमित रूप से पौधा रोपण स्थलों का भ्रमण करें, पौधे कागजों में नहीं धरातल पर विकसित होते दिखाई दें, जिन ग्रामों में ग्राम गंगा समितियों का गठन हो चुका है, वहां प्रतिमाह ग्राम गंगा समितियों की बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट, गंदगी नहरों, नदियों में प्रवाहित न करने हेतु जागरूक किया जाए साथ ही प्रतिमाह बैठक का कार्यवृत्त प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को उपलब्ध कराया जाए, प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री किसी भी दशा में न हो, अधिशासी अधिकारी नगरीय क्षेत्रों में एवं खंड विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनसे जुर्माना वसूलें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा के दौरान देते हुये कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी शहरी क्षेत्र में ईसन नदी के जीर्णोद्धार के कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को आदेशित करते हुए कहा कि अपर जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शहरी क्षेत्र में ईसन नदी के दोनों ओर के किनारों का सीमांकन का कार्य प्राथमिकता पर कराकर जहां अनाधिकृत अतिक्रमण पाए जायें तत्काल हटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष वन महोत्सव के दौरान जो पौधे रोपित किए गए हैं, उसके जीवितता की रिपोर्ट नियमित रूप से वन विभाग को उपलब्ध करायें, नोडल अधिकारी अपने-अपने साइट का निरंतर सत्यापन करें, सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक पौधे विकसित हों। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि इस वर्ष के वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित कर सभी सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य की पूर्ति हेतु स्थल चयन एवं गड्ढा खुदान की सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे लेकिन 01 माह व्यतीत होने के पश्चात मात्र 04 विभागों द्वारा ही स्थल चयन की सूचना उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने सचेत करते हुये कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग 01 सप्ताह में सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।श्री सिंह ने अधिशासी अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रचलन रोके जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करें, अभियान चलाकर प्रतिबंधित पॉलिथीन की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला जाए, एम.आर.एफ. सेंटर संचालित रहे ताकि कूड़े का बेहतर ढंग से निस्तारण हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वनिकी संजय कुमार मल्ल, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, उपायुक्त मनरेगा श्वेतांक पांडेय, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरूण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरूण कुमार शुक्ला, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी दीपिका गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी ए.के. चतुर्वेदी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन उप क्षेत्रीय वनाधिकारी राजीव दीक्षित ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शाम 06 बजे तक खुले रहेंगे उप निबन्धक कार्यालय

**बहराइच।** अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में माह मार्च 2025 के सभी कार्य दिवस में निबन्धन कार्य सांय 6 बजे तक सम्पादित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का समय भी बढ़ा कर अपरान्ह 04:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 के अन्तिम रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे तथा विलेख पंजीकरण का कार्य सूचारू रूप से सम्पादित किया जायेगा।

### सिरसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर जारी



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में अशुआ ग्राम पंचायत में सिरसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, यह नदी जनपद के नागरिकों के लिए उपयोगी और जनहितकारी होगी, इस नदी के जीर्णोद्धार में जहां श्रमिक अपने श्रम के द्वारा श्रमरत हैं तो वहीं कहीं-कहीं पर पोकलेन मशीन का सहारा लिया जा रहा है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस कार्य में गांव के सभी युवा, महिलाऐं एवं वृद्ध भी अपने-अपने तरीके से योगदान कर रहे हैं। परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार हम सभी प्रयासरत् हैं, कि यह कार्य शीघ्र ही पूरा हो, उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस कार्य में लापरवाही न हो।

### जिला ग्रामोद्योग द्वारा समाज के समस्त वर्गों को किया मशीन का वितरण



**फिरोजाबाद।** शासन के निर्देशों पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ओ0पी0 चक द्वारा वर्ष 2024-25 में प्राप्त पॉपकॉर्न एवं दोना पत्तल की मशीनों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया गया, इस दौरान समाज के सभी वर्गों को इनका वितरण किया गया, सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें महिलाओं की भी भागीदारी सर्वाधिक रहीं, इस दौरान इन लाभार्थियों को आटोमेटिक दोना प्लेट मेकिंग मशीन के अमित कुमार, प्रेमवीर कुमार, विमल राज, मुनीश कुमार, राजकुमार, इकरार खान, श्रीमती सोनू, पोपकोर्न मेकिंग मशीन में अमन, दीपक, रूबी देवी, रिंकू कुमार, अवधेश कुमार, राजवीर, गोमती देवी, प्रीती, हरिओम सक्सेना, भजनलाल, मनोज कुमार को इसका लाभ दिया गया, इस कार्यक्रम में दोनों पत्तल की 7 और पॉपकॉर्न की 11 मशीनें सभी वर्गों को वितरण की गई, इस दौरान ब्लाक प्रमुख फिरोजाबाद लक्ष्मी नारायण, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बहुजन समाज पार्टी के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया



**टूंडला।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश में जारी की नए जिलाध्यक्षों की जारी की सूची में फिरोजाबाद जनपद से टूंडला निवासी यादवेंद्र सिंह को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद बनाए जाने पर पूर्व एमएलसी भीम राव अंबेडकर मुकेश कल्याण आगरा मण्डल प्रभारी विक्रम सिंह आगरा मण्डल प्रभारी अनिल भाटिया ज़िला प्रभारी,गोल्डी राठौर आगरा मंडल प्रभारी, हितेंद्र पाल सिंह जीतू लाखन सिंह वर्मा बॉबी जाटव अनुज कुमार नीतू जितेंद्र कुमार जाटव रघुवीर सिंह भाई जी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका जोरदार स्वागत कर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 01.04.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02402025 dated 08.03.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 47-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहायक मण्डल इंजीनियर (प्रथम) सुलतानपुर के तहत सुलतानपुर–उतरेटियॉ सेक्शन में समपार सं.–87, 91, 110, 111, 112, 113, 114, 122, 126, 130, 132, 134, 155, 160, 164 एवं 169 पर बने एलएचएस में सुधारात्मक कार्य जैसे जोड़ों पर दबाव ग्राउटिंग द्वारा सील बन्द करना सैम्पवेल की सफाई, रिटेनिंग वाल को ऊचा करना, एप्रोच पर सेड का विस्तार, पीपीसी का कार्य और जल भराव को रोकने के लिए अन्य कार्य का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 32258216.97 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 311300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 18.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.04.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 750/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पत्रांक :- 514/सं0अनु0/न0नि0शाह0/ 2025-26 दिनांक- 10-03-2025

**-: सामान्य ई-निविदा की संशोधित विज्ञप्ति :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र सं0 512/सं0अनु0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक 06.03.2025 द्वारा 11 मदो की निविदायें दिनांक 18.03.2025 तक आमंत्रित की गई थी जिनमें क्रं0 5 व 11 पर अंकित मदों हेतु ई-निविदा व शेष मदों की सामान्य निविदायें आमंत्रित की गई थी। अतः मदों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

- समस्त 11 मदों की निविदायें ई - निविदा (etender.up.nic.in) के माध्यम से दिनांक 20.03.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक 4:00 बजे से खोली जायेंगी। नियम व शर्तें यथावत रहेगीं जो कि बेबसाईट पर उपलब्ध है।

**नगर आयुक्त**


## 12 जुआरी पुलिस ने जेल भेजे

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** चेकिंग अभियान के दौरान थाना नगला सिंघी पुलिस ने 12 जुआरियो को जुआ खेलते पकड़ा है। जिनके पास से एक ताश की गडडी, 7990 रूपये बरामद किए है।

थाना नगला सिंघी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान नगला कदम से श्रीपाल पुत्र हरविलास निवासी घुरकुआ थाना नगला सिघी फिरोजाबाद, रामबकस पुत्र भूदेव निवासी नगला कदम थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, दलवीर पुत्र चन्द्रभान निवासी नगला कदम थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, जसवन्त पुत्र लाल निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, भीमसैन पुत्र कंचन सिंह निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, प्रमोद पुत्र उदय सिंह निवासी घुरकआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, शिशुपाल पुत्र शिवचरन निवासी घुरकुआ थाना नगला सिघी फिरोजाबाद, कालीचरन पुत्र ज्ञान सिंह निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, ओमप्रकाश पुत्र अमृतलाल निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, मोहन लाल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, बाबूलाल पुत्र मिट्ठूलाल निवासी घुरकुआ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद, रामदास पुत्र पदम सिंह निवासी बडा कुर्रा थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद जुआ खेलते पकड़ा है। जिनके पास से एक ताश की गडडी व 7990 रूपये बरामद किए है। पुलिस ने 12 जुआरियो को जेल भेजा है।

# जेएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति, रजिस्ट्रार व दलाल 12 तक न्यायिक हिरासत में

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** जेएस यूनिवर्सिटी एक बार फिर से विवादों के घेरे में आ गई है। फर्जी मार्कशीट बनाने के मामले में यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए लोगों का पकड़ा जाना कई बार यूनिवर्सिटी की छवि को धूमिल करता रहा है। एक साल से पुराने मामले में चल रहे प्रकरण में इस बार यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति/संचालक डा. सुकेश कुमार यादव के अलावा वहां के कुलसचिव तथा जयपुर के दलाल को जयपुर की एटीएस/एसओजी ने गिरफ्तार कर कोर्ट से 12 मार्च तक की न्यायिक हिरासत में ले रखा है। जबकि सुकेश यादव को विदेश भागने से पहले शुक्रवार को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था ।

शिकोहाबाद के मैनपुरी रोड स्थित बनी जेएस यूनिवर्सिटी को सुकेश यादव ने अपने पिता जगदीश सिंह के नाम पर साल 2015 में बनाया गया है। 2022 की राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जी मार्कशीट मिलने के बाद सुर्खियों में आ गया था। एक साल पहले इस यूनिवर्सिटी की मार्कशीटों के फर्जी मिलने के बाद जांच शुरू हो गई थी। फर्जी मार्कशीट प्रकरण तथा कुलाधिपति, रजिस्ट्रार तथा दलाल की गिरफ्तारी के बाद इसकी गूंज जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पहुंच गई है। एसओजी के एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस ने सुकेश कुमार के अलावा नन्दन मिश्रा पुत्र श्री दिनेश मिश्रा निवासी मेहरा कॉलोनी शिकोहाबाद, फिरोजाबाद तथा अजय भारद्वाज पुत्र राजेश भारद्वाज निवासी ब्रहमपुरी, जिला जयपुर हाल निवासी लालरपुरा, गांधी पथ-वेस्ट, जयपुर को 12 मार्च तक न्यायिक हिरासत में लिया है। राजस्थान में मार्कशीट के फर्जीवाड़े तथा इसमें यूनिवर्सिटी के लोगों का नाम सामने आया था। उस समय लखनऊ से इस मामले की जांच के लिए टीम भी गठित कर दी गई थी। वही आगरा एसटीएफ ने मोहित गुप्ता नाम के युवक को पकड़ा था। जिस पर यूनिवर्सिटी की फर्जी मार्कशीट बनाने का आरोप था। जेएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति तथा रजिस्ट्रार के साथ ही दलाल की राजस्थान के जयपुर की एटीएस, एसओजी टीम द्वारा गिरफ्तारी के बाद से शिक्षा जगत के गलियारों में खलबली मच गई है।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रॉक : 792/ई0ई0-6/एल0जे0एस0 दिनॉंक : 10/03/2025

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 17/03/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 17/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 17/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of 10 Nos submersible pump at different Places of Acharya Narendra Dev Ward, Maulana Kalbey Abid Ward and Gadhi Peer Khan Ward, Lko. | 4900.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of 1.50 HP submersible pump at Gram Daulat Kheda Chauraha, Kanhiya Madhopur II Ward, Lko | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-6**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**



**कार्यालय-जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।**

पत्रांक : 895/नि0लि0/पंजी0-नवीनीकरण/जि0पं0/2024-25 दिनॉक : 07 मार्च, 2025

**नवीन पंजीयन/नवीनीकरण सूचना**

सर्व साधारण एवं जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी के पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के निर्माण कार्य संपादन हेतु नवीन पंजीकरण/नवीनीकरण के लिए आवेदन दिनाँक 25.03.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। नवीन पंजीयन/नवीनीकरण के लिए चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र (जिलाधिकारी द्वारा निर्गत) वाणिज्यकर विभाग का पंजीकृत जी0एस0टी0नं0 व आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नं0, अनुभव प्रमाण-पत्र केवल नवीन पंजीयन हेतु, आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। नवीनीकरण के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि सम्बन्धित ठेकेदार का गत वर्षो के कार्यो का पूर्ण परीक्षण के उपरान्त ही फर्म के नवीनीकरण पर विचार किया जायेगा। नवीन पंजीयन हेतु शासनादेशानुसार इस आशय का शपथ पत्र भी देय होगा कि जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी को कोई पदाधिकारी/सदस्य एवं अधिकारी/कर्मचारी मेरा सम्बन्धी नही है। नवीन पंजीकरण सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति उपरान्त निर्धारित स्थाई जनरल जमानत (सिक्योरिटी) के रूप में नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0/नकद धनराशि देय होगी। साथ ही साथ पंजीकरण एवं नवीनीकरण के लिए निर्धारित शुल्क जिला पंचायत की ''जिला निधि'' में जमा करना होगा। अन्य जानकारी कार्यालय के कार्यदिवस में की जा सकती है।

**अभियन्ता जि.पं.लखीमपुर-खीरी।** **अपर मुख्य अधिकारी जि.पं. लखीमपुर-खीरी।** **अध्यक्ष जि.पं. लखीमपुर-खीरी।**

# नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

**महाविद्यालय गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिये अनवरत रूप से कार्यरत है: इं. अंकित तिवारी**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फ्रेसर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी., डी.एल.एड.एवं डी.फार्मा के छात्र-छात्राओं का नवागन्तुकों के रूप में स्वागत किया गया एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की विदाई की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ धर्मेन्द्र शर्मा प्राधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, श्रीमती पूनम शर्मा, वाइस चेयरमेन इं.अंकित तिवारी, अभिषेक तिवारी प्राचार्य नारायन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, प्रवल गुप्ता यू.पी.एस.डी.एम हेड एवं योगेश कमार प्राचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के कर कमलो द्वारा मॉं सरस्वती को माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। महाविद्यालय के वाइस चेयरमेन इं.अंकित तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिये अनवरत रूप से कार्यरत है। छात्र-छात्रओं के व्यक्तित्व को निखार कर उन्हें दूसरे संस्थानो से श्रेष्ठ वनाने के लिये हमेशा प्रतिबद्ध है सभी छात्र-छात्राये इन कार्यक्रमो से नये-नये अनुभव प्राप्त करे। मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उदवोधन में कहा कि नारायन कॉलेज हमेशा छात्र-छात्राओं के हित के लिये सुविधाये देने के लिये प्रयासरत है। सभी छात्र-छात्रायें तृतीय वर्ष में पास होकर नौकरी हेतु तत्पर हो महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा इस कार्यक्रम को देख कर यह लगा कि इस महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें भारत वर्ष में ही नही बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन का नाम रोशन करेगे तथा उनके इस कार्य में महाविद्यालय हमेशा तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में बी.एस.सी की छात्राओं द्वारा सुन्दर समूह नृत्य की प्रस्तुति की गयी बी.सी.ए.प्रथम सेमस्टर की छात्राओं द्वारा एकल एवं समूह नृत्य को एक अलग अंदाज में प्रस्तुत किया गया। रंगा रंगा कार्यक्रम में रंग भरने का कार्य बी.बी.ए.चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार द्वारा गीत प्रस्तुत करके किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा मिस फेशर बी.बीए.प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी रावत तथा बी.सी.ए.प्रथम वर्ष के छात्र मंजीत को मिस्टर फेशर तथा बी.एस.सी.अन्तिम वर्ष की छात्रा संस्कृति दीक्षित को मिस फेयरवेल चुना गया। फेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम में डी.एल.एड.प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने अपनी मन मोहक प्रस्तुति द्वारा समाज में संदेश दिया कि वह रैगिंग, दहेज प्रथा एवं नशा करने जैसी कुरूतियों का बहिष्कार करते है। मंच का संचालन बी.सी.ए.अन्तिम वर्ष की छात्रा कौशाम्बी एवं बी.बी.ए.प्रथम वर्ष की छात्रा भूमि अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल वनाने में बी.बी.ए.विभागाध्यक्ष अनुरूद्ध यादव, बी.सीए. विभागाध्यक्ष राहुल पाल, डी.एल.एड.विभागाध्यक्ष योगीराज पुरवार, डॉ. सुमन लता, बी.बी.ए. प्रवक्ता योगेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा, जयन्त यादव एवं चन्द्र कुमार की अहम भूमिका रही।

## वैष्णवी ने हाईएस्ट अंक लाकर कस्बे का किया नाम रोशन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा में कस्बे की होनहार छात्रा वैष्णवी त्रिपाठी ने बुंदेलखंड में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपने परिवार,कस्बा सहित जनपद को गौरवान्वित किया है। मां कल्पना त्रिपाठी और पिता संजय त्रिपाठी की पुत्री वैष्णवी ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। पिता ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब वैष्णवी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष उसने युग चेतना महाविद्यालय से बीए फाइनल की परीक्षा में कालेज टॉप किया था। इस बार उसने बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में 500 के सापेक्ष 349 अंक प्राप्त किए है। उसकी इस निरंतर सफलता ने यह साबित कर दिया कि लगन और परिश्रम के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय मां कल्पना त्रिपाठी सहित अपने शिक्षकों को दिया है। जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया।

# सिटी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व कंप्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन

**मोबइल फोन से बच्चे बनाये दूरी, तभी होगी शिक्षा पूरी: डॉ. हरीशंकर**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सिटी पब्लिक स्कूल, ब्रह्म नगर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन फीता काट कर प्रमुख समाजसेवी डॉ हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अपना( दल ) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्जी0राजेश वर्मा (सेवानिवृत अधिशाषी अभियंता जल शक्ति) ने की। उदघाट्न समारोह को संबोधित करते हुए डॉ हरीशंकर पटेल ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभिभावक अपने आसपास शैक्षिक वातावरण तैयार करें। अपने बच्चों को आधुनिक तंत्र मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित करे तभी होगी शिक्षा पूरी, साथ ही अपनी पारिवारिक व बौद्धिक वातावरण से परिचित कराए। उनके साथ समय बिताए जिससे उनका बौद्धिक हो सके।

इंन्जी0 राजेश वर्मा ने कहा कि छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से देश की ज्वलंत विषय का प्रदर्शन किया हैं। विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों का बौद्धिक वातावरण तैयार किया जाता हैं। प्रबंधक दीप बिसारिया ने कहा कि कंप्यूटर लैब व विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागी छात्रों को विद्यालय छात्रों को आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से अध्यापन कार्य के लिए कंप्यूटर लैब में शिक्षा प्राप्त कराई जाएगी जिससे छात्रों के प्रश्नों को सरल किया जा सकेगा। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभागी छात्रों ने सोलर पैनल, जल संरक्षण और स्वास्थ्य पर्यावरण के स्वचालित रूप का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय सभी छात्रों को मुख्य अतिथि डा0हरीशंकर पटेल के कर कमलों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक कु.दीक्षा, कु.मुस्कान, कु.स्वेता, कु.श्रृष्टि, संदीप कुमार, अनिल मिश्रा मौजूद रहे। संचालन दिव्यांश बिसारिया द्वारा किया गया।

# रंग भरनी एकादशी पर तुरंतानाथ मंदिर पर हुआ भजन कीर्तन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** रंग भरनी एकादशी के अवसर पर पक्का तालाब स्थित तुरंतानाथ महादेव मंदिर में श्री सत्यनारायण समाज सेवा संस्थान की ओर से महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। मंदिर में संस्थान की सचिव डॉ ज्योति वर्मा ने तुरंतानाथ महादेव की सपरिवार पूजा अर्चना से की। जागृति वर्मा ने रंगभरनी के महत्व के बारे में महिलाओं को विस्तार पूर्वक बताया। अमृषा पटेल ने तिलक कर सभी का सम्मान किया। भजन कीर्तन की शुरुआत गजानंद जी घर में पधारो मेरे घर में गीत से किया। भजन कीर्तन में पीके भांग का प्याला भोले बाबा झूम रहे। भोले बाबा कमाल कर बैठे, गौरी मैया से प्यार कर बैठे। मेरे बांके बिहारी इतना न डालो रंग गुलाल, मैं रंग में रंग जाऊंगी। सारी मटकी का माखन बिखेर गयो रे, यशोदा तेरा लाला किधर गयो रे। मेरा खो गयो बाजू बंद कन्हैया तेरे सत्संग में। बाबा भोलेनाथ के गीतों पर महिलाओं ने फूलों की होली पर नृत्य किया। इस मौके पर संस्थान की अध्यक्ष मनोरमा वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्या शिखा पाल, शिक्षिका मंजू वर्मा, पोस्ट ऑफिस की बचत अभिकर्ता आशा वर्मा, शालिनी वर्मा तथा ढोलक वादन व भजन गायन में कमलेश वर्मा, रामाकांती का पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में आराधना, प्रिया वर्मा एडवोकेट, आंचल आदि महिलाएं शामिल रहीं। समापन भोलेनाथ की आरती व प्रसाद वितरण से हुआ।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में हमीरपुर को प्राप्त हुयी तीसरी रैंक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल दिशानिर्देशन, मार्गदर्शन व नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यो, राजस्व कार्यो एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

इसी क्रम में माह फरवरी 2025 की शासन द्वारा आज जारी की गई विकास कार्यो से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर तीसरी रैंक प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि विगत नवम्बर माह से प्रदेश स्तर पर हमीरपुर जनपद टॉप तीन स्थान पर बना हुआ है। फरवरी माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 95.80 अंको के साथ प्रदेश स्तर पर जनपद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है । ज्ञात हो कि गत माह में भी विकास कार्यो से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर दूसरी रैंक व दिसंबर की रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त हुई थी। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यो से संबंधित विभागवार रैंकिंग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि एप्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी,मनरेगा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, 102 एम्बुलेंस व 108 एम्बुलेंस, टेली रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम, सिटी स्कैन सेवाएं, दूध मूल्य भुगतान स्थिति, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग पेंशन आधार सीडिंग, जल जीवन मिशन, पांचवा राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, संरक्षित निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूलकिट वितरण एवं वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन का आधार सीडिंग, जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ॠण वितरण एवं वसूली, रबी फसल टेल फीडिंग व सिल्ट सफाई इन सभी कार्यो में जनपद को शत प्रतिशत अंको के साथ ए प्लस ग्रेड के साथ प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि जनपद को प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुई इस सम्मानजनक स्थिति में लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार से सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी अपनी विभागीय योजनाओं / कार्यो को अच्छे ढंग से धरातल पर क्रियान्वित करते हुए जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर बनाए रखने का प्रयास किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीएस के रिशित अग्रवाल का इंस्पायर अवार्ड में चयन



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 10 के छात्र रिशित अग्रवाल के प्रोजेक्ट का चयन 24P5 617278 आई डी के साथ विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड के प्रथम चरण के लिए हुआ है। इस प्रोजेक्ट में चयनित होने वाले बच्चे के खाते में सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन धनराशि 10, 000 रूपये भेजी जाएगी जिससे वह अपने प्रोजेक्ट को आगे मूल स्वरूप दे सकता है। रिशित अग्रवाल का चयन उनके नवाचार प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी डिटेक्शन सिस्टम के लिए किया गया है। इस सफलता का श्रेय रिशित ने अपने विज्ञान शिक्षक विमलेश कुमार, गुंजन निगम, सुबूर अनवर और अपनी माता स्मिता अग्रवाल को दिया है जिन्होंने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवम प्रिंसिपल भावना सिंह ने रिशित को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### राघवेंद्र बाजपेयी को इंसाफ मिलने तक लड़ाई रहेगी जारी



**मौदहा हमीरपुर।** बीते दो दिन पहले यूपी के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या को लेकर प्रदेश के पत्रकारों में काफी रोष है।जिसके चलते सोमवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील मुख्यालयों में भी अलग अलग पत्रकार संगठनों ने ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। सोमवार को जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद और श्रमजीवी पत्रकार संगठन ने मुख्यमंत्री सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर के जिम्मेदार पदों पर आसीन जिम्मेदारों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें बीते दो दिन पहले यूपी के सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के दोषियों को फांसी की सजा और मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी और पचास लाख रुपये जुर्माना की मांग की। जबकि मौदहा और राठ तहसील में भी पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए मृतक के परिवार के सदस्य को नौकरी और मुआवजा देने की मांग की। सुनील कुमार, उमेश कुमार, पवन गुप्ता, तुफैल ताहा, राजेश अवस्थी, लक्ष्मी प्रसाद, आशीष कुमार सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### भारत की धमाकेदार जीत को लेकर कस्बे में जश्न

**सुमेरपुर हमीरपुर।** रविवार को दुबई में भारत-न्यूजीलैंड के मध्य खेले गए चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारतीय टीम के जितते ही कस्बे में जमकर आतिशबाजी हुई। युवाओं ने भारत माता के जयकारों के साथ भारतीय टीम की जमकर सराहना की। भारतीय टीम के जितते ही कस्बे में सागर मार्ग सहित मैथिलीशरण गुप्त मार्ग, कमलेश तिराहा, बस स्टॉप आदि में लोगों ने जमकर आतिशबाजी करके जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर अनूप राज, बुद्धि प्रकाश, राजा सिंह, नितिन गुप्ता आदि दर्जनों युवा मौजूद रहे।

### किसान सभा का हुआ आयोजित

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सोमवार को ग्राम सौंखर मे किसान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतिनिधि एसएफ हॉटस्पॉट संदीप कुमार ने किसानो को विस्तार से नैनो यूरिया प्लस नैनो डीएपी सागरिका तरल एवं सागरिका दानेदार तथा एनपीके कंसोर्टिया के प्रयोग विधि ,लाभ एवं रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव के बारे में कृषकों को बिस्तार से समझाया। कृषकों को रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग करने से पर्यावरण मृदा तथा मनुष्यों पर हों रहे दुष्प्रभाव के बारे में बताया तथा नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कम लागत में अधिक फसल उत्पादन,करने के लिए बताया तथा जैविक खेती के लिये सागरिका तथा लिक्विड कंसोर्टिया के प्रयोग एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कृषको को अधिक से अधिक नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी तथा सागरिक तरल का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया हैद्य इफको के अन्य उत्पाद के बारे मेंकिसानों को विस्तृत प्रयोग एवं लाभ की जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान कप्तान सिंह यादव, कोटेदार मुन्नालाल आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी नें किया फ्लैगमार्च



**मौदहा हमीरपुर।** आगामी त्योहार होली और चल रहे पवित्र माह रमजान को लेकर सोमवार मौदहा में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक नें भारी पुलिस बल के साथ फ्लैगमार्च किया। आगामी गुरुवार से शुरू हो रहा महत्वपूर्ण त्योहार होलिका दहन, होली और रंगपंचमी तथा साथ ही चल रहे पवित्र माह रमजान को लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च किया।साथ ही लोगों से बातचीत कर सुरक्षा काभरोसा दिलाया और लोगों से हर्सोल्लास के साथ त्योहार मनाने की बात कही। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता,क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और नगरपालिका की टीम मौजूद रही।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की अद्वितीय भूमिका और योगदान को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम इंटरएक्टिव सत्रों, प्रेरणादायक चर्चाओं और हर्षोल्लास से भरा रहा, जो एनटीपीसी की महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध ट्रेनिंग कंसल्टेंट डॉ. गरिमा बंसल का प्रेरणादायक सत्र रहा। कॉर्पोरेट, शिक्षा, बिक्री और प्रशिक्षण के क्षेत्र में दो दशकों का अनुभव रखने वाली डॉ. बंसल ने महिला कर्मचारियों के लिए एक इंटरएक्टिव और आनंददायक सत्र का आयोजन किया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षण गतिविधियों, खेलों और अपने विचारों के माध्यम से महिलाओं की क्षमता को अधिकतम करने और कार्यस्थल पर उनकी भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया। इस खास मौके पर एक लघु वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित की गई, जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल की महिला कर्मचारियों की भावनाओं और उनके योगदान को दर्शाया गया। यह वीडियो एनटीपीसी की गौरवशाली 50 साल की यात्रा में महिलाओं की भूमिका को उजागर करता है। इस वीडियो की काव्यात्मक प्रस्तुति पूर्णिमा चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा लिखित थी, जिसमें महिला कर्मचारियों की शक्ति, समर्पण और महत्वाकांक्षाओं को खूबसूरती से दर्शाया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी दृढ़ता, प्रतिबद्धता और मेहनत ने एनटीपीसी विंध्याचल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए एनटीपीसी हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा। इस समारोह में वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक, (चिकित्सा), संजीब साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), मानव संसाधन प्रमुख, (विंध्याचल) शामिल थे।

# महिला दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एनटीपीसी विंध्याचल में एक अनूठी पहल करते हुये उमंग भवन में, 08-03-2024 को परियोजना में कार्य करने वाली महिला संविदा कर्मियों हेतु उत्साह एवं उमंग के साथ महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या मे महिला संविदा कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (स्त्री रोग), डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र चिकित्सा) उपस्थित रही साथ ही श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) भी उपस्थित रही। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा महेंद्र, वरिष्ठ विशेषज्ञ (स्त्री रोग) एवं डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र चिकित्सा), चिकित्सालय विंध्यनगर ने महिलाओं की दैनिक जीवन में आने वाली समस्याएँ एवं उनका समाधान तथा स्वच्छता विषय पर व्याख्यान देते हुए उपस्थित सभी प्रतिभागियों को रोजमर्रा के काम-काज में आने वाली समस्याओं एवं शारीरिक व मानसिक बीमारियों/परेशानियों से लड़ने हेतु महत्वपूर्ण तरीके बताए। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओ को डा. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने विभिन्न प्रकार के प्रेरक वीडियो एवं प्रसंगों के माध्यम से छोटी-बड़ी समस्याओं से निजात पाने के सरल तरीके बताए। इस अवसर पर सभी महिला संविदा कर्मचारियों हेतु प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमे सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियो को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम मे भाग लेकर सभी प्रतिभागी महिलाओं में काफी उत्साहित एवं सकारात्मक प्रसन्नता का भाव दिखाई दिया।

# रिहंद में सीआईएसएफ ने धूमधाम से मनाया 56 वां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद्र।** सीआईएसएफ रिहंद यूनिट में सोमवार सुबह 56 वा स्थापना दिवस समारोह समापन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साह धूमधाम पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिंहद परियोजना प्रमुख अनील कुमार श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सीआईएसएफ गीत से शुरू हुई तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड ग्राउंड में सुसज्जित चारो टुकड़ियों का निरीक्षण किया तथा परेड कमांडर ने पथ संचलन कर सलामी की अनुमति ली उसके पश्चात मार्चपास्ट करते हुए चारों टुकड़ियों के प्लाटून कमांडर सहित जवानों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। परेड समापन के पश्चात उप समादेष्टा प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर आभार प्रकट किया और सीआईएसएस के उल्लेखनीय कार्यो के बारे विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने जवानों के सुरक्षा कार्यो की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन में हर संभव सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया तथा विस्तार से सीआईएसएफ के बारे में चर्चा की। अतिथियों के स्वागत सम्मान में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा म्यूजिक धुन पर गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया जो पंडाल में बैठे लोगों का मन मोह लिया। सीआईएसएफ इकाई रिहंद के कमांडो ने विभिन्न कलाओं द्वारा दुश्मनों पर फायरिंग कर सुरक्षा के प्रति संदेश दिया जो लोगों द्वारा काफी सराहा गया। कार्यक्रम में सप्ताह भर चले विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को उप समादेष्टा प्रदीप कुमार ने स्मृति चिन्ह भेंट किया समापन सहायक समादेष्टा आलोक कुमार चौधरी द्वारा आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट कर किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी के संजय असाटी महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्साधिकारी मनीषा कुलश्रेष्ठ, एजीएमएचआर वृजकिशोर पाण्डेय, अपर महाप्रबंधक गण, उप महा प्रबंधक गण, यूनियन ऐसोसिएशन के राकेश कुमार राय, एसएन पाठक, विद्यालय प्राचार्य गण, ग्राम प्रधान केपी पाल, विजय सिंह, प्रधानपति बीजपुर विश्राम सागर गुप्ता, बल सदस्यों सहित महिलाएं बच्चे मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को ने महिला दिवस पर ग्रामीण महिलाओं को दी स्वावलंबी बनने की प्रेरणा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग रेणुकूट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक के मार्गदर्शन एंव मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।

यह आयोजन म्योरपुर स्थित आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क में दुद्धी बभनी एवं म्योरपुर की 70 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर लोक कला आधारित रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार भी रखे। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अनिल झा ने कहा कि महिलाएं स्वस्थ रह कर ही सशक्त रह सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप सभी महिलाएं स्वस्थ रहने के साथ-साथ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें और अन्य महिलाओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समूह की महिलाओं के लिए घड़ा दौड़ ,श्रृंगार दौड़ तथा अन्य मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एंव उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के सुभाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि आज महिलाएं आर्थिक एंव सामाजिक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं और खुद को साबित कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरिता वर्मा ने किया। इस मौके पर रेहाना खातून, विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

# बकरी चोर दे रहे पुलिस को खुली चुनौती

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र में इंगोहटा ग्राम में बकरी चोर गिरोह लगातार सक्रिय है लेकिन पुलिस चुप्पी साधे बैठी है। ताजा घटना ग्राम बिदोखर मेदनी की है, जहां बीती रात चोर एक पशुपालक के घर से करीब 60 हजार रुपये कीमत की आधा दर्जन बकरियां चोरी कर ले गए। इससे पहले इंगोहटा और अन्य गांवों में भी कई बकरी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम बिदोखर मेदनी निवासी रेवती रमण वर्मा ने बताया कि रात में जब सभी लोग घर में सो रहे थे, तभी चोर फाटक का ताला तोड़कर आधा दर्जन बकरियों को लोडर वाहन में लादकर फरार हो गए। इसी तरह ग्राम इंगोहटा से एक सप्ताह पहले बच्चा अनुरागी के घर से बाउंड्री फांदकर 5 बकरियां चोरी हो गई थीं ,ग्राम इंगोहटा में ही 15 दिन पहले सुंदरलाल के घर से करीब 1.5 लाख रुपये की 15 बकरियां चोरी हुई थीं, अब तक ग्राम बिदोखर, मवईजार, इंगोहटा आदि गांवों के दर्जनों स्थानों से इसी तरह की चोरी हो चुकी है। स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि क्षेत्र में बकरी चोरों का बड़ा गिरोह सक्रिय है, जो फतेहपुर, जालौन और हमीरपुर के आसपास के जिलों से आता है और लोडर की मदद से बकरियां चोरी कर ले जाता है। ग्रामीणों और पशुपालकों का आरोप है कि पुलिस इन घटनाओं पर ध्यान नहीं देती, जिससे चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण



अवधनामा ब्यूरो

- भगवान परशुराम जी एवं स्व0 श्री कल्याण सिंह जी की प्रतिमा का किया अनावरण
- लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर स्वावलम्बन का जीवनयापन कर सकें, इसके लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में लगातार कार्य कर रही -मुख्यमंत्री
- यदि कोई जनप्रतिनिधि संवेदनशील हो और वह समर्पित भाव से कार्य करे, तो वह बहुत कुछ कर सकता, डॉ0 राजेश्वर सिंह ने सरोजनी नगर विधान सभा को विकास की योजनाओं की सौगात देकर विकास के पथ पर अग्रसर किया
- आगामी 25 मार्च को हमारी सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक जनपद में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी
- अगले 02 वर्षों में प्रदेश से गरीबी को पूरी तरह समाप्त करने की दृष्टि से इस वर्ष के बजट में एक योजना की घोषणा की गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कोई जनप्रतिनिधि संवेदनशील हो और वह समर्पित भाव से कार्य करे, तो वह बहुत कुछ कर सकता है। इसके लिए उन्हें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर परमार्थ के लिए समर्पित होना होता है, तभी परिणाम आते हैं। जब कोई विधायक धरातल पर उतरकर जनता-जनार्दन की सेवा करे, तो इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है। जब लोकतंत्र मजबूत होगा, तो आमजन को न्याय भी जरूर मिलेगा। 03 वर्ष पहले 10 मार्च, 2022 को सरोजनी नगर की जनता ने डॉ. राजेश्वर सिंह को अपना विधायक चुना था। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनी नगर विधान सभा को विकास की योजनाओं की सौगात देकर विकास के पथ पर अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री यहां डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में सरोजनी नगर आभार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 10 तारा शक्ति केन्द्रों तथा रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केन्द्र, 05 पार्कों में ओपन एयर जिम, सरोजनी नगर तहसील एवं सरोजनी नगर वृद्धाश्रम में कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। उन्होंने 25 मन्दिरों के जीर्णोद्धार, 05 आर.डब्ल्यू.ए. में पुस्तकालय की स्थापना तथा 15 कॉलेजों/विद्यालयों में स्मार्ट क्लास पैनल की स्थापना के कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए। भगवान परशुराम जी एवं स्व. श्री कल्याण सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, 05 यूथ क्लबों को स्पोर्ट्स किट तथा तारा केन्द्र को 100 सिलाई मशीनों का वितरण किया। उन्होंने सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। मुख्यमंत्री को डॉ. राजेश्वर सिंह के सहयोग से करतारपुर गुरुद्वारे भेजे गए सिख परिवारों के सदस्यों ने पवित्र गंगा जल व प्रसाद भेंट किया।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय, नवीन भवन, लखनऊ में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय से मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर समुचित निगरानी रखी जाए। कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। उन्होंने शादी अनुदान योजना के आवेदन को सरल बनाने और लाभार्थियों को शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवंटन प्रक्रिया तय समय सीमा में पूरी की जाए, जिससे छात्रों को वित्तीय सहायता समय पर मिल सके।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.càæm पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** सेहरी में बहुत से लोग रात में मस्जिद से पुकारते हैं नातें पढ़तें हैं यह कैसा है?

**जवाबः** इस्लाम में किसी को तकलीफ पहुंचाना जायज नहीं। मस्जिद के माइक से ज्यादा पुकारना सही नहीं, दो-तीन बार वक्त का ऐलान कर दें। यही मुनासिब होगा।

**सवालः** नमाज में तरह-तरह के ख्याल और वसवसे आते हैं, क्या करें?

**जवाबः** इन वसवसों और ख्यालों पर जेहन को जमने न दें। अगर नमाज में जेहन उन पर ठहरा तो नमाज फासिद हो जाएगी।

**सवालः** सेहरी किस वक्त खाना अफजल है?

**जवाबः** सेहरी देर से करना अफजल है।

**सवालः** क्या औरतें भी तरावीह पढ़ सकती हैं?

**जवाबः** जी हां, औरतों के लिए भी तरावीह मसनून है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** क्या रमजान में कुरान की तिलावत को सवाब की नियत से किसी को बख्शा जा सकता है?

**जवाबः** कुरान की तिलावत के अलावा किसी भी अच्छे आमाल का सवाब एक या एक से ज्यादा को बख्शा जा **सकता है।**

**सवालः** स्वर्गीय पिता ने हज के लिए पैसा रखा था वह पैसा मां के हज के लिए है क्या उस पर जकात होगी?

**जवाबः** पैसा जकात के निसाब में आता है और साल पूरा हो गया है तो जकात वाजिब होगी और मरहूम को सवाब पहुंचेगा।

**सवालः** क्या ऐतिकाफ के दौरान मस्जिद से बाहर आ सकते हैं?

**जवाबः** ऐतिकाफ में अकेले हों तो खाना लेने बाहर जा सकते हैं इसके अलावा बाथरूम जा सकते हैं। बेवजह बाहर निकलने से ऐतिकाफ बातिल हो जाएगा।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

सवालः क्या रोजे की हालत में दांत निकलवाने से रोजा टूट जाता है?

जवाबः रोजे की हालत में दांत निकलवाने से रोजा नहीं टूटेगा, लेकिन हर वह काम जिससे इंसान में कमजोरी हो मकरूह है।

सवालः किसी ने बालिग होने के कई सालों तक इल्म न होने से रोजा नहीं रखा तो क्या हुक्म है? जवाबः अपने रोजों की कजा करेगा, कफ्फारा नहीं, लेकिन अगर हुक्म मालूम था तो रोजों की कजा और कफ्फारा भी देना होगा।

सवालः किसी को रोजे का कफ्फारा या फिदया दिया तो क्या उसे बताना जरूरी है?

जवाबः जी नहीं, उसे बताना जरूरी नहीं है।

सवालः किसी पर रमजान के कफ्फारे बहुत हों और एकमुश्त अदा करने की हैसियत न हो तो क्या किस्तों में अदा कर सकता है?

जवाबः जी हां, किस्तों में भी अदा कर सकता है।

सवालः क्या खुम्स सिर्फ साल की बची रकम पर अदा किया जाएगा?

जवाबः खुम्स साल की बची रकम के अलावा जो चीजें इस्तेमाल में नहीं आई जैसे सूट का पीस, जूता, सेंट आदि पर भी अनुमान लगाकर अदा किया जाएगा।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने के दिये निर्देश

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक किये जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचक नामावलियों एवं वर्तमान में गतिमान निरन्तर पुनरीक्षण से सम्बन्धित उठाए गए बिन्दुओं पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समीक्षा की जाएगी तथा नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। विधानसभा स्तर पर समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 15 मार्च 2025 से पूर्व बैठक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की मेज़बानी करेगा यूपी : महाना

- विधानसभा अध्यक्ष ने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी आयोजन को स्वीकृति
- उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के युवा विधायकों का भी लखनऊ में होगा सम्मेलन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इस बार अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की मेजबानी उत्तर प्रदेश करेगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि इस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृति दे दी है।

जल्द ही लोकसभा अध्यक्ष से इसकी मेजबानी के लिए पत्र लिखा जाएगा। इस वर्ष जनवरी में 85वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आयोजन पटना में किया गया था। इसमें देशभर की विभिन्न विधायिकाओं के अध्यक्ष, सभापति एवं सचिव भाग लेते हैं। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा में संसदीय समितियों को अधिक सशक्त बनाने की प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत युवा और पर्यावरण से संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए एक विशेष संसदीय समिति गठित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

शासन से विमर्श के बाद शीघ्र ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विधानसभा पूरे देश में एक उत्कृष्ट विधायिका के रूप में स्थापित हो रही है। चाहे अवस्थापना विकास हो या प्रक्रियात्मक सुधार, उत्तर प्रदेश विधानसभा ने अग्रणी भूमिका निभाई है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के युवा विधायकों का एक सम्मेलन भी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन कामनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन के अंतर्गत होगा। महाना ने बजट सत्र खत्म होने पर कहा कि बीते तीन वर्षों में केवल दो अवसरों पर ही सदन स्थगित किया गया। सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे यह प्रमाणित होता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा, पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

विधानसभा एक विशेष हैंडबुक प्रकाशित करने की योजना बना रही है, जिसमें विधायिका की संपूर्ण जानकारी होगी। इसका उद्देश्य आम जनता को विधायिका की कार्यप्रणाली एवं महत्व से अवगत कराना है, ताकि लोकतंत्र की नींव और अधिक सशक्त हो सके।

## वक्फ संशोधन अधिनियमः शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ देश भर के पसमांदा मुस्लिम समाज के नेताओं से मंगलवार 11 मार्च को शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया है। श्री मंसूरी ने कह कि वक्फ संशोधन अधिनियम भाजपा के दबाव में तैयार किया गया है। अनीस मंसूरी ने पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी नेताओं और सदस्यों से 11 मार्च को अपने-अपने जिलों में काला फीता बांध कर विरोध दर्ज कराने और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की अपील की जिससे संदेश व्यापक स्तर पर फैल सकें। उन्होंने कहा कि समाज के लोग जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप अपनी नाराजगी और विरोध दर्ज कराएं। उन्होंने कहाकि अगर हम एकुजट होकर अपने अधिकारों के लिए खड़े होंगे तो हमें न्याय मिलेगा। यह विरोध केवल पसमांदा समाज के लिए नहीं बल्कि समग्र मुस्लिम समुदाय और अन्य उत्पीड़ित वर्गों के लिए संदेश है कि हम अपने अधिकारों को लेकर चुप नहीं रह सकते। श्री मंसूरी ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन एक मजबूत संदेश देगा जो सरकार और संसद में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अहम कदम साबित हो सकता है।

## लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का हुआ समापन


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से होली के अवसर पर 5 मार्च से खादी भवन डालीबाग में चल रही लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का समापन हो गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन फूलों की होली खेली गई। प्रदर्शनी में 49 से अधिक स्टॉल लगाये गये। जिनमें हर्बल गुलाल, विभिन्न प्रकार के पापड़, बरी, नमकीन, शहद और आंवला से बने उत्पाद, खादी चादर, गमछे, तौलिये, कुर्ता.पैजामा, गुजराती, रेशम एवं सिल्क की साड़ियां तथा हस्तकला उत्पाद शामिल रहे। छह दिवसीय इस प्रदर्शनी में खादी तथा ग्रामोद्योग इकाइयों ने 50.17 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की। समापन समारोह में बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ.उज्ज्वल कुमार ने प्रतिभागी इकाइयों को प्रमाण पत्र वितरित किये तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बिक्री के आधार पर तीन उद्यमियों व इकाइयों को पुरस्कृत किया।

## माहे खुदा किताबे खुदा के साथ



**लखनऊ।** पहली बार लखनऊ की जामा मस्जिद तहसीन गंज में दौरा-ए-कुरान मजीद का आयोजन किया गया है। इसमें हर दिन ईरान से पधारे मशहूर क़ारी शेख हसन मोहम्मद स की निगरानी में एक पारा (सिपारा) की तिलावत की जाती है। तिलावत से पहले उस पारे का संक्षिप्त परिचय भी पेश किया जाता है। यह कार्यक्रम दारुल कुरान सैय्यदा सुलताना तन्ज़ील एकेडमी, सजाद बाग़ की ओर से रोज़ाना शाम ठीक 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित होता है। यह कुरानी दौरा पहली रमज़ानुल मुबारक से जारी है। हुसैनी चैनल, शान-ए-अज़ाए लखनऊ और विलायत टीवी के लाइव प्रसारण के ज़रिए आप अपने घरों में बैठे भी कुराने करीम की तिलावत का सवाब हासिल कर सकते हैं।

## मुस्लिम पर्सन लॉ बोर्ड के प्रदर्शन में शामिल होगी मुस्लिम लीग



**लखनऊ।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की स्थापना 10 मार्च 1948 को हुई थी लिहाज़ा 10 मार्च को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोहम्मद मतीन खान शहर अध्यक्ष सलमान मंसूरी ज़िला अध्यक्ष मंसूर अज़ीम हाफ़िज़ मोहम्मद साद ने पार्टी ऑफिस बर्फ खाना मुसाहिब गंज में पार्टी का सबज़ हिलाली परचम लहराया गया। डॉ मतीन ने कहा कि मौजूदा भा जा पा सरकार वक़्फ़ तरमीमी बिल पास कराना चाहती है। जिसकी मुख़ाल्फत मे मुस्लिम पर्सनला बोर्ड जंतर मंतर पर 13 मार्च को धरना प्रदर्शन करेंगी जिसमे मुस्लिम लीग के सांसद उनके साथ इस प्रदर्शन में शाना बा शाना साथ रहेगी और लखनऊ में पार्टी के पदाधिकारी 13 मार्च जिलाधिकारी को दिन मे 2 बजे ज्ञापन दे कर यहतिजाज दर्ज कराएगे।

## मजलिसे तरहीम आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय हसन असगर रिजवी और उनकी स्वर्गीय पत्नी अख्तर जहां के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे तरहीम मंगलवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र अहमद रजा रिजवी इंजीनियर ने बताया कि ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज चौराहा स्थित मस्जिद वली उल अस्त्र में मंगलवार को बाद नमाजे मगरिबैन तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को लन्दन से आए मौलाना मोहम्मद हसन मारूफी खिताब करेंगे।

# कश्मीर और लद्दाख में कांग्रेस को बनाएंगे सबसे मज़बूत दलः सैयद नासिर हुसैन

- कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर दिलाया यक़ीन

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त राष्ट्रीय महासचिव सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि वो संसद सत्र समाप्त होने के बाद जल्द से जल्द जम्मू कश्मीर और लद्दाख के दौरे पर निकलेंगे और दोनों ही राज्यों में तेज़ी से संगठन को मज़बूत बनाने की कयावद पर काम करने में लगे हुए हैं। सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि उनके राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त होने के बाद से ही लगातार जम्मू कश्मीर और लद्दाख के नेता उनसे मिल रहे हैं और अपने अपने राज्यों की परेशानियों से उनको रूबरू करवाने के साथ साथ,संगठन को चुस्त दुरुस्त करने की नासिर हुसैन की मंशा को भी प्राथमिकता से कामयाब करने में लगे हुए हैं। ज्ञात रहे कि दिल्ली में सैयद नासिर हुसैन ने कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाक़ात की और बताया कि राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद राहुल गांधी जी से उनकी यह पहली मुलाक़ात थी और मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने उनसे जम्मू कश्मीर और लद्दाख को लेकर लंबी चर्चा की और राहुल गांधी ने दोनों राज्यों में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए उनको अपना मार्गदर्शन दिया इस मौके पर सांसद नासिर हुसैन ने यह भी बताया कि राहुल गांधी जम्मू कश्मीर और लद्दाख की सियासत को बहुत नजदीक से तथा बारीकी से समझते हैं और राहुल गांधी जी ने समस्त भारत को जोड़ने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन कश्मीर में ही किया था। आपको बताते चलें कि सैयद नासिर हुसैन वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद,प्रवक्ता एवं कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य के साथ साथ कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे हैं और छात्र जीवन से ही कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं अपने राष्ट्रीय महासचिव बनने पर सैयद नासिर हुसैन ने कांग्रेस नेतृत्व खास तौर पर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी का धन्यवाद प्रकट किया

## शहरवासियों के लिए लॉन्च हुआ सैनफ्रॉन आर्केड

**लखनऊ।** रियल एस्टेट डेवलपर्स सैनफ्रॉन ग्रुप ने लखनऊ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट सैनफ्रॉन आर्केड को लॉन्च किया गया। सैनफ्रॉन आर्केड आवासीय, वाणिज्यिक और मनोरंजक स्थानों का एक संयोजन प्रदान करता है। जिसे लखनऊ में उच्च गुणवत्ता वाले टिकाऊ विकास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह परियोजना अत्याधुनिक सुविधाओं, अत्याधुनिक वास्तुकला और पर्यावरण के अनुकूल डिजाइनों के साथ एक अद्वितीय जीवन अनुभव का वादा करती है। रोहित कुमार ने कहा कि हम लखनऊ में एक परिवर्तनकारी विकास के रूप में सैनफ्रॉन आर्केड का अनावरण करने के लिए उत्साहित हैं। इस परियोजना के साथ हम लक्जरी और आधुनिक जीवन के अपने दृष्टिकोण को जीवन में ला रहे हैं। संतोष मिश्रा ने बताया नवाचार गुणवत्ता और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैनफ्रॉन ग्रुप ने अपने ग्राहकों और भागीदारों का विश्वास अर्जित किया है।

# डॉ. भावना मिश्रा महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कर कमलों द्वारा प्रदेश की विशिष्ट महिलाओं को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा को उनके प्रशासनिक कार्यों में किए गए सराहनीय योगदान हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डॉ. भावना मिश्रा ने शिक्षा क्षेत्र में अपने समर्पण और कार्यों से यह साबित किया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं। उनके कार्यों ने न केवल शिक्षा क्षेत्र जैसे प्रशासनिक दायित्वों में नया मानक स्थापित किया है, बल्कि समाज में महिलाओं की शक्ति को भी उजागर किया है। समारोह में विश्वविद्यालय की चांसलर एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल , आनंदीबेन पटेल भी उपस्थित थीं। डॉ. मिश्रा के कार्य न केवल एक प्रेरणा स्रोत हैं, बल्कि उन्होंने अपने क्षेत्र में महिलाओं की शक्ति को भी साबित किया है। यह सम्मान प्रदेश की विशिष्ट महिलाओं को उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना और उनके योगदान को व्यापक रूप से पहचान दिलाना था।

# संरक्षा से जुड़े 21 रेलवे कर्मचारी सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय के सभागार में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वान्ह एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुड़े 21 रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिसमें ट्रैक मेन्टेनर आनन्द कुमार पाल, प्रकाश कन्नौजिया, सिगनल अनुरक्षक संतोष कुमार गौड़, संजीव कुमार, टेलीकॉम अनुरक्षक संकल्प बाजपेयी, स्टेशन अधीक्षक रामशीष सिंह, समाडि इंजीनियर प्रशान्त सौरभ, सीसेई समाडि कुमार बरूण, सुजय त्रिपाठी, सीसेई विद्युत वातायान, अभिषेक यादव, टेक्नीशियन महबूब आलम, राम प्रसाद, सहायक समाडि संजीव कुमार शर्मा, राकेश शर्मा, आयुष राज, स्टेशन मास्टर गोण्डा विवेकानन्द पाण्डेय, लोको निरीक्षक एकीकृत लॉबी लखनऊ जं. नवनीत कुमार वर्मा, लोको पायलट मेल एक्सप्रेस एकीकृत लाबी लखनऊ जं. मनीष कुमार, प्रवर तकनीशियन समाडि डिपो ऐशबाग विजय कुमार, रामदरस चौहान, लोको पायलट सवारी एकीकृत लॉबी गोण्डा, मुख्य लोको निरीक्षक एकीकृत लॉबी गोण्डा रविन्द्र सिंह, लोको पायलट शंटिंग एकीकृत लॉबी गोरखपुर राकेश कुमार और लोको पायलट मेल एक्सप्रेस एकीकृत लॉबी गोरखपुर राम रंजन चौबे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा भुवनेश सिंह तथा वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय गौरव गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर वैभव श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## आधार कार्ड संशोधन अपडेशन शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के हजरतगंज स्थित मंडलीय कार्यालय के सभागार में संचालित किये जाने वाले एक दिवसीय आधार कार्ड संशोधन अपडेशन शिविर का आयोजन किया गया। रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आधार सम्बंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। इस आधार कैम्प में 34 रेलकर्मियों व उनके परिवारजनों के आधार अपडेट किये गये एवं 3 नये आधार बनाये गये। मण्डल रेल प्रबंधक एसएम.शर्मा ने इस आयोजन की सराहना की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करके कर्मचारियों को लाभान्वित करने की बात कही।

## कन्वेन्शनल कोच को आधुनिक एलएचबी कोच से बदला जायेगा

**लखनऊ।** रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नम्बर 15081 व 15082 नकहा जंगल गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस में चल रहे कन्वेन्शनल कोच को आधुनिक एलएचबी कोच से बदला जायेगा। जिसके बाद ट्रेन नम्बर 15081 व 15082 गोरखपुर गोमतीनगर गोरखपुर एक्सप्रेस में 12 कन्वेंशनल कोचों के स्थान पर 22 एलएचबी कोच लगाये जायेंगे। रेक संरचना में बदलाव के साथ 18 मार्च से यह गाड़ी नकहा जंगल के स्थान पर गोरखपुर तक चलायी जायेगी। 15081 गोरखपुर गोमतीनगर एक्सप्रेस 18 मार्च से गोरखपुर से 12:20 बजे चलकर नकहा जंगल से 12:38 बजे, पीपीगंज से 1:07 बजे, कैम्पियरगंज से 1:22 बजे, आनन्दनगर से 1:44 बजे, सिद्धार्थनगर से 12:23 बजे, शोहरतगढ़ से 2:48 बजे, बढनी से 3:14 बजे, पचपेड़वा से 3:30 बजे, तुलसीपुर से 3:55 बजे, झारखण्डी से 4:19 बजे, बलरामपुर से 4:29 बजे, गोण्डा से 5:55 बजे, करनैलगंज से 6:21 बजे, जरवल रोड से 6:40 बजे, बुढ़वल से 7 बजे तथा बाराबंकी से 7:56 बजे छूटकर गोमतीनगर 8:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नम्बर 15082 गोमतीनगर गोरखपुर एक्सप्रेस 18 मार्च से गोमतीनगर से 6:10 बजे प्रस्थान कर बाराबंकी से 6:50 बजे, बुढ़वल से 7:16 बजे, जरवल रोड से 7:35 बजे, करनैलगंज से 7:53 बजे, गोण्डा से 8:30 बजे, बलरामपुर से 9:14 बजे, झारखण्डी से 9:23 बजे, तुलसीपुर से 9:48 बजे, पचपेड़वा से 10:18 बजे, बढनी से 10:45 बजे, शोहरतगढ़ से 11:08 बजे, सिद्धार्थनगर से 11:40 बजे, आनन्दनगर से 12:36 बजे, कैम्पियरगंज से 12:57 बजे, पीपीगंज से 1:16 बजे तथा नकहा जंगल से 1:55 बजे छूटकर गोरखपुर 2:30 बजे पहुंचेगी।

## कई ट्रेनों को किया गया निरस्त

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के चलते जम्मूतवी स्टेशन के स्टेब्लिंग लाइन के परिवर्तन के लिए निर्माण कार्य किये जाने के कारण ट्रेनों को निरस्त किया गया है। जानकारी के अनुसार बरौनी से 16 मार्च को चलने वाली 14691 बरौनी जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं जम्मूतवी से 14 मार्च को चलने वाली 14692 जम्मूतवी बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।